

Page 11

खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश



**शशांक सिंह ने सुनाई जादुई पारी की पीछे की कहानी, मैं बॉलर का नाम नहीं देखता**

**कर्नाटक हाईकोर्ट में भरेंगे जजों के खाली पड़े पद, सुप्रीम कोर्ट ने की पांच नामों की सिफारिश**

कृष्ण पक्ष पूर्व भाद्रपद संवत 2080

• औरंगाबाद • शनिवार • 06 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 115 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹69, 980 | ₹81,700 |



## आज का इतिहास

- 1930 : पमहात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर जोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा।
- 1966 : भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।

## न्यूज बाइट्स

### हेमंत सोरेन ने रांची सीजेएम कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**रांची (नि. सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची की सीजेएम कोर्ट के समन को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, रांची की अदालत ने ईडी के समन की अवहेलना मामले में संज्ञान लिया था। ये याचिका उसी के खिलाफ है। गौरतलब है कि प्रर्वतन निदेशालय के असिस्टेंट डायरेक्टर देवब्रत झा ने ईडी की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायत की थी। बता दें कि ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ 19 फरवरी को जांच एजेंसी के समन की अवहेलना मामले में कोर्ट में शिकायतवाद दाखिल किया था।

### जेनेरिक दवाओं के दाम फिर बढ़ेंगा

**भागलपुर (नि. सं.)।** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज कराने के बाद पीएम जन औषधि केंद्र से दवाई देने वालों की जेब पर बोझ आने वाला है। वजह जेनेरिक मेडिसिन के दाम में बढ़ोत्तरी इसी सप्ताह संभव है। दुकानदार दवा की नई लिस्ट का इंतजार कर रहे है। यह आते ही दस से तीस प्रतिशत तक दवा महंगी हो जाएगी। यही बता दे एक माह पहले ही बीपी, मधुमेह, सीरप के दाम को बढ़ाया गया था। ऐसे में अगर एक बार फिर से दाम बढ़ी तो मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जेनेरिक दवाओं का दाम एक माह पहले बढ़ाया गया है। इसमें बीपी, मधुमेह की दवा शामिल है। अस्पताल में सबसे ज्यादा बीपी एवं मधुमेह की दवा लोग खरीदते है। आलम यह है बीपी की दवा आते ही दुकान से खत्म हो जाती है। ऐसे में दवा के दाम में बढ़ोत्तरी से आम मरीजों को मुश्किल होगी। हालांकि अभी पुराने रेट पर दवा बेची जा रही है।

### बिहार में पारा चढ़ा, स्कूलों की बदल सकती है टाइमिंग

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में पारा चढ़ने के साथ ही स्कूलों की टाइमिंग बदल सकती है। गर्मी को देखते हुए डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ने स्कूल खोलने और बंद करने को लेकर एडवाइजरी जारी की है। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शिक्षा विभाग से कहा है, बच्चों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए आवश्यक है कि स्कूल सुबह की शिफ्ट में लगाए जाएं। या गर्मी की छुट्टियां निर्धारित समय से पूर्व घोषित कर दी जाए। एडवाइजरी में गर्मी की स्थिति को देखते हुए स्कूलों को कुछ दिन के लिए बंद करने के लिए भी कहा गया है। छुट्टी के लिए संबंधित जिला पदाधिकारी को समीक्षा करने को कहा गया है। इधर, एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्री को स्कूलों की टाइमिंग को लेकर पत्र लिखा है। प्रो. संजय कुमार सिंह ने पत्र में लिखा, 'इस संबंध कई बार सीएम, शिक्षा मंत्री और विभाग को पत्र लिखा गया है।

चुनाव आयोग ने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिला चुनाव अधिकारियों के साथ की बैठक

# लोस चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

- साल 2019 में कई राज्यों में हुए राष्ट्रीय स्तर से कम मतदान
- साल 2019 में 17 नगरीय क्षेत्र भी ऐसे थे, जहां राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हुआ था।




नयी दिल्ली | एजेंसी

लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) के साथ बैठक की और पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशत होने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बैठक के दौरान निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों से ऐसा माहौल बनाने को कहा जिससे लोग मतदान करने के लिये स्वतः प्रेरित हो सकें।

आयोग ने एक बयान में कहा कि अधिकतर शहरों से आये निगम आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश से चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण पंचायत केन्द्रों (पीसीएस) में मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में आवश्यक चुनाव संदेशों वाले सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता वाहनों को चलाने सहित अभिनव मतदाता जागरूकता अभियानों की कड़ी बनाने, व्यापक प्रसार के लिये उपयोगिता बिलों में मतदाता जागरूकता संदेशों को शामिल करने, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मतदाता जागरूकता मंचों के साथ सहयोग करना और विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है। सम्मेलन में ईसीआई द्वारा मतदाता शिक्षा सामग्री के प्रसार के लिये होर्डिंग्स, डिजिटल स्पेस, कियोस्क और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और अन्य योजनाओं की भी रूपरेखा तैयार की गयी। श्री कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कम मतदाता मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी सहित कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गयी है और लक्षित तरीके से मतदाताओं तक पहुंचने के तरीके खोजने के लिये सभी संबंधित नगर निगम आयुक्तों, डीईओ और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर कतार लगने पर सुव्यवस्थित प्रबंधन, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग, लक्षित पहुंच बनाने और संचार जैसी सुविधा प्रदान करने और लोगों को मतदान केंद्रों पर आने के लिये मनाने के वास्ते आवासीय कल्याण समिति (आरडब्ल्यूए) और युवा प्रभावशाली लोगों तथा महत्वपूर्ण हितधारकों की भागीदारी की तीन-स्तरीय रणनीति पर जोर दिया है।

श्री राजीव कुमार ने चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी के लिये बूथ-वार कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी निगम आयुक्त और जिला चुनाव अधिकारी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिये अलग-अलग रणनीति तैयार करने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों से इस तरह से कार्य करने का आग्रह किया, जिससे मतदाताओं में लोकतांत्रिक कार्यक्रमों में शामिल होने पर गर्व हो और ऐसा माहौल बनाने का आह्वान किया जिससे लोग मतदान करने के लिये स्वयं-प्रेरित हों।

श्री कुमार ने कहा कि 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में 2019 के आम चुनावों में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम रहा था। उन्होंने कहा कि 2019 में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले 11 राज्यों के कुल 50 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में से 40 निर्वाचन क्षेत्रों में 22 निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश और 18 निर्वाचन क्षेत्र बिहार से हैं। उत्तर प्रदेश में 51-फूलपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 48.7 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि बिहार में 29-नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 48.79 प्रतिशन मतदान हुआ था। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने की।

# झामुमो की 21 अप्रैल को रांची में महारैली

निज संवाददाता | रांची



लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर झामुमो विधायक दल की बैठक शुक्रवार को सीएम आवास में हुई। सुबह 11 बजे से शुरू हुई यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली। बैठक में पार्टी ने चुनाव के मद्देनजर रणनीतियों पर चर्चा की। इस दौरान विधायकों को कार्य सौंपे गए। इसमें तय किया गया कि 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में महारैली का आयोजन किया जाएगा। बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि निश्चित रूप से कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव लड़ेंगी। विधायकों व सांसदों की बैठक में झामुमो ने महारैली की रूपरेखा भी तय की। यह महारैली 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में आयोजित की जाएगी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली गयी न्याय यात्रा का समापन भी इस रैली के माध्यम से होगा। वहीं, इस रैली के माध्यम से केंद्र की तानाशाह सरकार को संदेश दिया जाएगा। झामुमो के विधायकों व सांसदों की बैठक के बाद राज्यसभा सांसद महुआ माजी से जब सवाल किया गया कि क्या कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव लड़ेंगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वे गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगी। दिल्ली के रामलीला मैदान में जिस तरह से विशाल जनरैली का आयोजन किया गया था, उसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा भी विशाल जनरैली का आयोजन करने जा रही है। 21 अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा रांची के प्रभाततारा मैदान में विशाल जनरैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में विपक्ष के तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह रैली केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा की होगी। ऐसी विशाल जनरैली झारखंड में आज तक किसी ने नहीं की होगी। बैठक से बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अन्याय के विरोध में होगा। केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ ये महारैली होगी।

## मालदीव ने पीठ में घोंपा छुरा, लेकिन फिर भी मदद को आगे आया भारत



**नई दिल्ली (ए.)।** भारत और मालदीव के बीच पिछले कुछ समय से संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। हालांकि भारत ने इसके बावजूद मालदीव के लिए आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की मंजूरी दे दी है। भारत सरकार ने मालदीव को कई आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है, जिनमें चावल, गेहूं और प्याज जैसी वस्तुएं शामिल हैं। सरकार ने इनके निर्यात पर वर्तमान में प्रतिबंध लगाया हुआ है। दरअसल भारत चावल, चीनी और प्याज का प्रमुख निर्यातक देश है। लेकिन आम चुनाव से पहले स्थानीय कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए इन खाद्य वस्तुओं के निर्यात पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि 1 अप्रैल से शुरू होने वाले 2024/25 वित्तीय वर्ष में मालदीव के लिए इन वस्तुओं के 'निर्यात पर किसी भी मौजूदा या भविष्य के प्रतिबंध से छूट दी जाएगी।

# महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी आरजेडी के साथ 3 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



- राजद ने वीआइपी को तीन सीट देने पर जताई सहमति
- गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर इन सीटों पर बनी बात

निज संवाददाता | पटना

बीते कुछ महीनों से चल रही अनिश्चितता के बीच अंततः राष्ट्रीय जनता दल ने निषाद आरक्षण का मुद्दा उठाने वाली विकासशील इंसान पार्टी को तीन सीटें देने का फैसला कर लिया। वीआइपी को गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर सीटें दी गई हैं। शुक्रवार को राजद कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सहनी को दी जाने वाली सीटों का एलान किया। शुक्रवार को राजद कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआइपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की। तेजस्वी ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए हुआ हमारा यह गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा यह सरकार देश मे संविधान खत्म कर तानाशाही लाना चाहती है। बता दें कि मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव की गतिविधियां शुरू होने के पूर्व से लगातार राजनीतिक दलों के साथ संपर्क बना कर चल रहे थे। एनडीए गठबंधन में बात नहीं बनी तो महागठबंधन के साथ उन्होंने बात शुरू की। लेकिन सीटों को लेकर बात नहीं बन रही थी। लेकिन अंततः आज सहनी की मांग पूरी हुई और उनकी पार्टी तीन सीट पर बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

# एमपी की अदालत ने जारी की लालू की गिरफ्तारी वारंट

निज संवाददाता | पटना

लालू यादव को लोकसभा चुनाव के बीच बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर (मध्यप्रदेश) की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ स्थायी अरेस्ट वारंट जारी किया है। बता दें कि लालू यादव के हथियारों की तस्करी के एक मामले में आरोपित हैं। इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ आरोप लगे हैं। लालू यादव के खिलाफ पहले भी स्थायी वारंट जारी हो चुका है, जिसके बाद उन्हें फरार घोषित कर दिया गया था। हालांकि, उस दौरान इस बात की पुष्टि नहीं सकी थी कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री हैं या कोई अन्य व्यक्ति। बाद में मामला एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचा और प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ही हैं।

वहीं, अब उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस वारंट में नामित व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे तक थाने में अपनी अभिरक्षा में भी रख सकती है।

### क्या है 1995 का ये मामला?



बता दें कि उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित आर्म्स स्टोर के संचालक राजकुमार शर्मा ने हथियार बिक्री का फर्जीवाड़ा किया था, जिसमें ग्वालियर निवासी व प्रकाश आर्म्स स्टोर के संचालक प्रवेश कुमार चतुर्वेदी ने वर्ष 1997 में इंदरगंज थाने में इस बारे में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि राजकुमार शर्मा ने ग्वालियर फर्म से हथियार व कारतूस खरीदे थे और उन्हें बिहार में बेचा था। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था। कोर्ट में पेश किए गए चालान में कुल 23 आरोपित बनाए गए थे, जिसमें लालू प्रसाद याद्रव का भी नाम शामिल है। हालांकि, अब तक इस मामले में पुलिस लालू प्रसाद यादव को पकड़ नहीं सकी है। उल्लेखनीय है कि यह फर्जीवाड़ा 1995 से लेकर 1997 तक चलता रहा। इस दौरान दो आरोपितों की मौत हो गई है।

# गृहमंत्री अमित शाह नौ को औरंगाबाद में करेंगे चुनावी सभा



**पटना (नि.सं.)।** गृहमंत्री अमित शाह 9 अप्रैल को औरंगाबाद में चुनावी को संबोधित करेंगे। पहले वे पटना आएंगे, फिर यहां से चुनावी सभा के लिए वे औरंगाबाद जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि औरंगाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद वे फिर पटना लौटेंगे। पटना में बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ चुनावी रणनीति पर महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर या गया में चुनावी सभा को संबोधित करने की संभावना है। हालांकि अभी प्रधानमंत्री की 16 अप्रैल की तिथि तय कर प्रदेश भाजपा कार्यालय को नहीं मिली है। इसके पहले प्रधानमंत्री की 7 अप्रैल को नवादा में चुनावी सभा होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव भी बिहार में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही इन नेताओं के कार्यक्रम तय किये जायेंगे।

# नेपाली करेंसी, 8774 सिमकार्ड के साथ तीन लोग गिरफ्तार



- गोपालगंज में पकड़ाए अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी, मोबाइल से लाखों के ट्रांजेक्शन के सबूत

निज संवाददाता | गोपालगंज

गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार सवार को रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो कार में रखे भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड और नेपाली करेंसी मिले। साथ ही तीन अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बदमाशों की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के कलिया चौक थाना क्षेत्र के सुजापुर निवासी बेलाल शेख के 24 वर्षीय बेटे मोहम्मद असमाउल शेख, ब्रोमो तोर निवासी रियाजुल शेख के 34 वर्षीय बेटे मोहम्मद इकबाल हुसैन तथा मोसिमपुर निवासी बासेत का 39 वर्षीय बेटा नूर आलम के रूप में की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। यूपी से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कुचायकोट थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यूपी-बिहार के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच की।

# अंतिम संस्कार के लिए जा रहे तीन लोगों की मौत

निज संवाददाता



**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में दाह संस्कार के लिए बक्सर जा रही सवारी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे धनगाई थाना क्षेत्र के ओरैया टोला के पास की है। हादसे में छह से ज्यादा लोग जख्मी हैं। जिनको सदर और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक व्यक्ति की स्थिति चिंताजनक देखकर पटना रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा कि ट्रक ने गाड़ी में टक्कर मार दी जिसके कारण गाड़ी का टायर फट गया। हादसे में गाड़ी का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। इधर, हादसे के बाद शव और दाह संस्कार का सारा सामान सवारी गाड़ी पर ही रह गया। एक्सीडेंट में शव भी सवारी गाड़ी के ऊपर ही बंधा हुआ था जो क्षतिग्रस्त हो गया है। मृतकों की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्वर्गीय मुसाफिर सिंह के बेटे राम लाल सिंह (65), बिंदेश्वरी सिंह के बेटे कमलेश सिंह(40), बबन सिंह के कृष्णा सिंह(40) के रूप में हुई है।

ग्रामीण अभिजीत सिंह ने बताया कि राम लाल सिंह की पत्नी गूंजा देवी की हार्ट अटैक से गुरुवार की दोपहर मौत हो गई थी। उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए बक्सर घाट ले जा रहे थे। तभी औरैया टोला के पास ट्रक वाले ने टक्कर मार दी जिससे गाड़ी पलट गई, जिसकी वजह से तीन लोगों की मौत हो गई है। ग्रामीणों की मदद से स्थानीय थाना को रोड एक्सीडेंट की सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमॉर्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज परिजनों को सूचना दे दी।

इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद धनगाई थाना की पुलिस औरैया टोला के पास पहुंची और जख्मियों को आरा सदर अस्पताल भेज दिया।

# सीबीएसई ने 11वीं-12वीं के परीक्षा फॉर्मेट में किया बदलाव

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए क्लास 11वीं और 12वीं के परीक्षा के फॉर्मेट में बदलाव किया है। इस नए फॉर्मेट के अंतर्गत 11वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में योग्यता आधारित सवाल अधिक पूछे जाएंगे। अब लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर वाले प्रश्नों की संख्या कम रहेगी। वहीं, 9वीं और 10वीं की कक्षाओं के एग्जाम फॉर्मेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 11वीं से 12वीं में 50 प्रतिशत प्रश्न योग्यता आधारित होंगे। इनमें मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन, केस आधारित प्रश्न, स्रोत आधारित एकीकृत प्रश्न होंगे। बीते साल तक ऐसे प्रश्नों की संख्या 40 प्रतिशत थी। अन्य बहुविकल्पीय प्रश्न पहले की तरह 20 प्रतिशत ही होंगे।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com


# पप्पू यादव को ना लालू ने साथ दिया और ना कांग्रेस ने, बीच में फंस गई नैया

निज संवाददाता | पटना



पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय करने के बावजूद वह निर्दलीय ही चुनावी मैदान में उतर गए हैं। उनके इस कदम से कांग्रेस पार्टी खासा नाराज है।

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने गुरुवार को ही पप्पू यादव को नामांकन वापस लेने के लिए कह दिया था। हालांकि, अभी तक पप्पू ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, शुक्रवार को एक बार फिर अखिलेश सिंह ने अपनी बात दोहराई। उन्होंने साफ किया कि सीटों को लेकर कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आला नेतृत्व महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर मुहर लगा चुका है। अखिलेश इस दौरान मीडिया पर भी सख्त रवैया अपनाते हुए दिखे। उन्होंने कहा कि ये आप लोगों (मीडिया) की समस्या है। आप लोग समस्या खड़ी करना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी को कोई समस्या नहीं है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने दोहराया कि किसी भी उम्मीदवार को निर्दलीय लड़ने की इजाजत कांग्रेस पार्टी ने नहीं दी है। हमें 9 सीटें मिली है। 26 सीटों पर राजद को हम समर्थन देंगे और पांच सीटों पर वाम दलों को समर्थन देंगे।

### नामांकन वापस लेना होगा

इससे पहले, गुरुवार को अखिलेश सिंह ने पप्पू यादव को चेतावनी देते हुए साफ कर दिया है कि उन्हें अपना नामांकन वापस लेना होगा। अखिलेश सिंह ने भागलपुर में पार्टी उम्मीदवार अजीत शर्मा के नामांकन के बाद बताया कि महागठबंधन के घटक दल और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नौ सीटों पर बिहार में चुनाव लड़ रही है। कोई भी निर्दलीय के रूप में नामांकन करता है तो वह कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं हो सकता है। कांग्रेस ने पूर्णिया से किसी भी उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्पक्ष, निर्भिक व शांतिपूर्ण चुनाव कराने में प्रशासन को करें मदद :डीएम



**नवादा**। लोकसभा चुनाव के पूर्व जिले के डीएम के तबादले के बाद नवनियुक्त डीएम प्रशांत कुमार एस एच ने अपना योगदान दिया. योगदान के दो घंटे के अंदर पत्रकारों से मुखातिब होते हुये लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भिक व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में अपेक्षित सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि अभी पूरे जिले का भ्रमण करना शेष है। बूथों का जायजा लिया जाना है। चुनाव को चुनौती मानकर शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सुरक्षा के सवालों का जबाब देते हुए कहा इसकी समीक्षा कर जहां जिस प्रकार की आवश्यकता होगी पुरा कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। पत्रकारों को समय समय पर हर संभव तैयारियों की जानकारी उपलब्ध करायी जाती रहेगी। चुनाव कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का कार्य किया जायेगा। मेरी ओर से पत्रकारों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। पत्रकारों के हर सवालों का समय पर जबाब मिलेगा। इसके साथ ही चुनाव तैयारियों से संबंधित कई प्रश्नों का सटीक जबाब दे पहले पत्रकार सम्मेलन में संतुष्ट करने का हरसंभव प्रयास किया। मौके पर अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद समेत जिला कल्याण पदाधिकारी सह प्रभारी जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं मिडियाकर्मी मौजूद थे.

### नवादा से आये सर्जन ने किया 11 महिलाओं का सफल बंध्याकरण



**रजौली**। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में नवादा से आये सर्जन डॉ रामप्रवेश प्रसाद द्वारा 11 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया।अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन एवं जनसंख्या नियंत्रण को लेकर वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को सर्जन के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों के महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस सप्ताह भी आसपास के गांवों से आई 11 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया।उन्होंने कहा कि बंध्याकरण कराने वाली महिलाओं को सरकार के तरफ से प्रोत्साहन राशि के अलावे जरूरी दवाइयां आदि भी दी गई है।साथ ही कहा कि सभी मरीजों को 24 घण्टे चिकित्सकीय निरीक्षण में रखने के बाद घर भेज दिया जाएगा।वहीं बंध्याकरण कराने आई महिलाओं के परिजनों ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा दवाई के साथ-साथ रहने की अच्छी व्यवस्था की गई है।इस मौके पर परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार,जीएनएम अनिल कुमार,पुष्पलता सिन्हा,नूतन कुमारी के अलावे दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### उत्पाद एवं पुलिस बलों द्वारा जांच चौकी पर बढ़ी चौकसी में नहीं मिल रहे शराब



**रजौली**। आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण को निष्पक्ष ढंग से कराने को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बिहार पुलिस बलों द्वारा संयुक्त रूप से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है।जिसका औचक निरीक्षण वरीय पदाधिकारियों के अलावे ऑब्जर्वर के द्वारा भी किया जा रहा है।साथ ही जांच कर्मियों एवं पदाधिकारियों को सम्बंधित महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए जा रहे हैं।पुलिस बलों की बढ़ी चौकसी के कारण शराब बरामदगी,शराब धंधेबाज एवं शराबियों की संख्या काफी कम हो गई है।जबकि पुलिस एवं उत्पाद बलों द्वारा हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के जंगली रास्तों,धमनी पंचायत के बुढ़ियासाख,फरका बुजुर्ग,सवैयाटांड़ एवं अन्य पंचायतों के दूर-दराज जंगली क्षेत्रों में लगातार शराब निर्माण, परिवहन,सेवन,बिक्री एवं भंडारण आदि के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।वहीं जांच चौकी से पहले बिहार-झारखण्ड की सीमा पर के कोडरमा पुलिस-प्रशासन द्वारा बिहार के प्रवेश द्वार पर अस्थाई जांच चौकी का होना भी माना जा रहा है।इसलिए भी लोग पहले की अपेक्षा थोड़ा ज्यादा सतर्क होकर चल रहे हैं।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि गुरुवार की शाम से लेकर शुक्रवार की सुबह तक कुल 11 शराब पीने वाले लोगों को हिरासत में लिया गया है एवं न्यायालय में पेश किया गया।सभी शराब पीने वाले लोगों ने न्यायालय में जुर्माना की राशि जमा कर अपने-अपने गंतव्य स्थान को चले गए हैं।

### शराब मामले में फरार चल रहे धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रजौली**। थाना क्षेत्र के डीह रजौली से एसआई गौतम कुमार ने शराब मामले में एक सप्ताह से फरार चल रहे शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते 27 मार्च की रात्रि लगभग 8:30 बजे संध्या गस्ती के दौरान डीह रजौली निवासी द्वारिका चौधरी के पुत्र दिनेश चौधरी के घर में शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस बलों के साथ छापेमारी की गई थी।छापेमारी के दौरान दिनेश चौधरी के घर से प्लास्टिक के पाउच में रहे कुल 10 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया था।जबकि शराब धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।वहीं जब्त शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई थी।इसी बीच वांछित शराब धंधेबाज को एसआई गौतम कुमार ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार शराब धंधेबाज को स्वास्थ्य जांच के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### सुगमता एक्सप्रेस रथ के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को,मताधिकार करने के प्रति जागरूक किया गया

**(हसनगंज)कटिहार**। हसनगंज प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में शुक्रवार को दिव्यांग मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने व मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधा की जानकारी प्रदान करने हेतु सुगमता एक्सप्रेस का परिचालन किया गया. जिसको लेकर बीडीओ रितेश कुमार ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रखंड क्षेत्र में सुगमता एक्सप्रेस रथ का परिचालन कर दिव्यांग मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही उनको मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधा की जानकारी प्रदान की गई. बताया सुगमता एक्सप्रेस के माध्यम से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था, व्हीलचेयर, दवा की व्यवस्था, हेल्पलाइन नंबर व सक्षम ईसीआई एप के संबंध में जानकारी दी गई. लोकसभा आम चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सुगमता एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है. बताया सुगमता एक्सप्रेस एक संजीवनी वैन है, जिसका लक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुगम निर्वाचन के उद्देश्यों को पूरा करना है.

# हलफनामाः-1.10करोड़ की मालकिन हैं बीमा, तारिक अनवर से अधिक अमीर हैं उनकी पत्नी हेना

## तो किशनगंज के जावेद हैं सबसे अमीर प्रत्याशी,कई फर्म में भी है निवेश

निज संवाददाता। **कटिहार**





**1.10 करोड़ की चल-अचल संपत्ति की मालकिन हैं बीमा भारतीः-** पूर्णिया से राजद प्रत्याशी के रूप में बीमा भारती ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वे रूपौली विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुकी हैं। इस बार जदयू से इस्तीफा देकर राजद से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। अपने नामांकन के दौरान उन्होंने जो हलफनामा दायर किया है, उसमें उन्होंने अपनी आय का ब्योरा प्रस्तुत किया है। उनके पास कुल 1,10,48,999 की चल-अचल संपत्ति है। उनके पति अवधेश मंडल के पास 27,70,266 रुपये की संपत्ति है। उन्होंने प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके विरुद्ध रुपौली और भवानीपुर थाने में तीन मामले दर्ज हैं। इनमें दो मामले आचार संहिता उल्लंघन के हैं जबकि एक प्रताड़ना का मामला है। किसी भी मामले में दोष सिद्ध नहीं। हुआ है। बीमा भारती ने आयकर

- आचार संहिता उल्लंघन और प्रताड़ना के तीन मामले हैं थाने में

पति के पास 2,75,000 व बीमा के पास 45 हजार रुपये नकद इसके अनुसार उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 34,300 रुपये आयकर दिया है। उनके पति अवधेश मंडल उनसे अधिक आयकर देते हैं। उन्होंने 4,83,070 रुपये का आयकर दाखिल किया है।उनके पास नकद 45,000 रुपये हैं, जबकि उनके पति के पास 2,75,000 रुपये हैं।

**तारिक अनवर से अधिक अमीर हैं उनकी पत्नी हेना हैः-**

- तारिक के पास 81 लाख तो पत्नी को एक करोड़ के गहने
- पत्नी के पास पजेरो स्पोर्ट्स तो पति रखते हैं मारुति इको
- पोस्ट आफिस और बीमा कंपनी में 10 लाख का निवेश

संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से अधिक अमीर उनकी पत्नी हेना तारिक हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर दिए गए हलफनामे में कांग्रेस प्रत्याशी ने इसकी जानकारी दी है। तारिक अनवर के पास बैंक, निवेश, बीमा व नगद कुल एक करोड़ 11 लाख 15 हजार 211 रुपये हैं। उनकी पत्नी हेना तारिक के पास बैंक में जमा सहित बीमा, निवेश व नगद के तौर पर दो करोड़ 40 लाख एक हजार 89 रुपये हैं। इनके बेटे आरिब हुसैन के पास 24 लाख 50 हजार, बेटी अनूम अनवर के पास 10 लाख बैंक, बीमा व नगद के रूप में और दूसरी बेटी अलीजा अनवर, के पास 24 लाख 50 हजार रुपये हैं।

**जावेद हैं सबसे अमीर प्रत्याशी कई फर्म में भी है निवेशः-** किशनगंज लोकसभा चुनाव, 2024 में प्रमुख पार्टियों की ओर से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में सबसे अधिक धनवान पूर्व सांसद सह वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी डा. जावेद आजाद हैं। उनकी पत्नी के नाम से भी काफी संपत्ति है। चल और अचल दोनों संपत्तियों में वह एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम और एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान से काफी आगे हैं। प्रमुख पार्टियों में सबसे कम संपत्ति एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान के पास है। जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम भी कांग्रेस के डा. जावेद आजाद से काफी पीछे हैं। एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान पर विभिन्न थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं। मुजाहिद आलम पर एक मुकदमा दर्ज है। नामांकन डा. जावेद आजाद के दर्ज हलफनामे के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी डा. जावेद आजाद के पास नकदी, बैंक खातों और विभिन्न फर्म एवं संस्थानों में निवेश के रूप में 3,98,06,392.68 रुपये हैं। उनकी पत्नी के पास 3,38,69,551.54 रुपये नकदी, खातों में एवं विभिन्न फर्म में निवेश के तौर पर हैं। इनमें जेवरात की कीमत भी शामिल है। दर्ज हलफनामे के अनुसार जावेद आजाद के पास नकदी 3.50 लाख रुपये व उनकी पत्नी के पास चार लाख रुपये हैं।

## पीएम के नवादा में 7 अप्रैल को होने वाली सभा की सफलता को ले भाजपा ने किया बैठक

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



नवादा संसदीय सीट से एनडीए उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में 7 अप्रैल को कुंती नगर, में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली सभा की सफलता के लिए भाजपा विधानसभा कार्यालय में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई. काशीचक के पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वारिसलीगंज प्रखंड के 16 पंचायत तथा नगर परिषद के कुल 25 वार्ड के पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. बैठक को संबोधित करते हुए अखिलेश सिंह ने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के लिए इस बार के लोकसभा चुनाव में नवादा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर को विजय श्री दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करें. सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि श्रवण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में 7 अप्रैल को लाखों की संख्या में नवादा कुंती नगर पहुंचाने का आग्रह किया. जिला पार्षद अंजनी कुमार ने एनडीए कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए नवादा से विवेक ठाकुर की जीत दिलाने का आह्वान किया. बैठक का संचालन करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री सह वारिसलीगंज विधानसभा चुनाव प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने भाजपा, लोजपा, रालोजपा तथा हम के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान से लग जाने का आग्रह किया. बैठक को भाजपा नेता श्यामसुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, शैलेंद्र सिंह, निरंजन कुमार, अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, गोपाल कुमार सोनू, रंजन कुमार, संजय कुमार मंगल, सनोज साव, दीनदयाल भगत, विजय मांझी, शेष कुमार, सियाराम सिंह, प्रियरंजन श्रीनिवास, पवन बंका, सुमन कुमार, चंदन कुमार, मिथिलेश पासवान, कार्यानंद शर्मा, राहुल कुमार आदि ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों से 7 अप्रैल की प्रधानमंत्री की नवादा की चुनावी सभा में काफी संख्या में भाग लेने का निवेदन किया.

## मतदान करने के लिए लिया संकल्प

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



18 वीं लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान की महत्ता के बारें में जहां कहा,वही आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अपील की। यह कार्यक्रम शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहजपुरा के परिसर में हुआ। आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदी ने बैठक की। और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संकल्प ली। कहा गया पहले मतदान करेंगे,तब जलपान करेंगे,मेरा पहला वोट देश के लिए,मेरा वोट, मेरा कर्तव्य,लोकतंत्र का महापर्व है,जात पात से ऊपर उठकर हमसभी को निभाना है। उक्त बातें कह कर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपील की। आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में जीविका दीदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आगामी 19 अप्रैल 2024 को नवादा लोकसभा चुनाव है। मौके पर जीविका दीदी सरिता देवी, सुमित्रा देवी,मीना देवी,सुनीता देवी,दुलारी देवी,किरण देवी,सीमा देवी,रीना देवी समेत अन्य जीविका दीदी ने आसपास के लोगों को जागरूक करने व मतदान करने का संकल्प लिया।

## जात पात और प्रलोभन से ऊपर उठकर करें मतदान

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**



प्रखण्ड क्षेत्र के युवा मतदाता जो पहली बार 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे, इसको लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। युवावों का कहना है कि जात पात और प्रलोभन से ऊपर उठकर मतदान कर सही उम्मीदवार का चयन करें तभी हमारे देश का विकास होगा। युवा और भावी मतदाता के रूप में छात्र छात्राएं है, युवाओं को चाहिए कि अपने परिवार और आस पड़ोस के लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। सभी कामों को छोड़ कर सबसे पहले मतदान करें। सही उम्मीदवार का चयन कर मतदान करें जिससे हमारे देश और गांव का विकास हो सके। प्रवीण कुमार ओलिपुर ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करें। सौरव कुमार, निशांत कुमार ओलिपुर ने कहा कि मतदान उनका अधिकार है तो कर्तव्य भी है। क्षेत्र का विकास ही राष्ट्र का विकास का पैमाना होता है। क्षेत्र का जितना विकास होगा उतना ही लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रभात कुमार बाजितपुर, मुकेश कुमार संगम हसनपुरा से पूछा गया आप किस मुद्दे को लेकर वोट करेंगे। तो उनका जवाब था, हम किसी पार्टी को नहीं बल्कि वैसे उम्मीदवार को वोट करेंगे जो देश की विकास करेगा। युवा वर्ग देश के मंहगाई बेरोजगारी को लेकर चिंता जताया। इसमें भी सुधार की आवश्यकता है। युवाओ ने शिक्षा के लिए भी बड़ी बात कही की कुछ स्कूल में बेहतर शिक्षा का आभाव है। युवाओं ने बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली पर सरकार को धन्यवाद दिया। युवाओं ने स्वास्थ व्यवस्था में बदहाली पर प्रहार करते हुए कहा की हमारे यहाँ स्वास्थ्य की मूल भुत सुविधा नहीं है, इससे गरीबों को परेशानी होती है। युवाओं ने कहा की आयुष्मान कार्ड के साथ हरेक क्षेत्र में बेहतर अस्पताल का निर्माण हो जिससे इलाज के लिए लोगों को बाहर नही जाना पड़े। युवाओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास लिए अच्छे प्रत्याशी का चयन करना हम लोगों का मतदान का मुख्य उद्देश्य होगा।

## हसनगंज में पढ़ी गई अलविदा की नमाज, गुनाहों की माफी के साथ मांगी अमन चैन की दुआ

निज संवाददाता। **(हसनगंज)कटिहार**

हसनगंज प्रखंड में पाक रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को हसनगंज प्रखंड के सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ी गई. इस दौरान अकीदतमंदों ने अमन चैन की दुआ मांगी. अलविदा नमाज को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला. गौरतलब हो कि रमजान माह में लोग रोजा रखे हुए हैं. एक माह तक रोजा रखा जाता है। मौके पर ईटवा, हसनगंज, मझला टोला ढेरुआ के जमा मस्जिद के इमामों ने कहा कि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की बारगाह में जितनी भी इबादत कर लें कम है. रोजा रखने के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज पढ़ें.

कुरान-ए-पाक की तिलावत करते रहें. कहा कि रमजान में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है. रमजान में जितना हो सके गरीब व असहायों की मदद करें. उन्होंने ने कहा यूं तो हर जुमा खास होता है, लेकिन अलविदा जुमा खास मखास होता है। इस जुमे की नमाज मुकद्दस रमजान की विदाई का सूचक माना जाता है.

## अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज



निज संवाददाता। **कटिहार**

माह ए रमजान की आखरी अशरे चल रहा है। आखरी अशरे में मुस्लिम भाई जहन्नम की आग से निजात पाने के लिए लगातार दुआ मांग कर अल्लाह के फर्श पर अपना जगह बना रहे हैं । इस दौरान अलविदा जुमाज की नमाज के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमर पड़ी ।भीड़ को देखते हुए मस्जिद के व्यवस्थापको ने मस्जिद चौक आजम नगर सुन्नी मस्जिद आजमनगर मस्जिद मसलटोली आदि सहित लगभग सभी मस्जिदों में नमाजियों को बैठने के लिए अलग से व्यवस्था किया गया था। प्रखंड क्षेत्र के सभी जामे मस्जिदों में अकीदत के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई।अजान सुनते ही जवानों एवं बुजुर्गों के साथ बच्चे भी अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में पहुंचने लगे। इस बाबत मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।मौलानाओं ने अपने तकरीर में पाक रमजान माह की फजीलतों एवं अलविदा जुमा की अहमियत पर रोशनी डालते हुए रोजेदारों से ईद की नमाज अदा करने से पहले फितरा अदा करने को कहा तथा इस माह में दिल खोलकर जकात व खैरात बाटने की नसीहत दी। फितरा की अदायगी के लिए 2 किलो 45 ग्राम गेंहू या उसके बदले वर्तमान बाजार भाव की कीमत से रुपया गरीब,लाचार,विधवा,मदरसा आदि में बांटने का प्रावधान निहित है। ईद की नमाज अदा करने से पूर्व जन्मे बच्चे का भी फितरा अदा करना पड़ेगा। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने सादगी के साथ देश में अमन शांति,तरक्की एवं आपसी सद्भाव कायम रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब कारोबारियों पर पूर्णिया पुलिस की कार्रवाई लगातार है जारी

निज संवाददाता। **पूर्णिया**



इसी क्रम में दिनांक 04.04.2024 को सूचना मिली कि मालदा से शराब की एक बड़ी खेप पिकअप गाड़ी से पूर्णिया आ रही है तथा उस गाड़ी को एक स्कॉर्पियों से स्कॉर्ट किया जा रहा है। जिसको विभिन्न थाना क्षेत्रों में खपाया जाऐगा। तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय, पूर्णिया के दिशा-निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय, सदर, पूर्णिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा मरंगा थानान्तर्गत उफरैल चौक पर काफी मशक्कत के बाद दोनो गाड़ियों को रोका गया एवं पिकअप गाड़ी पर लदे हुए पुआल के नीचे से एवं स्कॉर्पियो के डिक्की से कुल 101 कार्टून विदेशी शराब, जिसकी कुल मात्रा 997.275 लीटर शराब बरामद किया गया और कुख्यात शराब कारोबारी मो० तफीजुल एवं नीतीश कुमार उर्फ बंटी यादव के साथ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। मो० तफीजुल एवं नीतीश कुमार उर्फ बंटी यादव पिछले महीने में एस०एस०बी० के साथ होने वाले पत्थरबाजी की घटना में भी वांछित है। इसके अलावे पिछले महीने की 11 तारीख को के० नगर थानान्तर्गत की बड़ी खेप कोठीघाट में बरामद में बरामद हुई थी। उस घटना में भी यह वांछित है। इसके अलावे तफीजुल एवं बंटी यादव पूर्णिया और अररिया के कई थाना में वांछित है। इनके अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। बरामद शराब के बैकवॉर्ड एवं फारवॉर्ड लिंकेज के संबंध में पूछताछ के क्रम में कई तथ्य सामने आये है, जिसपर छापेमारी जारी है।

**बरामदगीः- 01.** 101 कार्टून विभिन्न ब्रांड का विदेशी शराब कुल मात्रा 997.275 लीटर, **02.** एक स्कॉर्पियो, **03.** एक बोलेरो पिकअप, **04.** 06 मोबाईल फोन

**गिरफ्तारीः - 01.** संजय मंडल पिता स्व० विश्वनाथ मंडल सा० खुटहा रजई लक्ष्मीपुर थाना श्रीनगर जिला मधेपुरा, **02.** मो० माजिद पिता मो० इबरार आलम सा० रजोखर थाना रानीगंज जिला अररिया, **03.** फखरूद्दीन आलम पिता अलीमुद्दीन सा० रजोखर थाना रानीगंज जिला अररिया. **04.** तफीजुल पिता स्व० शर्जुद्दीन सा० रामपुर थाना रानीगंज जिला अररिया, **05.** नीतीश कुमार उर्फ बंटी पिता विद्यानंद यादव सा० मंसूरिया थाना सरसी जिला पूर्णिया।

**मे० तफीजुल का अपराधिक इतिहासः- 01.** रानीगंज थाना कांड सं0-583/20 दिनांक 13.12.2020 धारा-147/ 148/149/241/323/307/379/427/504/506

**भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट- 02.** रानीगंज थाना कांड सं0-305/21 दिनांक 14.10.21 धारा-30 (ए)

**बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम- 03.** जोकीहाट (महलगाँव) थाना कांड सं0-20/21 दिनांक 11.01.2022 धारा-272/273/34 भा०द०वि० एवं 30 (ए) बिहार

**मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम- 04.** रानीगंज थाना कांड सं0-385/23 दिनांक 14.09.2023 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम (वांछित) 05. रानीगंज थाना कांड सं0-436/23 दिनांक 15.11.2023 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम

**छापामारी दल के सदस्यः- 01.** पु०नि० रूपक रंजन सिंह, **02.** पु०अ०नि० अभय रंजन, **03.** पु०अ०नि० उत्तम कुमार, **04.** सि0/365 श्रवन कुमार सिंह , **05.** सि०/509 अशोक कुमार सिंह, **06.** डी००आई०यू० पूर्णिया की टीम

डीएम-एसपी ने लोगों को वोट देने के लिए किया जागरूक

# डीएम और एसपी ने अधौरा पहाड़ी के 46 बूथों का किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**अधौरा (कैमूर)।** कैमूर का अधौरा पहाड़ी कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था, प्रशासनिक सुरक्षा को लेकर बूथ को शिफ्ट कर देता था। बूथ शिफ्ट होने के कारण लोगों को अपने गांव से पहाड़ी रास्ता 8 किलोमीटर तय कर मतदान करने के लिए जाना पड़ता था, जिससे कई लोग तो मतदान स्थल तक पहुंच भी नहीं पाते थे और लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता था। कैमूर डीएम सावन कुमार और एसपी ललित मोहन शर्मा ने इस बार अधौरा पहाड़ी के 46 बूथों का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों से बात कर एक भी बूथ शिफ्ट नहीं करने का निर्णय लिया है जिससे ग्रामीणों को मतदान करने के लिए दूसरे गांव में 8 -10 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। सावन कुमार ने बताया कि पहले मतदान के समय बूथ शिफ्ट होता था जिससे मतदान के लिए 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता था। इस बार मैंने और एसपी द्वारा संयुक्त रूप से अधौरा पहाड़ी इलाके के दर्जनों गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को मतदान करने को लेकर खुद जागरूक किया और बूथ नहीं शीफ्ट करने का आश्वासन दिया है। सुरक्षा को लेकर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। सेमरा बघेल ,सारोदाग, सरकी, चफना का बूथ शिफ्ट होता था, जो अब नहीं होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वच्छ वातावरण में मतदान करने का अपील की गई है,उसको लेकर पब्लिक से भी हम लोग लगातार बात कर रहे हैं। कैमूर के अधौरा और चैनपुर पहाड़ी क्षेत्र जो दुर्गम इलाका है वहां बुथ शिफ्ट होता था। इस बार हम लोग ने निर्णय लिया है कि एक भी बूथ शिफ्ट नहीं होगा। स्थानीय लोगों ने बताया था कि काफी कठिनाई होती थी। सुरक्षा का मुआयना कर रहे हैं। लोगों को विश्वास दिलाया जा रहा है कि हम लोग पहाड़ों पर भी अच्छे से चुनाव करा लेंगे। एक भी बूथ को शिफ्ट नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावी इलाका पहले से रहने के कारण इस हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था चुनाव के मद्दे नजर रखी जाएगी।

## मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** जिला समाहरणालय स्थित डीएम कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को मतदान में कम सहभागिता विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारत सरकार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की तथा इसमें कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व प्रमुख नगर निकायों के नगर आयुक्त भौतिक रूप से उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विगत लोकसभा चुनाव में कुछ राज्यों में मतदान का प्रतिशत देश के औसत मतदान प्रतिशत से कम रहने के विषय में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए विश्लेषण एवं शोध कार्य के संबंध में सभी सहभागी पदाधिकारियों से परिचर्चा करना तथा उनसे प्राप्त फीडबैक के आधार पर इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्य योजना बनाना है। भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न पदाधिकारी द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से



1951 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव में विभिन्न क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत का ग्राफिकल प्रदर्शन किया गया और किन-किन क्षेत्र विशेष तथा नगर निकाय क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहा है, उस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नगर क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत की तरफ विशेष रूप से सबक ध्यान आकृष्ट कराया गया। चुनाव का पर्व देश का गर्व इस सकारात्मक नारे के साथ सभी सहभागी पदाधिकारियों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न पदाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। मतदान करने में मतदाता किस प्रकार से प्रसन्नता महसूस करें और मतदान के प्रति उनका रुझान बड़े इस पर विशेष रुप से परिचर्चा की गई। वहीं लोस चुनाव में गर्मी से बचाव के लिए किए जाने वाले उपाय जैसे शेड, पीने का पानी इत्यादि सुविधाओं को प्रदान करने के लिए विमर्श किया गया तथा अंत में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में एक बुकलेट का लोकार्पण किया गया। सम्मेलन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवीन कुमार, नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी पुष्कर कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी धर्मवीर सिंह सहित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी नेहा कुमारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन दोस्तों के साथ पोखर में नहाने गए एक किशोर की पानी में डूबने से मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के सिरिसियां गांव के बधार में स्थित चनवा पोखर में शुक्रवार की दोपहर तीन दोस्तों के साथ पोखर में नहाने गए एक किशोर की मौत पानी में डूबने से हो गई। मृतक किशोर बक्सर के मुरार थानान्तर्गत मुरार गांव निवासी ओमप्रकाश गुप्ता का बेटा अजित कुमार(13) है। जानकारी के अनुसार मृतक अजित शुक्रवार की दोपहर सिरिसियां गांव के दो किशोरों के साथ चनवा पोखर में नहाने गया था। तीनों किशोर जैसे ही नहाने के लिए पोखर में उतरे तभी तीनों गहरे पानी में फस कर डूबने लगे। इसी दौरान सिरिसियां गांव के एक युवक की नजर पानी में डूब रहे किशोरों पर पड़ी। उसने तुरंत पानी में कूदकर डूब रहे दो किशोरों को पानी से बाहर निकाल लिया। लेकिन तीसरा किशोर पानी भरे गहरे गड्ढे में फंस गया। किशोर के पानी में



डूबने की सूचना पर पहुंचे स्थानीय गोताखोरों ने काफी मशक्कत करने के बाद किशोर को ढूंढ निकाला। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से किशोर को करगहर स्थित सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोर कुछ दिन पहले सिरिसियां निवासी अपने नाना श्रीनिवास साह के घर आया था। किशोर अपने ननिहाल में अपनी नानी लाचो देवी के श्राद्धकर्म में गया था। ननिहाल पक्ष के अनुसार मृतक किशोर की नानी का श्राद्धकर्म आगामी 9 अप्रैल को है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रशिक्षु डीएसपी सह करगहर थानाध्यक्ष पंकज कुमार और सीओ अजित कुमार द्वारा पानी में डूबे किशोर को इलाज के लिए पुलिस की गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा किशोर को मृत घोषित कर दिया गया। मृत घोषित कर देने के बाद दोनों अधिकारियों की उपस्थिति में किशोर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## शो-रुम से बिना निबंधन व नंबर प्लेट के वाहन निकली तो कार्रवाई

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** शो-रुम के बाहर बिना रजिस्ट्रेशन व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के वाहन निकली तो संबंधित वाहन मालिक के साथ डीलर पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत वाहन कंपनी के डीलर से जुर्माना और रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की भी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने डीएम व एसपी को पत्र जारी किया है। कहा है कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता और कानून-व्यवस्था की बहाली के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर सख्ती बरतें।

## छात्र-छात्राओं ने डीएम से लगाई गुहार शिक्षा विभाग के आदेश के खिलाफ की मांग

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** कसवां गांव के छात्र एवं छात्राओं ने डीएम से गुहार लगाई है। आवेदन दिया है कि हम लोगों के बगल में निहालपुर के समीप ज्ञान दीप उच्च विद्यालय एक किलोमीटर दूरी पर है। जहां हम लोग नामांकन करना चाहते हैं, जबकि अपने पंचायत के विद्यालय की दूरी 5 किलोमीटर है। सुरक्षा की दृष्टि से भी हम लोग उस विद्यालय में जाने में खतरा हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम लोगों को ज्ञानपीठ विद्यालय में नामांकन करने के अनुमति दीजिए। शिक्षा विभाग द्वारा जारी इस आदेश को लेकर लगातार विभिन्न पंचायत के छात्र एवं छात्राओं के डीएम से गुहार लगा रहे हैं। मांग कर रहे हैं कि इस नियम को बदला जाए जिससे छात्रों को परेशानी न हो। बता दें कि जब से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर केके पाठक पद स्थापित हुए हैं, तब से शिक्षा विभाग में हलचल मचा हुआ है। शिक्षा विभाग द्वारा नया फरमान जारी किया गया है कि जो छात्र जिस पंचायत के निवासी होगा, उस पंचायत के उच्च विद्यालय में उस छात्र एवं छात्राओं का नामांकन किया जाएगा।

## ट्रैफिक नियमों का पालन को लेकर पुलिस पदाधिकारी एवं वाहन चालकों की बैठक

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को वाहन चालकों के साथ बैठक की गई। इसमें ऑटो चालकों के साथ वाहन चालक मौजूद रहे। इस बैठक में पुलिस पदाधिकारी ने मौजूद वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए कहा है। गौरतलब हो की बीच सड़क पर ऑटो चालक द्वारा गाड़ी खड़ी किए जाने के कारण जाम की समस्या बन जाती है। इसी को देखते हुए शहर में परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न जगह स्टॉपेज बनाया गया है, जहां ऑटो चालक गाड़ी खड़ा कर यात्री को उतार सकेंगे। यात्री लेकर दूसरे स्थान पर जा सकेंगे। इसी को लेकर इस बैठक का आयोजन किया



गया। सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारी ने लोगों को यातायात नियमों को बताया और कहा कि जो लोग कानून का उल्लंघन करेंगे उन पर नियमानुसार दंड लगाया जाएगा। ऑटो संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी गाड़ी चालकों से कहा गया है कि यातायात नियमों का पालन करें। जिस स्थान पर ऑटो स्टैंड बनाया गया है, उसी स्थान पर यात्री उतारे और उसी स्थान से यात्री को लेकर दूसरे स्थान पर जाएं इसके लिए पहल की जा रही है और यातायात नियम का पालन किया जाएगा।

## 80 बीघा में गेहूं की फसल जलकर राख

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** करगहर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत मोबीनपुर गांव के दक्षिण पश्चिम बधार और बिलारी गांव के पूरब स्कूल के समीप शुक्रवार की शाम गेहूं की फसल की हार्वेस्टिंग के दौरान अचानक आग लग गई। आग से खेत में खड़ी 80 बीघा की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना की जानकारी मिलने बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज पछुआ हवा के कारण खेतों में आग तेजी से फैलती चली गयी। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों की सूचना दी। इसके बाद प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आपदा विभाग की टीम और फायर ब्रिग्रेड की टीम के कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया। फायर ब्रिग्रेड के टीम द्वारा स्थानीय लोगों की सहयोग से काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

गुप्ताधाम जा रहे सवारियों से भरी पिकअप पलटी

## सड़क दुर्घअना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** करगहर प्रखंड मुख्यालय के किरासन डीपो के समीप शुक्रवार देर शाम जबरदस्त सड़क दुर्घअना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिनमें से आधा दर्जन की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के बाद सदर अस्पताल सासाराम के लिए रेफर कर दिया गया। सभी घायल बक्सर जिले के बक्सर थाना के गगौरा गांव के हैं, जो एक पिकअप में सवार होकर गुप्ताधाम जा रहे थे। बताते हैं कि पिकअप में तिरपाल बांध कर दो दर्जन से अधिक लोग सवार थे। पिकअप चैसा-सासाराम पथ पर



जैसे ही किरासन डीपो के पास पहुंची, एक बाइक सवार को बचाने में पलट गई। पिकअप पलटते ही उसमें सवार अधिकांश लोग घायल हो गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, करगहर पहुंचाया। बताते हैं कि सभी घायल गगौरा गांव के ही हैं। घायलों में लालती देवी 40 साल, फूल कुमारी 30 साल, मनोज साह 40 साल, राधिका देवी, 35 साल, सोनू कुमार 25 साल, ललन यादव 70 साल, बिरेंद्र यादव 50 साल, हीरा मातों देवी 55 साल, विरेंद्र यादव 50 साल, छठिया देवी 60 साल, गिरीजा देवी 45, गीता देवी 50, लालती देवी 50 साल समत एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। सीएचसी के डॉ अनिल कुमार ने बताया कि आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोट लगी है। कुछ की हालत गंभीर है, सभी को रेफर कर दिया गया है। करगहर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी पंकज कुमार ने बताया कि पिकअप पलटने से उसमें सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है, जहां से रेफर किया गया है।

## ईंट भट्ठा मालिक से मांगी लेवी, एक नक्सली गिरफ्तार

निज संवाददाता

**अरवल।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से पहले जिले में नक्सलियों की धमक दिखाई देने लगी है। एक बार फिर नक्सलियों की सक्रियता बढ़ गई है। ताजा मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के सिमुआरा गांव की हैं। जहां ईट भट्ठा के मालिक मनोज कुमार शर्मा से नक्सलियों ने लेवी की डिमांड की। नक्सलियों ने ईट भट्टे पर पहुंचकर ईट भट्ठा मालिक से 59 हजार रुपये लेवी की डिमांड की नहीं देने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भरा पर्चा देकर चले



गए। इसके बाद भट्ठा संचालक के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नक्सली को गिरफ्तार किया है इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने बताया कि गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के इजमाइल बलवा गांव से सत्येंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही हैं। पूछताछ में बताया कि उसके साथ पांच और भी लोग शामिल है जो गया और अरवल जिले में कई भट्ठा संचालकों से लेवी की डिमांड करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सली के मोबाइल फोन की वैज्ञानिक अनुसंधान कर छापेमारी कर रही है और जल्दी अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी फिलहाल गिरफ्तार आरोपी की अपराधिक कुंडली पुलिस कंगाल रही है इसके खिलाफ गया जिले के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सली की निशान देही पर छापेमारी कर रही हैं।

## पीआरएस समेत अन्य कर्मियों के कार्यों की होगी जांच

**तिलौथ (रोहतास) (नि.सं.)।** मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच वरीय अधिकारियों द्वारा करायी जाएगी। इसकी जानकारी मिलने के बाद पीआरएस समेत कई कर्मियों में हड़कंप है। सभी गांव-पंचायत में पीले रंग की पट्टी पर महात्मा गांधी की फोटो के साथ बिहार का सरकार का लोगों वाला पौधा साथ में दिखता है। जिस पर प्राक्कलन राशि के साथ कार्य करने वाली एजेंसी का नाम अंकित रहता है। बाद में उक्त शीलापट्ट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाता है।

## बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी : पीएसआई

निज संवाददाता

**कुर्थ (अरवल)।** कुर्था थाना में पदस्थापित पीएसआई रिंकू कुमारी ने नगर के बैंकों का निरीक्षण कर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल की। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्युरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों के सुरक्षा के साधनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आदि में प्रवेश कर लोगों की जांच पड़ताल की। जांच के दौरान सभी बैंकों में लगे सिक्युरिटी अलार्म को बजाकर देखा और सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने कहा कि बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि किसी



भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे। मौके पर मौजूद सुरक्षा में तैनात गार्ड को पीएसआई रिंकू कुमारी ने कई दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ईद लेकर बैंकों में होने वाली भीड़ पर सतर्क रहें तथा उन्होंने लोगों से बैंक आने के उद्देश्य, उनके पासबुक समेत अन्य कागजात की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही बैंक परिसर में उपस्थित सुरक्षा गार्ड व सैप जवानों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया। शाखा प्रबंधक समेत कर्मियों को बैंक में भीड़ से बचने के लिए क्रमांक प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया, ताकि भीड़ पर नियंत्रण हो सके। साथ ही उन्होंने गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। वहीं बैंक के अगल- बगल व सामने के दुकानों का भी निरीक्षण किया।

## रक्सौल-हावड़ा एवं कोलकाता-जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल-हावड़ा एवं कोलकाता-जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। रक्सौल और हावड़ा के मध्य समर स्पेषल ट्रेन 13.04.2024 से 16.06.2024 तक जबकि जयनगर-कोलकाता समर स्पेषल ट्रेन 12.04.2024 से 15.06.2024 तक परिचालित की जाएगी। 1. गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशलः गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल दिनांक 13.04.2024 से दिनांक 15.06.2024 तक हावड़ा से प्रत्येक शनिवार को 23.00 बजे खुलकर अगले दिन रविवार को 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशलः गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल दिनांक 14.04.2024 से 16.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर अगले दिन सोमवार को 08.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन हावड़ा और रक्सौल के बीच बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया स्टेशनों पर रूकेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 02 कोच, शयनयान श्रेणी के 09 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच लगेंगे। 3. गाड़ी संख्या 03185 कोलकाता-जयनगर स्पेशलः गाड़ी संख्या 03185 कोलकाता-जयनगर समर स्पेशल दिनांक 12.04.2024 से दिनांक 14.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को कोलकाता से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 14.15 बजे जयनगर पहुंचेगी। 4.गाड़ी संख्या 03186 जयनगर-कोलकाता समर स्पेशलः गाड़ी संख्या 03186 जयनगर-कोलकाता समर स्पेशल दिनांक 13.04.2024 से 15.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को जयनगर से 15.25 बजे खुलकर अगले दिन रविवार को 05.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में जयनगर-कोलकाता समर स्पेशल ट्रेन कोलकाता और जयनगर के बीच बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा स्टेशनों पर रूकेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 01 कोच, वातानुकूलित चेयर कार श्रेणी के 01 कोच, चेयर कार के 07 कोच, शयनयान श्रेणी के 02 कोच तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच लगेंगे।

## बालू लदे ट्रक एवं डंफर में जोरदार टक्कर, चालक बुरी तरह घायल

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज-डुमरांव मुख्य पथ पर शुक्रवार को तेंदुनी टोला के समीप बालू लदे ट्रक एवं डंफर में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक चालक बुरी तरह जख्मी नासरीगंज की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रक एवं मलियाबाग की ओर से आ रहे डंफर में जोरदार टक्कर हो गई। बताते चलें कि टक्कर इतना भयंकर हुई जिस क्रम में सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल, पेड़ एवं नगर परिषद के द्वारा लगाए गए नेम बोर्ड में जोरदार टक्कर मार दिया। जिस दौरान नगर परिषद का नेम बोर्ड टूट गया लेकिन सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल एवं पेड़ में किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई। लेकिन वहीं इस घटना में डंफर के चालक बुरी तरह से जख्मी हो गए। डंफर एवं ट्रक के बीच इतनी जोरदार टक्कर हुई कि उससे जोरदार आवाज निकली। आवाज को सुन आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। उक्त दौरान डंफर में फंसे चालक की आवाज को सुन स्थानीय ग्रामीण चालक को अपनी सूझबूझ से डंफर से बाहर निकाला। साथ ही साथ घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी चंद्र लाल राय अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जख्मी चालक को प्राथमिक इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर जख्मी चालक का इलाज अभी चल रहा है। जब इसकी जानकारी बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार से ली गई तो उन्होंने बताया कि उक्त घटित मामले में एक चालक जख्मी बताया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि जख्मी चालक उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी मुन्ना चौधरी बताया जा रहा है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
(जिला सामान्य शाखा)

-: आदेश :-

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी को दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना में जमा करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक– 296/सा0, दिनांक 22.03.2024 द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त तिथि तक अपने शस्त्रों को थाना में जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को पुनः आदेश दिया जाता है कि अपने शस्त्रों को दिनांक 03.04.2024 से 07.04.2024 तक नजदिकी थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द की कार्रवाई की जायेगी।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 323575 District(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### 150 लीटर शराब के साथ एक धराया, दो बाइक जब्त

**टनकुप्पा।** थाना क्षेत्र के गजाधरपुर मिडिल स्कूल के पास से टनकुप्पा पुलिस ने 150 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मौके से पुलिस ने दो बाइक भी बरामद किया। पकड़े गए युवक की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के कनौदिया गांव निवासी महेश यादव के 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि गजाधरपुर मिडिल स्कूल पास दो बाइक पर शराब ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचते ही एक बाइक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दूसरे चालक को वाहन के साथ दबोच लिया। दोनों बाइक से 150 लीटर महुआ शराब बरामद की गई ।

### कैबिनेट मंत्री व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**टनकुप्पा।** बिहार के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को टनकुप्पा प्रखंड क्षेत्र में चुनाव को लेकर जन संपर्क अभियान चलाया। साथ में बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष परशुराम प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मंत्री सहित समर्थकों ने वोटरों के घर-घर जाकर संपर्क कर अपने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर कई स्थानों पर समर्थकों ने मंत्री-विधायक सहित कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री सुमन ने बताया कि गुरुवार को टनकुप्पा बाजार, बरसौना बाजार व गांव सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

### गया में 101 हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का रखा गया है लक्ष्य : तोगड़िया

**गया।** राम मंदिर बनना हमारे 40 वर्षों की लड़ाई है। हमने सालों तक गांव-गांव जाकर हिंदुओं को जगाने का काम किया है। पहले हिंदू एकता ना होने के कारण मंदिर तोड़े गए थे। आज हिंदू एक हुए तभी राम मंदिर बन पाया। राम मंदिर तो बना गया, लेकिन हिंदुओं को असुरक्षित करने वाली ताकत अभी देश में मौजूद है। हिंदू अभी भी खतरे में है। राम मंदिर जैसे कई कार्य अभी और करने हैं। उक्त बातें गया के धर्मसभा भवन में बुधवार को सम्पन्न हुई अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की सभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने कही। वह हिंदू नव वर्ष के अवसर पर गया के कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद थे। सभा में उन्होंने कहा कि देश के हिंदुओं को एकजूट होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में 1 लाख एवं गया में 101 हनुमान चालिसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य बनाया गया है। अभी फिलहाल देश में 14-15 हजार का आंकड़ा पूरा हो चुका है। कार्यक्रम में उन्होंने संगठन द्वारा चलाए जा रहे गरीब-पिछड़ी बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर योजना, रक्तदान शिविर, एक मुट्ठी, हिंदू हेल्पलाइन नंबर आदि पर भी चर्चा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्र संगठन मंत्री अनिल कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शिववचन सिंह, राजेंद्र संस्कृत आश्रम के संचालक डॉ. स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, राजकुमार अग्रवाल के साथ-साथ बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता भी वहां मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ शिववचन सिंह को संगठन का जिलाध्यक्ष चुना गया। मतदान करो, ईवीएम की पर्ची देख आनंद लो अहिप प्रमुख प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। मतदान करें, ईवीएम में आने वाली पर्ची को देखकर आनंद लें। उन्होंने हिंदू एकता को मजबूत करने पर कई बातें कही। कहा कि हिंदू खतरे में है, जिसपर उन्होंने भाजपा नेता नुपूर शर्मा ने लेकर उदयपुर के कन्हैया हत्याकांड का भी जिक्र किया। वहीं, उन्होंने कश्मीर व मनीपुर के हालातों पर भी चर्चा की।



### एक वोट से बदल सकती है देश की दशा व दिशा



**गया।** खेल विभाग, बिहार सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देश पर एक कार्यशाला भी हुआ। गया कॉलेज के यूनिट -1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मतदान के आवश्यकता व उसके प्रयोग पर चर्चा की। कहा कि एक मत से आप अपने क्षेत्र, राज्य व देश के दशा व दिशा को बदल सकते हैं। सभी लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय इत्यादि से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों को मतदान करने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। कहा गया कि जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है वे जरूर मतदान करें। गया कॉलेज एनएसएस द्वारा आयोजित यह चौथा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम था। खेल विभाग के प्रतिनिधि के रूप में नवीन कुमार, पीरामल फाउंडेशन के नीरज कुमार, बिहार आर्चरी कोच जयप्रकाश और हिंदी विभाग के डॉ. रवि कुमार इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वयंसेवकों में रोशनी, समीक्षा राज, श्रेया, हर्ष, शुभम, राहुल, पंकज, अमित, रजनीश, मोनू, इश्तियाक , सौरभ, मधु, सानू व रितिका आदि ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नेवारी के पुंज में अचानक लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं

**गया।** गया जिले के कोंच प्रखंड स्थित इच्छापुर गांव स्थित खेत में नेवारी के पुंज में आग लगने से हजारों नेवारी जलकर राख हो गई है। घटना के बाद ग्रामीणों में घंटे भर अफ़रा-तफ़री मच रही। स्थानीय ग्रामीण किसी तरह आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए,लेकिन आग और तेज़ होता गया। फ़िर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई,मौके पर अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची और नेवारी की पुंज में लगी भीषण आग को बुझाने में जुट गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू तो पा लिया मगर 30 हजार पीस नेवारी जलकर और राख हो गई, जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है। घटना को लेकर पीड़ित किसान ने कोच प्रखंड के सीओ को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कोंच प्रखंड के इच्छापुर गांव स्थित खेत में रहे नेवारी के पुंज में किसी तरह आग लग गई। इच्छापुर निवासी किसान बृजनंदन पासवान के खलिहान में नेवारी का पुंज लगाया गया था। यह पुंज भी बृजनंदन पासवान की ही थी। जिसमें कुल तीस हजार नेवारी थे जो जलकर राख हो गया। बृजनंदन पासवान ने बताया गुरुवार की शाम बाद अचानक गांज में आग लग गई, जिसमें नेवारी जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल कर्मियों को दी तत्पश्चात आग पर काबू पूर्ण रूप से पाया गया है। आग लगने का कारण समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हुआ है। बता दें कि आग लगने से काफी नुकसान हुआ है।



# जेल में कैदी की मौत, लोगों का हंगामा

## पुलिस पर पथराव, डीएसपी ने पिस्टल लेकर दौड़ाया, परिजन बोले- पुलिस पिटाई से गई जान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की सुबह विचाराधीन कैदी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। वो पिछले तीन सप्ताह से मंडल कारा बिहार शरीफ में बंद था। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नईसराय निवासी छोटे राम के बेटे राजू कुमार (19) के रूप में की गई है। कैदी की तबीयत बिगड़ने पर आज सुबह आनन-फानन में जेल पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। राजू कुमार की मौत के बाद परिजन उग्र हो गए और शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने जेल भेजने से पहले तीन दिन तक उसकी बहुत पिटाई की थी। इसलिए उसकी जान गई। इधर हंगामा शांत कराने के दौरान भीड़ पर डीएसपी ने पिस्तौल तान दी। जिसके बाद भीड़ कम हुई। राजू कुमार को पुलिस ने 10 मार्च को ब्राउन शुगर और कैश के साथ पकड़ा था।

**पुलिस पर पथराव:** मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को हॉस्पिटल मोड़ पर रख कर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक को किसी प्रकार का रोग नहीं था, पुलिस के टॉर्चर से उसकी मौत हुई है। आक्रोशितों ने सड़क पर टायर जलाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को भीड़ ने रोड़ेबाजी कर खदेड़ा दिया है। भीड़ को देखते हुए पुलिस वाले पहले फरार हो गए हैं।



**डीएसपी ने तानी पिस्टल:** बवाल बढ़ता देख मौके पर एसडीओ, डीएसपी और तीन थानों की पुलिस पहुंची। हंगामा शांत कराने के दौरान भीड़ पर डीएसपी ने पिस्तौल तान दी। जिसके बाद भीड़ थोड़ी कम हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। फिलहाल जाम की स्थिति बनी हुई है।

**खून की उल्टी होने पर अस्पताल लाया गया था- एसडीओ:** सदर एसडीओ ने कहा कि कैदी की खून की उल्टी हुई। इसके बाद कैदी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद परिजनों ने शव को लेकर सड़क पर रखकर हंगामा किया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई दोषी पाए जाते है तो कार्रवाई की जाएगी।

**तीन दिनों तक थाने में रखकर की गई पिटाई:** मृतक के भाई ने बताया कि 25 दिन पहले नगर थाना की पुलिस ने झूठे आरोप में उसके भाई को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई और तीन दिनों तक थाने में रखकर उसकी पिटाई की गई। जिसके कारण उसके भाई की तबीयत खराब हो गई। उन लोगों ने नगर पुलिस एवं जेल पुलिस से बेहतर इलाज के लिए गुहार लगाया था। लेकिन किसी के द्वारा कोई मदद नहीं की गई। शुक्रवार की सुबह जेल पुलिस से सूचना मिली कि उसके भाई की तबीयत ज्यादा खराब है। इसी सूचना पर वे लोग सदर अस्पताल पहुंचे जहां उनके भाई की मौत हो चुकी थी।

**10 मार्च को पुलिस ने गिरफ्तार किया:** नालंदा नगर थाना की पुलिस ने कांड संख्या 202/24 में राजू कुमार समेत कुल 6 आरोपियों को 39 पुड़िया ब्राउन शुगर और 28 हजार कैश के साथ 10 मार्च को नगर थाना पुलिस ने गौरागढ़ स्थित नीम के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट में राजू जेल गया था। परिवार वालों के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। युवक 3 भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

**खून की उल्टी होने के बाद ले जाया गया था अस्पताल:** जेल सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि शुक्रवार की सुबह खून की उल्टी हुई इसके बाद विचाराधीन कैदी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो सप्ताह पूर्व ही ब्राउन शुगर के मामले में जेल आया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# किसान संघर्ष समिति ने वोट बहिष्कार का किया ऐलान

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के विष्णुगंज में किसान संघर्ष समिति ने लोक सभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का फैसला लिया है। उनकी नाराजगी का मसला भूमि अधिग्रहण से जुड़ा है। नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम 4 बजे गांव के नजदीक ही जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जो कोर्ट ने आदेश दिया है उसके तहत न तो उन्हें उनकी जमीन का मुआवजा दिया जा रहा है और न ही उनकी जमीन पर रजिस्ट्री से सम्बन्धित लगाए गए प्रतिबन्ध को हटाया गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। आक्रोशित ग्रामीण हाथों में बैनर लेकर अधिग्रहण की रकम नहीं तो वोट नहीं के नारे लगा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी जमीन एयरपोर्ट विस्तार के नाम पर अधिग्रहण कर लिया गया लेकिन उन्हें रकम नहीं दी गई। ग्रामीणों ने कहा 17 लाख रुपये जो देने की बात कोर्ट और प्रशासन द्वारा कहा गया था। वह दिया जाए नहीं तो उनकी जमीन अधिग्रहण मुक्त की जाए। ऐसा नहीं हुआ तो विष्णुगंज के किसान वोट नहीं करेंगे। समिति के पदाधिकारी नरेश चौधरी ने बताया कि 2009 में एयरपोर्ट विस्तार के लिए 48 हजार रुपए कट्ठा जमीन अधिग्रहण का सरकार की ओर से रेट तय किया गया था, जिसे ग्रामीणों ने अस्वीकार कर दिया। फिर ग्रामीण कोर्ट में गए कोर्ट से 17 लाख रुपए कट्ठा का फैसला आया। लेकिन सरकार हाईकोर्ट चली गई। अब तक सरकार की ओर से किसी भी किसान को मुआवजा नहीं दिया गया है। ऐसे में किसान को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वे अपनी खुद की जमीन भी जरूरत पड़ने पर बेच नहीं पा रहे हैं।



# 3 बच्चों के पिता की प्रेमिका से शादी, दोनों रहेंगी साथ

## गया का युवक बोला-100 कमाऊंगा तो 75 रुपए दोनों को दूंगा, 25 रखूंगा

निज संवाददाता। गया

गया में गुरुवार की रात एक शादीशुदा प्रेमी (28) अपने प्रेमिका (20) से मिलने उसके घर पहुंचा। इस दौरान प्रेमिका के परिजनों से उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। फिर प्रेमी की पत्नी को मौके पर बुलाया गया। मामले को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों ने प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में शादी करा दी है। पति का कहना है कि अगर हम 100 कमाएंगे तो 75 दोनों पत्नी को मिलाकर देंगे और 25 रुपए हम रखेंगे। प्रेमी के 3 बच्चे हैं। वहीं, प्रेमी की पत्नी (25) का कहना था कि हम उस लड़की(प्रेमिका) की शादी अपने मायके में करवा देंगे। कहीं और भी करवा देंगे, लेकिन मेरे पति से नहीं। वहीं प्रेमिका के घरवालों का कहना था कि शादी कर इसको अपने साथ प्रेमी ले जाए। मामला गया के नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत अतरी थाना क्षेत्र के मनिहार गांव का है। तेलासीन पहाड़ स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार की दोपहर धर्मेंद्र कुमार और प्रेमिका सीमा कुमारी की दोनों के परिजनों के सामने शादी कराई गई।



**20 किलोमीटर दूर प्रेमिका से मिलने पहुंचता था:** सीढ गांव के रहने वाला धर्मेंद्र कुमार अपनी प्रेमिका सीमा कुमारी से मिलने देर रात मनिहार गांव पहुंचा था। इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों ने दोनों को देख लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी अतरी थाना पुलिस को दी गई। बता दें कि प्रेमी को जब भी मौका मिलता था वे देर रात अपने घर से बाइक पर सवार होकर 20 किलोमीटर दूर मनिहार गांव प्रेमिका से मिलने पहुंच जाता था।

**लड़की के परिजनों ने कहा- लड़का शादी करे:** घटना को लेकर शुक्रवार को अतरी थाने में लोगों का मजमा लगा रहा। प्रेमी और प्रेमिका की ओर से दोनों पक्ष थाना परिसर में पहुंचे। इस दौरान प्रेमिका सीमा कुमारी का कहना था कि मैं धर्मेंद्र कुमार से ही शादी करूंगी। जबकि प्रेमी की पत्नी सुमंती देवी का कहना था कि मेरे पति तीन बच्चों के पिता हैं। हम लोगों के साथ यह कैसे रहेगी। इसकी कहीं और शादी करा देंगे। इस पर लड़की मान गई थी, लेकिन प्रेमिका के परिजनों का साफ कहना है कि मेरी बेटी के साथ गलत किया है। अगर शादी नहीं करेगा तो केस करेंगे।

**100 कमाने पर हम 25 रुपए रखेंगे:** हालांकि थाने में घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद दोनों पक्ष पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर की ओर निकले। इसके बाद दोनों की शादी कराई गई। वहीं, प्रेमिका के परिजनों का कहना है कि तुम इसे हमेशा अपने साथ रखना। जितना कमाना दोनों पत्नी को बराबर देना। इस पर धर्मेंद्र का कहना है कि अगर हम 100 रुपए कमाएंगे तो दोनों पत्नी को 75 रुपए भेजेंगे, 25 हम रखेंगे। वहीं, साथ रखने पर कहा कि हम बाहर कमाने जाएंगे, दोनों पत्नी एक साथ एक घर में रहेगी। घटना के संबंध में अतरी थाना की पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है। लड़के के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है। लड़के को PR बॉन्ड पर छोड़ा गया है।

# वृद्ध को लगी गोली, घायल, फायरिंग में नमाज पढ़ने जा रहे बुज़ुर्ग को लगी गोली, 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक बुजुर्ग को गोली मार कर घायल कर दिया गया है। मामला बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा पर का है। घायल की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के खानखा नवा टोली निवासी स्वर्गीय शेख करीम के(60) बेटे मोहम्मद मुसली के रूप में की गई है। घायल को इलाज के लिए परिजनों द्वारा बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया है। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल के मोहल्ले में रह रहे मो.हारु ने बताया कि जमीन कारोबार को लेकर पड़ोसी से उनका विवाद चला आ रहा है। पड़ोसी बार-बार उनसे समय लेकर पैसे नहीं देता है। आज जब वह पड़ोसी से पूछने गए तो गाली गलौज कर दी। इसके बाद मारपीट होने लगी। तभी पड़ोसी फकरे आलम का बेटा मोहम्मद रिजवी, राजा समेत अन्य लोग घर से हरवे-हथियार लेकर निकल आया और फायरिंग कर दी। वह किसी तरह से बच गए और गोली जाकर उनके मोहल्ले के चाचा मोहम्मद मूसली की दाहिने पैर में लग गई। मोहम्मद हारु ने बताया कि वह जमीन का कारोबारी करते हैं। 4 लाख पड़ोसी के यहां बकाया है। बार-बार वह समय लेकर पैसे नहीं लौट रहा है। इसी मामले को लेकर फकरे आलम के बेटों ने गोली चलाई और उनके साथ मारपीट भी की गई। घायल ने बताया कि वह नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। वह रुक कर देखने लगे। तभी घर के अंदर से एक पक्ष गोली चल रहा था। जिसमें एक गोली उनके पैर में आ लगी। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और 3 लोगों को हिरासत में लिया है। दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में तीसरे पक्ष को गोली लगी है। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई है।



# गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

## गया में शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग



निज संवाददाता। गया

गया जिले के अतरी प्रखंड अंतर्गत सीढ गांव स्थित खेतों में लगे गेहूं के फसल में भीषण आग लग गई। आग लगने से गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस दौरान सभी लोग फसल में लगी आग को बुझाने के लिए अपने-अपने घरों से बाल्टी लोटा और मग में पानी भरकर खेत की तरफ दौड़े फिर भी आग पर काबू नहीं पाया जा रहा था। फिर किसी तरह मोटर पंप को चालू कर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान गेहूं खेत में लगी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिससे किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण राजू ने बताया। आज अतरी प्रखंड के सीढ गांव निवासी सूर्य देव प्रसाद के खेत में किसी तरह आग लग गई। आग लगने के कारण खेत में लगी गेहूं का फसल पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए हम ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की लेकिन आग तेज हवा के कारण आग नहीं बुझ पा रहा था। जिस कारण पीड़ित किसान को लाखों का नुकसान हुआ है।

### पीड़ित ने की मुआवजे की मांग

पीड़ित किसान सूर्य देव प्रसाद ने बताया प्रवाहित हजार बिजली की तार मेरे खेत के ऊपर से गुजरा हुआ है। तेज हवा चलने के दौरान शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल में आग लग गई। जिसके बाद हमलोग मोटर पंप चालू कर किसी तरह से आग पर काबू पाए है। लेकिन सब मेहनत बेकार चला गया। गेहूं का फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया गेहूं का फसल तैयार हो गया था। सिर्फ कटाई करना था। घटना को लेकर मुआवजे के लिए अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार को लिखित आवेदन दिया गया है। अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार ने बताया सीढ गांव के रहने वाले सूर्य देव के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि, उनके खेत में लगी गेहूं के फसल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई है। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल आवेदन प्राप्त हुआ है मामले में छानबीन की जा रही है।

# सड़कों पर उतरे फायर ब्रिगेड के जांबाज, सख्त हिदायत पर शुरू की पहल, अगलगी पर रोक के बेहतर उपाय बताया

निज संवाददाता। गया

गया जिले में गर्मी का सितम शुरू होते ही अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए फायर ब्रिगेड इन दिनों गया शहर की सड़कों पर उतर गया है। वह लोगों को आग से बचने और ऐसी घटनाओं में कमी लाने के टिप्स देने में जुट गया है। खास बात यह भी कि यह सिलसिला 18 अप्रैल तक चलेगा ताकि लोग अगलगी की घटानाओं को लेकर सजग रहें। यह पहल फायर ब्रिगेड की ओर से जिला प्रशासन के आदेश पर की गई है। दरअसल, गया जिले में अगलगी की घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसी घटना के शिकार ज्यादातर किसान ही होते हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। यानी प्रत्येक दिन जिले में अगलगी की एक न एक घटना हो रही है। मानपुर प्रखण्ड में 1, बेला में 2, टिकारी में 1, शेरघाटी में 2, बाराचट्टी में 1, फतेहपुर में अगलगी की 1 घटना हो चुकी है। इन सभी स्थानों पर किसानों के खेत मे गेहूं की पकी हुई फसल में आग लगी है। अब तक किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। वहीं, शहर में बुधवार की देर रात बीएसएनएल के दफ्तर में आग लग गई थी। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था इस वजह से दफ्तर को मामूली नुकसान ही उठाना पड़ा। इन तमाम घटनाओं को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को लोगों के बीच जाने और उन्हें अगलगी की घटनाओं से बचने के टिप्स देने की नसीहत दी थी। यही वजह है कि जिला अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र वर्मा ने अपनी टीम को एक योजना के तहत सड़कों पर उतारा है और वे लोगों को अगलगी की घटनाओं से बचने के गुर बता रहे हैं। फायर अधिकारी वर्मा ने बताया कि उनके पास 33 गाड़ियां है जो शहर के विभिन्न थानों से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैनात हैं। न केवल गाड़ी ही बल्कि फायर कर्मी भी तैनात हैं। ताकि अगलगी की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके और कम से कम लोगों को नुकसान पहुंचे।



## संक्षिप्त समाचार

### वीकेएसयू में नामांकन के लिए सीट से अधिक आवेदन पर हंगामा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में सीट से अधिक नामांकन के लिए आवेदन लिए जाने पर अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। यह आवेदन पीजी सेमेस्टर वन सत्र , 2023- 25 में 17 सीटों पर नामांकन के लिए लिया जाना था। जबकि विश्वविद्यालय ने यह गाइडलाइन जारी किया था कि रिक्त सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर नामांकन होगा। अब चूंकि 17 सीटों पर नामांकन के लिए 60 आवेदन आ चुके है। पहले आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का यह पक्ष है कि जब रिक्त सीटों (17) के अनुसार आवेदन आ चुके थे तो इससे अधिक आवेदन विभाग ने क्यों स्वीकार किए ? कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के हस्तेक्षप के बाद मामला शांत हुआ।

### रेल क्रासिंग के पास रेलवे पटरी बदलने के दौरान हाईवे जाम

**गड़हनी।** आरा-सासाराम रेलमार्ग पर रेलवे पटरी बदलने को लेकर बगवां गांव में रेलवे गुमटी के पास आरा -सासाराम स्टेट हाईवे पर घंटों सड़क जाम लगा रहा। गुमटी के पास दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर तक लम्बी गाड़ियों का लाईन लगी थी। लाईन में खड़ी सवारी गाड़ियों पर बैठे सवारी को गर्मी में बहुत परेशानी हो रही थी। बता दे कि आरा -सासाराम रेलवे लाईन पर नई पटरी ठेकेदार द्वारा बदली जा रही है। जो पिछले करीब एक सप्ताह से हो रही है। जब लंबी लंबी पटरी को गाड़ियों से ट्रैक पर ले जाने के क्रम में गुमटी को बंद कर दिया जाता है जिससे कोई गाड़ी गुमटी के पास ट्रैक पार नही कर सके। जिसके वजह स दोनों तरफ़ से सड़क जाम हो जाता है।

### वीर शिरोमणि चौहरमल की तलवार हमेशा न्याय के पक्ष में उठी



**आरा।** चौहरमल लोक अधिकार मोर्चा द्वारा जवाहर टोला में वीर शिरोमणि चौहरमल का जयंती समारोह मनाया गया। उद्घाटन अखिलभर्तवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने चौहरमल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने किया। यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल एक वीर थे। उनका तलवार हमेशा न्याय के पक्ष में उठता था। उन्होंने न्याय के लिए अपने मित्र से भी लड़ाई लड़नी पड़ी। उस लड़ाई का जीत भी हुआ, उनका अड्डा मोकामा टाल के चराडीह में था। आज के दिन वहां पर एक बहुत बड़ा मेला लगता है, मेला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग श्रद्धा पूर्वक आते हैं तथा उनकी पूजा करते हैं। मौके पर तिलकधारी पासवान, सुरेन्द्र पासवान, नरेंद्र पासवान, भुनेश्वर पासवान, विजय पासवान, सन्तोष पासवान, भिखारी यादव, शिवकुमार साह, सुमेन्द्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### स्टेट बैंक गड़हनी में 20 हजार से अधिक निकासी पर रोक

**गड़हनी।** भारतीय स्टेट बैंक, गड़हनी में खाताधारकों को पैसा नहीं मिल रहा है। किसी के यहां शादी है तो किसी को मरीजी को दिखाने ले जाने है तो किसी के बच्चे को स्कूल में फी जमा करना है लेकिन बैंक 20 हज़ार से ज्यादा किसी को नहीं दे रहा है। इस संबंध में बैंक मैनेजर ने प्रीतम रंजन मधु ने कहा कि पैसा नहीं है जिसके चलते सभी को 20 हज़ार रुपये ही दिया जा रहा है। रीजनल ऑफिस से एक करोड़ रुपए आज मांगा गया था। लेकिन मात्र 10 लाख रुपये दिया गया। यदि एक -एक खाताधारकों को 50 -50 हजार रुपये देने पर मात्र 20 लोगों को ही दे पाते। इसलिए सभी ग्राहकों को 20 हजार रुपये ही दिया जा रहा है। यह स्थिति अभी 10 अप्रैल तक रहेगा। कई खाताधारकों ने कहा कि हमारे यहां शादी है। सामान खरीदना है और मात्र 20 हज़ार रुपये ही दिया जा रहा है। इसके शादी का सामान कैसे खरीद सकते हैं।

### चौकीदार पर जानलेवा हमले के आरोपी घूम रहे हैं खुलेआम

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना के चौकीदार के साथ शराब माफिया ने 27 मार्च को ब्रह्मपुर थाने से घर जाते हुए रास्ते में घेरकर जानलेवा हमला किया। बता दे कि विगत 27 मार्च को तेज पांडेयपुर के चौकीदार हरेंद्र यादव को नामजद लोगों ने ओझा पेट्रोल पंप के पास जानलेवा हमला किया। इस वारदात में चौकीदार का सिर फट गया और वह किसी तरह ग्रामीणों की मदद से जान बचाकर भाग निकला। इस संबंध में चौकीदार ने 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के बाद अबतक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। हरेंद्र यादव का कहना है कि शराब तस्कर मुखबिरी का आरोप लगाकर मारपीट की।

### अत्याचारी कंस के पापों के लिए भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा : देवाचार्य जी




**आरा।** 8 दिवसीय भागवत कथा में डीएम कोठी रोड डीएम कोठी रोड, गोविंद अपार्टमेंट में वृंदावन मथुरा से आए देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि, अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए। भागवत कथा के आयोजक विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन में रोजाना प्रातः पूजन और संध्या प्रवचन हो रहा है।

### जिला योजना कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग

**आरा।** गुरुवार को एक बजे के आस- पास जिला समाहरणालय कार्यालय के चाहर दीवारी में स्थित जिला योजना कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से कार्यालय के सभी कर्मी किसी अनहोनी की डर से कार्यालय से बाहर निकल कर भागे। आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर हिट होने के बाद ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने के बाद आस-पास के लोगों में भगदड़ हो गई। वही कार्यालय के कर्मी ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने घटना स्थल पर पहुंच आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद करीब एक घण्टा तक कार्यालय का कार्य बाधित हो गया। आग बुझ जाने के बाद बिजली विभाग के कर्मियों ने आकर ट्रांसफार्मर को ठीक कर लाइन चालू किया। ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे कर्मियों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही है। करीब एक घण्टे बाद सभी कार्यालयों में काम शुरू हुआ। घटना स्थल पर उपस्थित लोगों और कार्यालय में काम करने वाले कर्मियों ने बताया की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।



# करंट की चपेट में आया युवक, मौत, सेंटरिंग का काम करने गया था

## ऊपर से गुजर रहे तार को छूने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड स्थित पावर ग्रेड के पास शुक्रवार की दोपहर विद्युत प्रभावित की चपेट में आने से एक सेंटरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के पीरो वार्ड नंबर 8 निवासी विगन पासवान का बेटा रघुवीर कुमार पासवान(29) है। वह पेशे से सेंटरिंग मिस्त्री था। इधर, मृतक के साथ काम कर रहे साथी मिस्त्री मंतोष कुमार ने बताया कि वह हर दिन की तरह शुक्रवार की दोपहर भी पीरो न्यू बस स्टैंड स्थित पावर ग्रेड के पास एक मकान में सेंटरिंग का काम कर रहे थे। जहां ऊपर से बिजली का तार गुजर रहा था। सेंटरिंग का काम करने के दौरान उनका हाथ उसी तार में स्पर्श कर गया। इसके कारण वह बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद सहयोगी साथी द्वारा उसे इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां कलावती देवी, पत्नी समता देवी और दो बेटा ऋषभ और शिवांश है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां कलावती देवी, पत्नी समता देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।





# पिकअप ने रिटायर्ड फौजी को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे शहर थाना क्षेत्र के बरही बाजार के समीप गुरुवार की देर शाम बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार एक रिटायर्ड फौजी को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी का आलम रहा। वही, इस हादसे के आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों का आक्रोश बड़ा कुत्ता और सड़क पर शोक को बीचो-बीच रखकर पिकअप चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। मृत रिटायर्ड फौजी सहार थाना क्षेत्र के बजरिया गांव निवासी स्वर्गीय बच्चू साव के 70 वर्षीय बेटे जनेश्वर साव थे। वह 1987 में दानापुर, बिहार रेजीमेंट से सिपाही के पद से रिटायर्ड हुए थे। इधर, मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर सहार बाजार करने के लिए गए हुए थे। जब देर शाम वापस घर लौट रहे थे तभी बरही मोड़ के समीप बेलगाम पिकअप ने रौंद दिया। इस हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पीड़ित परिवारों ने 10 लख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी सहित अन्य सरकारी सुविधा मुहैया करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। जाम की सूचना मिलने के बाद वरीय पदाधिकारी पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। मृतक की तीन बेटा अजय साह,अजय शंकर सह राकेश कुमार साह है। वही इस हादसे के बाद मृत के घर में कोहराम मच गया है।

## शहर में बड़े धार्मिक आयोजन पर भारी वाहनों पर लगी रोक, हटेगा अतिक्रमण

निज संवाददाता। बक्सर

एडीएम कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को बक्सर शहर में यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के जाम की समस्या के निराकरण के लिए बैठक कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर जो भी बड़े संस्कृतिक/धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने वाले हैं उसका रोस्टर तैयार कर लेंगे तथा कार्यक्रम के 2 दिन पूर्व प्रत्येक चौक चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करेंगे, ताकि जाम की समस्या शहर में नहीं हो सके। मुख्य रूप से निर्देश दिया गया कि बक्सर शहर में आने वाले चारों प्वाइंट यथा दानी कुटिया, मठिया मोड़, हुकहा एवं कृत पर कार्यक्रम के दिन ट्रक बस एवं भारी वाहन को रोकेंगे। इस दिन शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।

**शहर में ऑटो का रूट होगा निर्धारितः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (यातायात) को निर्देशित किया गया कि यातायात पुलिस अपने वर्दी में रहें, ताकि उनकी उपस्थिति की पहचान हो सके। जिला परिवहन पदाधिकारी को



निर्देश दिया गया कि शहर में चल रहे वाहनों के ड्राइवर या ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का सप्ताह में 2 दिन आवश्यक रूप से जांच करेंगे एवं इसकी सूचना डीएम को देना सुनिश्चित करेंगे। एसडीओ को निर्देश दिया गया कि ऑटो चालक संघ से वार्ता कर ऑटो का रूट निर्धारित करेंगे और निर्धारित रूट का प्लेट बोर्ड ऑटो पर लगाना सुनिश्चित करेंगे, जो स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो सके। सड़क के किनारे अस्थाई अतिक्रमण हटाने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को निर्देशित किया गया की टीम गठित कर शहर में जो सड़क के किनारे अस्थाई अतिक्रमण है, को अतिक्रमण मुक्त करायेंगे। साथ ही जो दुकानदार दुकान के बाहर सामान फैलाकर रखते हैं उन्हें 48 घंटा पूर्व माईकिंग/नोटिस के माध्यम से चेतावनी निर्गत करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

# भोजपुर में भाकपा माले का प्रेस कॉन्फ्रेंस, दीपांकर ने NDA सरकार पर साधा निशाना

निज संवाददाता। आरा

संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हराओ देश बचाओ कार्यक्रम को लेकर भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने माले कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार ने 400 पार का नारा दिया है। ताकि बहुमत हो तो संविधान को हम बदल दें। भाजपा को VVPAT से चुनाव पर क्यों दिक्कत हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी यह सवाल आयोग से पूछा है। मुझे लगता है आयोग को SC की सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड पर बात क्यों नहीं कर रही है। मोदी जी बोल रहे हैं जो इन पर बात करेगा वो समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि एक कहावत है, सत्ता के साथ भ्रष्टाचार की संभावना जुड़ी रहती है। इसलिए सबसे भ्रष्ट पार्टी भाजपा है और सबसे भ्रष्ट सरकार मोदी जी की सरकार है। चारों तरफ से भ्रष्टाचार है। भाजपा द्वारा अब तक 400 से ज्यादा विधायकों को खरीदा गया है। विपक्ष के ऊपर हमले हो रहे हैं। राजनीति के लिए भारत रत्न का इस्तेमाल किया गया है। झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। 2024 का चुनाव यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है यह बिल्कुल एक ऐसा चुनाव है जिसकी तुलना 2004 की NDA सरकार की जा सकती है। उस वक्त देश की जनता ने देखा था कि गुजरात में नरसंहार हो रहा है। देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार प्रचार कर रही है कि इंडिया शाइनिंग। ऐसे दौर में जनता ने अटल बिहारी की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। एनडीए सरकार इस समय में पूरी सत्ता चाहती है। पूरे सत्ता पर कब्जा है। उसके बल पर देश में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बीजेपी का मतलब भ्रष्टाचारी जुटाओ पार्टी है। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए लोगों को भारी संख्या में मत करें। ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके। वहीं मनोज मंजिल पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मनोज मंजिल को झूठा केस में फंसाया गया है, ये सभी जानते हैं। लेकिन मुझे न्याय प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। अभी हाई कोर्ट है सुप्रीम कोर्ट है, न्याय प्रक्रिया चल रही है। इस वक्त भाजपा बलात्कारी जुटाओ पार्टी और भ्रष्टाचारी जुटाओ पार्टी बन गया है। सभी सांसद अपना रिपोर्ट कार्ड जारी करें। भारतीय जनता पार्टी देश को लूट लेना चाहती है और अगर मोदी सरकार तीसरी बार लौट कर आई तो देश भी नहीं बचेगा। वहीं, दीपांकर भट्टाचार्य से राहुल गांधी को आरा आने पर पूछे गए सवाल पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी भाकपा माले के लिए चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। लेकिन इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार प्रसार जरूर करेंगे। वहीं कन्हैया प्रसाद भी प्रचार कर सकते हैं। वहीं, दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मैंने अपने सभी प्रचारकों का लिस्ट जारी कर दिया है। इस बार जनता को चुनाव में संविधान बचाने के लिए वोट देना होगा।




## क्रिकेट खेलने के विवाद में 2 पक्षों में मारपीट, 4 जख्मी , बैट्समैन ने दी थी वाइड, बॉलर ने दी गाली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सिन्हा थाना क्षेत्र के मिल्की गांव में गुरुवार की देर शाम क्रिकेट खेलने के दौरान वाइड देने के विवाद गांव के लड़कों ने एक ही परिवार के चार लोगों की बैट, विकेट और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान 25 से 30 की संख्या में आए बदमाशों ने चारों ज़ख्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। अन्य ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कराया गया। सभी ज़ख्मियों को आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। ज़ख्मियों में सिन्हा थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी राजेंद्र सिंह के 17 वर्षीय पुत्र रिशु राज सिंह, जितेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र निक्कू सिंह, राजेंद्र सिंह का 18 वर्षीय पुत्र और प्रभान सिंह का 18 वर्षीय पुत्र प्रशांत सिंह शामिल है। इधर, जख्मी निक्कू ने बताया की बुधवार की शाम गांव के ही बिंद टोली मोहल्ले के लड़कों के साथ आपस में मैच खेल रहे थे। मैच के दौरान हम बैटिंग कर रहे थे, विपक्षी टीम के बॉलर के द्वारा बॉलिंग करने के दौरान वाइड फेंका था। जब हमने अंपायर से वाइड देने के लिए बोला तो बॉलर ने भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दी। इसी विरोध में दोनों टीमों के बीच नोक झोंक हुई, लेकिन मामला बुधवार की देर शाम खत्म हो गया था।आज हम लोग मिल्की गांव के ही मैदान से देर शाम वॉलीबॉल खेल कर लौट रहे थे। विपक्षी टीम के लड़कों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर बाद विकेट और बेल्ट से पिटाई करवा दी। लड़कों के पास एक देसी कट्टा भी था, जिससे मेरे चचेरे भाई की सिर पर मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से हम लोगों को बचाया गया और घटना की जानकारी हमारे परिजनों को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए। मामला शांत ज़ख्मियों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।



## चाकू से गोदकर राजमिस्त्री की हत्या

**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड-3 के राजा पोखरा के पास गुरुवार की रात दरवाजे पर बैठने से मना करने के विरोध में नशे में धुत बदमाश ने एक राजमिस्त्री की चाकू मार कर हत्या कर दी। चाकू शख्स के गर्दन में मारी गई है जिससे अधिक खून निकल जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार वालों में अफरा–तफरी का आलम रहा । मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 3 निवासी खेदु मियां के 45 वर्षीय पुत्र मुस्लिम मियां था। चाकू मारने वाला आरोपित बदमाश बगल के ही चाना पंवारी का पुत्र आफताब है। इधर,उसके भाई मुन्ना मियां ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करने के बाद वह घर आकर गेट के पास बैठे हुआ था। मुन्ना मियां ने बताया कि बगल के ही लखन गोंड के दरवाजे पर उक्त बदमाश समेत कई लोग बैठकर हो हल्ला कर रहे थे, इसी बीच लखन गोंड के परिवार से एक महिला आकर इन लोगों को बैठने से मना कर दिया। तभी मेरे भाई ने कहा कि तुम लोगों का हमेशा की आदत हो गई है कि तुम लोग यहां बैठकर हो हल्ला कर रहे हो ।

# बक्सर लोकसभा सीट पर पांच उम्मीदवार उतरेंगे मैदान में, पूर्व IPS आनंद मिश्रा और ददन पहलवान निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोक सभा सीट पर चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एक तरफ जहां जिला प्रशासन चुनाव आयोग के निर्देश पर लगातार कार्य कर रही है। वही दूसरी तरफ इस सीट से चुनाव लडने के लिए पांच प्रत्याशी समाने आ चुके है। जिसमें तीन प्रत्याशी पार्टी से तो वहीं दो निर्दलीय इस चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे है। जिसको लेकर सभी के द्वारा लगातार गांव गांव घूम कर वोटरों को गोलबंद करने का प्रयास किया जा रहा है।अपने अपने तरीके से पार्टी और निर्दलीय नेता जनता को अपने खेमे में करने का प्रयास में लगातर दिन रात मेहनत शुरू कर दिया गया है।

**भाजपा से मिथलेश तिवारी मैदान मेंः** बक्सर लोक सभा सीट से दो बार लगातार सांसद रह चुके अश्विनी चौबे का टिकट इस बार काट दिया गया। इस सीट से एनडीए ने गोपालगंज के मिथलेश तिवारी पर भरोसा जताया है। जिनका एक तरफ जहां बक्सर में प्रवेश के साथ ही जहां भव्य स्वागत किया गया तो वही कई जगहों पर बाहरी को टिकट देने पर नाराजगी भी देखने को मिली है। हालांकि मिथलेश तिवारी ने अपने को मोदी का हनुमान बताते हुए बक्सर का विकास बनारस के तर्ज पर करने का लगातार दवा कर रहे है। कहा की बनारस में विश्वनाथ है तो बक्सर में रामेश्वर नाथ और बरमेश्वर नाथ है।वही आगे कहा की जैसे म से मोदी होता है वैसे ही म मिथलेश भी होते है।



**राजद से सुधाकर सिंह होंगे प्रत्यासीः** गठबंधन से इस बार राजद के नेता और जगतानंद सिंह के बेटा बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह बक्सर लोक सभा क्षेत्र से मैदान में है। उन्होंने कहा की भाजपा के आयातित कैंडिडेट है मिथलेश तिवारी,जिसको बक्सर की जनता इस बार हरा देगी, 4.30 लाख वोटरों में भाजपा को किसी स्थानीय लोगो पर भरोसा क्यों नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा की मैं हूं बक्सर का धरतीपुत्र मेरे खिलाफ काम नहीं करेगा कोई जातीय समीकरण।बता दे की सुधाकर सिंह किसानो के मुद्दों को लेकर लागतार सरकार को घेरने का काम किया है।

**बासपा से होंगे अनिल सिंहः** इस बार बक्सर लोक सभा सीट से बहुजन समाज पार्टी ने बिहार के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार को अधिकतर कैम्प दलितों और वंचितो के बस्तियों में कैंप कर लगातार बिहार सरकार और स्थानीय सांसद अश्विनी चौबे पर निशाना साधने का काम कर रहे है।कैम्प के दौरान अनिल कुमार ने कहा की उन्होंने कहा कि अगर समाज के वंचितों और दलितों को अगर अपनी दशा सुधारनी है तो उन्हें अपनी वोट की ताकत को पहचानना होगा। जिस समाज का राजनैतिक प्रतिनिधित्व नहीं, वह समाज मृतप्राय हो जाता है। अब समय आ गया है कि हम अपनी ताकत को पहचाने और अपना राजनैतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनडीए और महागठबंधन दोनों बड़े-बड़े धन्ना सेठों की कठपुतली बनकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन जनता के साथ है, और जनता की जन समस्याओं को दूर करना हीं बहुजन समाज पार्टी की पहली प्राथमिकता है।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **डीईएन/3/हावड़ाः क्रमांक 1; ई-निविदा सं.: 01_2024-25, दिनांक 04.04.2024; कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडलः डीईएन/3/हावड़ा अनुभाग में सीटीआर (पी)-2.688 टीकेएम सीटीआर(पी) बैण्डेल कटवा डाउन बीबी लूप 123.103 किमी से 124 किमी=0.897 किमी एवं बैण्डेल कटवा डाउन बीबी लूप 124 किमी से 125 किमी=1 किमी सीटीआर (पी) बैण्डेल कटवा अप बीबी लूप 105.980 से 106.450 किमी तथा डाउन बीबी लूप 122.692 किमी से 123.013 किमी. कुल 1+0.897+0.791=2.688 किमी एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागतः** रु. 62,83,521.09; **बयाना राशिः** रु. 1,25,700; **क्रमांक 2; ई-निविदा सं.: 02_2024-25, दिनांक 04.04.2024; कार्य का विवरणः** बीईक्यू-एमयूजी अनुभाग में एसीसीएल में पुल नं. 17 (आरयूबी) तथा सबवे ब्रिजों का मजबूतीकरण तथा मरम्मत। **अनुमानित लागतः** रु. 87,05,160.96; **बयाना राशिः** रु. 1,74,100; **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 06 (छह) महीने (क्रमांक 2 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 29.04.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-09/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### नेपाली करेंसी और 8,774 सिमकार्ड के साथ तीन अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी गिरफ्तार



**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार सवार को रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो कार में रखे भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड और नेपाली करेंसी मिले। साथ ही तीन अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बदमाशों की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के कलिया चौक थाना क्षेत्र के सुजापुर निवासी बेलाल शेख के 24 वर्षीय बेटे मोहम्मद असमाउल शेख, ब्रोमो तोर निवासी रियाजुल शेख के 34 वर्षीय बेटे मोहम्मद इकबाल हुसैन तथा मोसिमपुर निवासी बासेत का 39 वर्षीय बेटा नूर आलम के रूप में की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। यूपी से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कुचायकोट थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यूपी-बिहार के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच की। इस दौरान वेस्ट बंगाल नंबर की एक कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 8774 विभिन्न मोबाइल कंपनियों के सिम कार्ड मिले, साथ ही 18800 नेपाली करेंसी बरामद किया गया। उसे बस उसे जब्त कर लिया गया। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार करते हुए कार को भी जब्त कर लिया और पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि दिल्ली से सिम कार्ड खरीद कर नेपाल लेकर जाने की सभी की तैयारी थी। कुछ सिम कार्ड एक्टिवेट हैं और कुछ नहीं है। पुलिस को मिले मोबाइल फोन में लाखों रुपये के ट्रांजेक्शन किया गया है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई करने में जुटी हुई है। नेपाल के काठमांडू में इनका ठिकाना है, वहीं से ऑपरेट कर रहे थे जो एक अंतरराष्ट्रीय गैंग है। फिलहाल फॉरवर्ड बैकवर्ड लिंकेज पर काम हो रहा है।

### घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, तीन घायल



**मुंगेर (नि.सं.)**। मुंगेर में मारपीट की घटना में एक ही परिवार की दो महिला सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना मुंगेर जिला अंतर्गत धराहरा थाना क्षेत्र के औड़ा बगीचा गांव की है। घायल में औड़ा बगीचा गांव निवासी नवीन यादव की पत्नी विभा देवी, सारा कुमारी और आकाश कुमार है। मारपीट में घायल आकाश कुमार ने बताया कि औड़ा बगीचा गांव निवासी संजय साह के बेटे मनजीत कुमार ने एक साल पहले कमेटी भरने के लिए 1,500 रुपया लिया था। इसके बाद एक सप्ताह के अंदर आकाश को लौटा देने की आश्वासन दिया गया था। जब 1 साल बीत जाने के बावजूद भी काफी बार पैसा मांगने पर नहीं दिया गया तब जाकर गुरुवार को आकाश मनजीत के घर जाकर उसके ऊपर दबाव बनाते हुए उसका मोबाइल लेकर अपने घर चला आया। कहा कि जब तुम पैसा दोगे तभी तुम्हारा मोबाइल मिलेगा। इसके बाद मनजीत ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से कर दी और देर शाम मनजीत के सभी परिजन आकाश के घर पर आए और मोबाइल को खोजते हुए घर के अंदर प्रवेश कर गए। मोबाइल लेने का आरोप लगाते हुए जबरन सभी परिवार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। एक महिला एक युवती और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हालांकि मारपीट की घटना के बाद सभी पीड़ित परिवार स्थानीय थाना गए जहां चिकित्सक के द्वारा सभी को इलाज करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा ले जाया गया। धराहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। घायल को इलाज के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलने बाद कार्रवाई की जाएगी।

### धारदार हथियार से युवक पर हमला, घायल



**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में आरोपियों ने पूर्व के जमीनी विवाद में 35 वर्षीय युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में युवक बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसे परिजनो ने इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन स्थिति में सुधार ना होते देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। फिलहाल जख्मी की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जख्मी की पहचान महम्मदपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी कपिलदेव दास के बेटा लव कुमार दास के रूप में की गई है। बताया जाता है कि कपिलदेव दास और उसके पड़ोस के नामजदों के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी बीच आरोप है कि जख्मी लव कुमार दास साइकिल पर सवार होकर बाजार से अपने घर लौट रहा था। वह जैसे ही अपने गांव में प्रवेश किया तभी आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी के परिजन ने बताया कि पूर्व के जमीनी विवाद चल रहा था, लेकिन मामला खत्म हो गया था। बावजूद आरोपी अक्सर किसी न किसी बात को लेकर उलझ जाते थे। इसी बीच आज फिर आरोपियों ने पूर्व से घात लगाकर आरोपी रास्ता में घेर कर हमला कर दिया। महमदपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पूर्व से दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद चल रहा था जिसमें मारपीट हुई है। एक युवक जख्मी है जिसका इलाज गोरखपुर में चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

### 551 भव्य कलश शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ

**बांका (नि.सं.)**। बांका में 551 भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा संगीतमय ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होने से उक्त गांव सहित इलाके में भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। कलश यात्रा भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।शोभा यात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी एवं अन्य देवी देवताओं के बाल स्वरूप झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार को कलश शोभा यात्रा निकाल कर इलाके का भ्रमण किया गया। रजौन प्रखंड अंतर्गत दुर्गापुर गांव में भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संगीतमय ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश शोभा यात्रा में 251 महिला एवं कन्या मिट्टी की कलश के साथ शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होने से उक्त गांव सहित इलाके में भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। कलश यात्रा भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। राधे राधे के गूंज से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा। मौके पर वृंदावन के प्रवचनकर्ता मधुसूदन आचार्य जी महाराज के सानिध्य में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गाजे बाजे और घोड़े के साथ भव्य झांकी निकाली गई।

शक के आधार पर चार लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज

# पूर्णिया में पत्रकार की निर्मम हत्या



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में गुरुवार से लापता एक पत्रकार की निर्मम हत्या कर दी गई है। मृतक एक न्यूज पोर्टल में पत्रकार था। वहीं अपना मेडिकल शॉप भी चलाता था। मर्डर के बाद हमलावरों ने शव को संझेली ईदगाह पंचायत सरकार भवन के पास फेंक दिया है। मृतक के गले पर काले गहरे निशान के अलावा शरीर पर मारपीट के ताजे जख्म भी मिले हैं। परिजनों ने शक के आधार पर 4 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। पूरा मामला कसबा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। मृतक की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के संझेली पंचायत के पोखरिया गांव निवासी मो.अख्लाक के रूप में हुई है। मृतक लोकल न्यूज पोर्टल का पत्रकार था। साथ ही कसबा के संझेली पंचायत स्थित कलाम चौक पर खुद का मेडिकल शॉप भी था। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई मो.कैसर ने बताया कि मृतक कल रात करीब 9 बजे कलम चौक स्थित मेडिकल शॉप बंद कर अपने चचेरे भाई आदिल को घर छोड़ने संझेली गया था। मोबाइल फोन डेड हो जाने के कारण उसने अपना मोबाइल चचेरे भाई को ही दे दिया था। इसके आधे घंटे के बाद वह वापस मोबाइल फोन लेने आया और इसके बाद से ही वह लापता था। पूरी रात उसकी खोजबीन की गई।

शुक्रवार सुबह खोजबीन के क्रम में कसबा के संझेली पंचायत के सरकार भवन के पास फेंका हुआ मिला। शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। इसके कुछ ही देर बाद वे मौके पर पहुंचे, जिसके बाद शव की शिनाख्त हो सकी है। अख्लाक के शरीर पर मारपीट के कई निशान हैं। साथ ही गले पर भी काले गहरे निशान मिले हैं। शव को देखकर लगता है कि पहले उसके साथ मारपीट की गई है। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। बता दें कि, 1 महीने पहले शमशाद और मुसाफिर ने जानकी नगर के पास और अख्लाक उसके दोस्त आसिफ के साथ नोंकझोंक किया था। छिनतई के बाद कट्टा निकालकर गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। हत्या से ठीक 3 दिन पहले भी पोखरिया के रहने वाले मुसाफिर से अख्लाक का चाय के दुकान पर चाय पीने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में अख्लाक को जान से मारने की धमकी दी गई थी। वहीं मृतक की मौत के बाद से परिजनों में चीख-पुकार मचा है। घटना की जानकारी देते हुए कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने शव के आधार पर 4 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। FIR दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी जारी है।

## नहर में गिरा टैंकर, चालक की मौत

निज संवाददाता

**बांका**। बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान सड़क पर टेंकर से पानी डालने के दौरान बीस फिट नीचे नहर मे टैंकर गिरने से चालक की मोके पर मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना गुरुवार रात की है। सड़क निर्माण अमरपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर पंचायत मे हो रहा था, उसी दौरान गढ़ेल गॉव निवासी मृतक गणेश कुमार गाड़ी लेकर पहली बार निर्माणाधीन सड़क पर पानी दे रहा था, तभी अचानक टैंकर 20 फीट नीचे नहर में जाकर गिर गया, जिससे चालक गणेश कुमार गाड़ी के नीचे फस गया। मौके पर उपस्थित कुछ लड़के ने दौड़कर टैंकर के पास पहुंचा तो देखा कि गणेश कुमार टैंकर के नीचे दबा हुआ है, इसके बाद 20 से 25 लड़कों ने टैंकर को उठाया और नीचे से गणेश कुमार को बाहर निकाला, मौके पर मानवता का परिचय देते हुए लड़कों ने अपने बाइक पर लेकर जख़्मी गणेश कुमार को रेफलर अस्पताल अमरपुर लाया। ड्यूटी पर मौजूद रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राय बहादुर ने मृत घोषित घर दिया। मृतक शख्स के पिता ने बताया मेरा छोटा लड़का गणेश कुमार भागलपुर के मारवाड़ी कॉलेज में बीए पार्ट वन का छात्र था। पहली बार ही किसी के कहने पर घर से निकला था।

## आरजेडी नेता राजकुमार सिंह समेत 17 कार्यकर्ता जदयू में शामिल



निज संवाददाता

**सहरसा**। सहरसा में मधेपुरा लोकसभा के महिषी विधानसभा क्षेत्र में राजद को बड़ा झटका लगा है। राजद नेता राजकुमार सिंह उर्फ बम सिंह 17 राजद कार्यकर्ताओं के साथ जदयू सांसद सह मधेपुरा लोकसभा के NDA उम्मीदवार दिनेश चंद्र यादव के समक्ष JDU में शामिल हो गए। राजद कार्यकर्ता के जदयू में शामिल होने से पार्टी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। दरअसल, NDA उम्मीदवार दिनेश चंद्र यादव चुनाव प्रचार में आज महिषी विधानसभा क्षेत्र के गंडोल चौक स्थित राजद नेता राजकुमार सिंह उर्फ बम सिंह के यहां पहुंचे।यहां राजद के क्लेस्वर पासवान, श्याम पासवान, नवीन चौधरी, घनश्याम चौधरी, कौशल चौधरी, चिंता मनी साह, विनोद शर्मा, दीपक राम, मनोज राम, सुरेश पासवान, देवनंदन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। दिनेश चंद्र यादव ने राजद नेता राजकुमार सिंह उर्फ बम सिंह को पाग और माला पहनाकर जदयू की सदस्यता ग्रहण करवाया। वहीं इस मौके पर राजकुमार सिंह उर्फ बम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास के मामले में हमारे इलाके में बहुत काम किए हैं। बिरौल चौक से लेकर गंडोल तक और गंडोल चौक से लेकर बलुआहा तक रोड नं 17 का निर्माण बना है। इससे बहुत लोगों को रोजी-रोटी मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि आज विकास के नाम पर हमलोग जदयू का दामन थाम लिए। वहीं चुनाव प्रचार में आए सांसद सह NDA के उमीदवार दिनेश चंद्र यादव ने कहा कि मुद्दा विकास का है। विकास ही मेरी पहचान है, इसलिए हर बार जनता का समर्थन मिलता है।मुख्यमंत्री को हम पर विश्वास है, इसलिए हमको चुनाव लड़ने के लिए भेजे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नेता और कार्यकर्ता को बधाई देता हूं।

## रामायण मंदिर का अवलोकन करने मोतिहारी पहुंचे प्रवीण तोगड़िया



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी के कैथवाली में बने विराट रामायण मंदिर का अवलोकन करने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगाड़िया पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आचार्य किशोर कुणाल भी मौजूद थे। निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन करने के बाद प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत है। यह सकारात्मक उर्जा का संचार करती है। आप जब मंदिर में जाते हैं तो मन को असीम शांति मिलती है। मंदिरों का निर्माण तो होना ही चाहिए। कहा कि जहां तक बात रही विराट रामायण मंदिर की तो यह भारत का सबसे बड़ा मंदिर होगा, यह मंदिर आध्यात्म का केंद्र बनेगा। यहां शिक्षा और स्वास्थ्य की भी व्यवस्था होनी चाहिए। प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल ने एक बड़ा कार्य किया है। भारत के सबसे बड़े मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। इसके साथ एक चीज और मैं कहूंगा कि आगे जहां मंदिर हो, वहां शिक्षा और स्वास्थ्य की भी व्यवस्था होनी चाहिए, जैसे जैसे उन्होंने पटना में कैंसर संस्थान खोले हैं जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है।

### गैस वेंडरों की हड़ताल पटना सिटी में प्रदर्शन

**पटना (नि.सं.)**। राजधानी पटना के कंकड़बाग इलाके के गैस वेंडरों ने शुक्रवार से हड़ताल कर दिया है। मृत वेंडर के लिए मुआवजे की राशि और गैस वैंडरों की सुरक्षा की मांग को लेकर यह हड़ताल की गई है। साथ ही पटना सिटी में भी वेंडरों ने नंदलाल छपरा मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जहां कंकडबाग के गैस वेंडर सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि इंडियन ऑयल, गैस एजेंसी में हमलोग काम करते हैं। हमारे वेंडर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसके बाल बच्चे के परवरिश के लिए मुआवजे की मांग करते हैं। दूसरी मांग सुरक्षा की है। हमलोगों को किसी से सुरक्षा नहीं मिलती है। प्रशासन भी सुरक्षा नहीं देता है। वेंडर नीरज कुमार ने बताया कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। हड़ताल बुलाई गई है, इस दौरान किसी घर में गैस डिलीवर नहीं किया जायेगा। कंकड़बाग इलाके में गैस वैंडरों की हड़ताल का व्यापक असर पड़ा है। सुबह से गैस डिलीवर नहीं हुआ है।

डिसपोजल सिरींज पड़ोसी के दरवाजे पर फेंकने को लेकर हुआ विवाद

## दो पक्षों में मारपीट, दस लोग घायल



निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम थाना के चकअसरफ गांव में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। शुक्रवार की सुबह डिसपोजल सिरींज पड़ोसी के दरवाजे पर फेंकने के विवाद में दोनों ओर से मारपीट और तलवारबाजी हुई है, जिसमें चार महिलाएं समेत 10 घायल हो गए। एक पक्ष से तीन महिलाएं समेत छह लोग जख्मी हैं जबकि दूसरे पक्ष से एक महिला समेत चार लोग घायल हुए हैं। उधर, घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों में एक पक्ष के मो. शमशुल, उनका पुत्र मो. शोफर, शफरोज, के अलावा शमशुल की पत्नी सायरा खातुन, उनकी पुत्री तनुजा खातून व बहू शमीदा खातून शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से मा. संजूर, मासे. गुलजार, मो. चांद व नाजो खातून जख्मी है। जख्मी लोगों में मो. संजूर को पीएमसीएच रेफर किया गया है। बताया गया कि गांव के मो. शमशुल बीमार थे। उनका उपचार चल रहा था। उन्हें कई सूई लगाई गई थी जिसका डिस्पोजेबल सिरींज उसके परिवार के लोगों ने मो. संजूर के दरवाजे की ओर फेंक दिया। इसी बात को लेकर सुबह मो. संजूर और शमशुल के पुत्रों के बीच विवाद शुरू हो गया। पहले दोनों परिवार की महिलाओं के बीच गाली गलौज हुई, फिर दोनों परिवार के लोगों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान दोनों ओर से तलवारबाजी भी होने लगी। घटना में मो. संजूर के सिर पर तलवार से वार किया गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के मो. शौफर भी तलवार लगने से घायल हुए। जबकि अन्य मारपीट में जख्मी हुए। शोर होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से संजूर को पटना रेफर कर दिया गया है। कर्पूरीग्राम थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि मामूली विवाद में दोनों ओर से मारपीट की घटना हुई है।

प्रत्येक मजदूर से 50-60 हजार रुपए लिए, उनको नकली वीजा, पासपोर्ट देकर आरोपी गायब

## 59 मजदूरों से धोखा, विदेश भेजने के नाम पर मजदूरों से 50 लाख रुपये की ठगी

निज संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के ब्रह्मपुर थाना में अचानक 24 से अधिक मजदूर ठगी का शिकार होने की शिकायत लेकर थाना पहुंच गए। उन लोगों ने यूपी के गोरखपुर के युवक पर ठगी का आरोप लगाया है। विदेश के मंगोलिया और साऊदिया में जाकर कमाई करने का सपना देखने वाले प्रत्येक मजदूरों से 50-60 हजार रुपए लिए, उनको नकली वीजा, पासपोर्ट दिया और गायब हो गए। हालांकि मजदूरों की शिकायत पर थाना ने एफआइआर दर्ज कर ली है और आगे की करवाई की जा रही है। रामगढ़ पेट्रोल पंप के पास लोगों को विदेश भेजने के नाम पर एक फर्जी तरीका से कम्पनी का आफिस खोला गया था। ठगी का आरोप पीड़ितों द्वारा चंदन यादव पर लगा है। पीड़ित मजदूर चंदन के घर पर भी पहुंच कर अपना पैसा वापस मांगने का प्रयास कर रहे। घर से मारने पीटने की धमकी देकर उन लोगों को भगा दिया। रमेश राय ने बताया कि मैंने अपने दो बेटों को विदेश जाने के लिए 50 हजार रुपए दिए थे। बजरंगी राय ओडियार गंज से उसके बाद रामायोध्या राय से भी मंगोलिया जाने के लिए 68 हजार रुपया दिए थे, लेकिन नकली कागजात थमा कर वो लोग भाग गए। इसी तरह से लोगों ने बताया कि किसी से 50 तो किसी से 60 फिर किसे 55 हजार करके कुल 59 लोगों से मंगोलिया और सउदिया के लिए पैसा लेकर नकली कागजात देकर भाग गया है। डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि सभी पीड़ित परिवार के दिए आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गरीबों का पैसा लेने वाले ठग को यूपी से बिहार लाकर जांच करेंगे।

### पुलिस ने लंबे अरसे से फरार शातिर को किया गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि. सं.)**। शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार पर जयरामपुर थाना पुलिस ने बरबीघा प्रखंड के मदारी चक गांव में छापेमारी कर लंबे अरसे से फरार आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। छापेमारी का नेतृत्व जयरामपुर थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी ने की। गिरफ्तार बदमाश मदारी चक गांव निवासी महेंद्र पासवान का पुत्र है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामदगी के एक मामले में काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने इसके खिलाफ कुर्की -जब्ती का वारंट जारी किया था। कहा कि यह गिरफ्तारी के भय से अन्यत्र छुपकर रह रहा था। हाल में ही घर आया था जिसकी गुप्त सूचना मिलने के बाद इसे घर से ही दबोचा गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कुर्की के फरारी के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व से 4 कांड अंकित हैं। आर्म्स एक्ट के मामले में यह पहले भी जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश शराब का कारोबारी है। पिछले दिनों इसके घर से पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब बरामद की थी।

## वाहन चेकिंग के दौरान दो पुलिस जवानों पर चढ़ाई बाइक, एक रेफर



निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में गुरुवार को स्टेट हाईवे पर गुरुवार रात 10 बजे गाड़ियों की चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ा दी। इसमें दो पुलिस जवान घायल हो गए हैं। एक जवान की हालत गंभीर है। इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के मेघौल धर्मगाछी चौक के पास की है। घायल जवानों के नाम पीटीसी विवेक कांत शेखर और रितेश कुमार है। पीटीसी विवेक कांत शेखर को बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर रहने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जहां से परिजन उन्हें पटना लेकर चले गए। घटना में पुलिस वालों पर गाड़ी चढ़ाकर भाग रहा बाइक सवार मंझौल निवासी अशोक सहनी का बेटा अंकित कुमार भी घायल हो गया। घायल बाइक सवार का पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया गया है। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि मेघौल धर्मगाछी चौक के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रोसड़ा की ओर से एक बाइक सवार तेजी से आ रहा था।

## एईएस को लेकर प्रशासन अलर्ट, तीन अस्पतालों को किया गया तैयार

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। गर्मी का कहर शुरू होने के साथ ही मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार के मामलों में तेजी आने की आशंका बढ़ने लगी है। जिसको लेकर कई स्तर पर एईएस को लेकर तैयारी जिले में तेज हो गई है। इसको लेकर मुजफ्फरपुर जिले के तीन अस्पतालों में चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए तैयार किया गया है। इसके तहत मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के पीकू वार्ड के 100 बेड को पूरी तरह एईएस मरीजों के लिए सुरक्षित रखा गया है। वही एसकेएमसीएच परिसर में स्थित टाटा मेमोरियल संस्थान को भी चमकी बुखार के मरीजों को रखने के लिए कुछ बेड सुरक्षित रखने को कहा गया है। इस संबंध में मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार ने बताया की इस बार भीषण गर्मी पड़ने की आशंका को देखते हुए चमकी बुखार के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के पीकू वार्ड, टाटा मेमोरियल संस्थान और एक निजी अस्पताल केजरीवाल में चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के अनुसार जिले के तीन अस्पतालों को इस बार एईएस पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए तैयार किया गया है। जिसमें दो अस्पतालों केजरीवाल और टाटा मेमोरियल संस्थान में व्यवस्था वैकल्पिक रूप में की गई है।

बेतिया में 3 चरणों में शहर के तीन केंद्रों पर होंगे प्रशिक्षित

## 30 हजार 760 मतदान कर्मियों का होगा प्रशिक्षण

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिम चंपारण)**। पश्चिम चंपारण में लोकसभा चुनाव को लेकर हर स्तर पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण बेतिया शहर के तीन केंद्रों पर दिया जाएगा। इसके लिए राज इंटर कॉलेज, विपिन उच्च विद्यालय एवं आरएलएसवाई कालेज को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रवींद्र ने बताया कि जिले में 30 हजार 760 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसकी शुरुआत पांच अप्रैल से होगी, जो 15 अप्रैल तक चलेगा।

हालांकि ईद के कारण बीच में एक दिन प्रशिक्षण नहीं होगा। तीन चरणों में होने वाले प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को सभी आवश्यक बातों की जानकारी दे दी जाएगी। एडीएम विभागीय जांच ने बताया कि दूसरे चरण के प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों से पहले चरण के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली जाएगी। यदि इसमें कोई कमी पाई गई, तो संबंधित चुनाव कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई भी हो सकती है। अपर समाहर्ता विभागीय जांच ने बताया कि तीसरे चरण का प्रशिक्षण अलग-अलग डिस्पैच सेंटरों पर होगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें मतदान कार्य के लिए भेज दिया जाएगा। पहले चरण के प्रशिक्षण के लिए सभी केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। पीठासीन पदाधिकारी से लेकर पी वन, पीटू एवं पीथ्री मतदान कर्मियों को संदेश के माध्यम से प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए नियुक्ति पत्र भी भेज दिया गया है। आज दो पाली में कुल 6200 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरि सिंह राजपूत के प्रयास से नवजात की जिंदगी लौट आई

**जमशेदपुर, एजेंसी।** रोज कमाने खाने वालें अमन शर्मा के घर सातवे महीने के बेटे का जन्म हुआ, जिसका वजन सिर्फ 1 किलो था। कमजोर और कुछ परेशानियों की वजह से बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया था। कुछ दिन के इलाज के बाद डॉक्टर ने परिवार को जवाब दे दिया और किसी चाइल्ड हॉस्पिटल में ले जाने की सलाह दी जिसमें लाखों का खर्च अनुमानित था। बच्चे के पिता ने कई बड़े नेता और विधायको से मिलकर मदद मांगी। उसे निराशा ही हाथ लगी, फिर किसी ने परिवार को समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत से संपर्क करने को कहा तो हरि ने अपने साथियों की मदद से तत्काल उसे करीब एक लाख की मदद की, जिसके तुरंत बाद परिवार बच्चे को लेकर रांची के रानी चाइल्ड हॉस्पिटल में इलाज के लिए रवाना हुआ और 10 दिन के इलाज के बाद स्वस्थ्य होकर बच्चा अपने घर जमशेदपुर लौट आया।

### फ्लोर पर मन रही थीं रंग रलियां, ग्राहक बन बार पहुंची एसडीओ ने की छापामारी,

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मानगो थाना क्षेत्र एनएच 33 स्थित रॉयल हिल्स परिसर के पायजन नामक बार में रंग-रलियां मनाई जा रही थी। इसका खुलासा गुरुवार देर रात एसडीओ पारुल कुमार सिंह की छापामारी में हुआ। अधिकारी हैरान रह गए कि वहां बार बालाएं डांस कर रही थीं। ग्राहक सामने बैठे थे। रुपये उड़ाये जा रहे थे। हुक्का, शराब और बीयर का दौर चल रहा था। 10 बार बालाओं को पुलिस ने पकड़ लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बार बालाओं के साथ ठुमका लगा रहे ग्राहक अलग-अलग गेट से भाग निकले। गेट पर तैनात बाउंसर भी गायब हो गए। बार बलाएं पश्चिम बंगाल, नागपुर और मुंबई समेत अन्य क्षेत्र की है। अवैध धंधा लंबे समय से चल रहा था। बार से शराब की बोतलें और अन्य सामान बरामद की गई है। इधर, एसडीओ ने बताया कि गोपनीय सूचना मिली थी कि बार में बार बालाएं डांस करती हैं। सूचना की पुष्टि के लिए वह अपने अंगरक्षक मृत्युंजय कुमार, साधन, दलपति और अन्य के साथ वहां पहुंची। ग्राहक की तरह प्रवेश किया। देखा कि अलग-अलग गेट पर बाउंसर खड़े थे। सभी वॉकी-टॉकी से लैस थे। देखा कि बार बालाएं एक-एक कर आकर डांस फ्लोर पर अश्लील डांस कर रही थीं। बालाओं ने बताया कि रुपये का लालच देकर उन सभी को बुलाया जाता था। फिलहाल एसडीओ की इस कार्रवाई के बाद हाईवे के किनारे के रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट बार संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन, देर रात दिल का दौरा पड़ा

**बोकारो, एजेंसी।** डुमरी विधानसभा से तीन बार विधायक रहे झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी उम्र 72 साल थी। रांची में उन्हें अपने आवास पर देर रात बाथरूम में चक्कर आया और वे गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोपहर के बाद उनका पार्थिव शरीर बोकारो जिले के बैधकारो स्थित आवास पर लाया जाएगा। जहां से अंतिम यात्रा निकालकर दामोदर नदी तट पर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। लालचंद महतो ने आरएसएस से जुड़कर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहते हुए राजनीति की शुरुआत की थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण से प्रभावित होकर समाजवादी विचारधारा की ओर रुख कर लिया। आपातकाल के बाद हुए विधानसभा चुनाव में अपने 25 साल की उम्र 1977 में वे जनता पार्टी के टिकट पर डुमरी विधानसभा से विधायक बने थे। उसके बाद वे समता पार्टी के टिकट से चुनाव लड़कर 1990 में एक बार फिर से लालचंद महतो विधायक बने। साल 1999 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू प्रत्याशी के रूप में डुमरी सीट से चुनाव लड़कर तीसरी बार विधायक बने थे। लालचंद महतो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले अपने 24 संगठनों के तीसरा मोर्चा के प्रत्याशी बनने वाले थे। उन्होंने 5 दिनों पहले डुमरी में बैठक कर गिरिडीह संसदीय चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। साल 2019 के दिसंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़कर जदयू का न सिर्फ दामन थामा था, बल्कि उसी दल यानी जदयू के प्रत्याशी के रूप में डुमरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था।

# झारखंड में गर्मी का कहर, एक दिन में बढ़ा 2 डिग्री तापमान



**रांची, एजेंसी।** रांची समेत राज्य में गुरुवार का दिन काफी गर्म रहा। रांची के तापमान में एक दिन में दो डिग्री का उछाल दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों के अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अभी अधिक है। अधिकतम तापमान औसत तापमान से तीन से चार डिग्री व न्यूनतम दो से तीन डिग्री तक बढ़ा हुआ है। इसी कारण सतह के साथ वातावरण भी गर्म हो रहा है। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक है।

गुरुवार को यहां अधिकतम तापमान 38.2 और न्यूनतम 21.4 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे की तुलना में अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

### कई जिलों में लू का असर

संताल परगना, कोल्हान व पलामू प्रमंडल के जिलों में कहीं-कहीं लू का असर दिखा। गोड्डा राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.9 और पाकुड़ का 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया किया। जबकि, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री रहा। इन शहरों के अलावा देवघर, मेदिनीनगर, गढ़वा और जामताड़ा का भी तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

## झारखंड में आंधी-पानी के बाद एक और आफत! गर्मी को लेकर आईएमडी ने चेताया

**धनबाद, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के मौसम केंद्र ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष बुलेटिन जारी की है। इसमें बताया है कि छह अप्रैल को धनबाद जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिले में हीट वेव की संभावना है।

हीट वेव की चेतावनी मिलने के बाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की अपील की है। यह भी कहा है कि पर्याप्त पानी पीएं, प्यास न लगी हो फिर भी पानी पीएं, हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्में, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें।

जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। शराब, चाय, काफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। ये शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी है।

हीट वेव के संभावित प्रभाव व बचाव के लिए पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ने की अपील की गई है। बेहोश या बीमार महसूस करने पर तुरंत डाक्टर से मिलें।

ओआरएस, घर में बना पेय लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। जानवरों को छाया में रखने और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी देने के साथ घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। रात में खिड़कियां खुली रखने तथा पंखे का प्रयोग करने, गीले कपड़े पहनने और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करने की सलाह दी है।

## वर्ष प्रतिपदा पर भगवामय होगा पूरा देश, देश के सभी पंचायतों में रामोत्सव मनाने की कर रहा तैयारी विहिप




**रांची, एजेंसी।** वर्ष प्रतिपदा (नव संवत्सर) के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद देश की सभी पंचायतों व गांवों में रामोत्सव मनाएगी। इसे लेकर शहर से लेकर गांवों तक की हर गली और मोहल्ले को भगवामय करने की तैयारी की गई है। यह आयोजन नौ अप्रैल से 24 अप्रैल (हनुमान जयंती) तक होगा।

इस दौरान पंचायतों में संगोष्ठी आयोजित कर युवाओं को भगवान राम के जीवन चरित्र से परिचित कराने, शोभायात्रा निकालने की तैयारी है। इसी के साथ अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने तथा भारतीय नववर्ष का त्योहार धूमधाम से मनाने और एक-दूसरे को बधाई देने का आग्रह लोगों से किया जा रहा है। विहिप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा को लेकर लोगों में जागरूकता आई है। इस दौरान विहिप अपनी युवा पीढ़ी को राम के जीवन चरित्र से अवगत कराएगी।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने और भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार उत्साह और ज्यादा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का उत्सव संघ के स्वयंसेवक उत्साह से मनाते हैं। संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक उत्सव यह भी है।

उन्होंने कहा कि इसी दिन संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन शाखाओं पर होने वाले कार्यक्रमों में उन्हें अलग से आद्य सरसंघचालक प्रणाम दिया जाता है।

प्रांत संघचालक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का महत्व इसलिए भी और ज्यादा है कि नव संवत्सर के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। विक्रम संवत प्रारंभ हुआ था। अभी विक्रम संवत 2080 चल रहा है। इसी दिन चैती नवरात्र प्रारंभ होता है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इसी दिन हिंदू नवर्ष का नया पंचाग शुरू होता है। भगवान राम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था।

## दुमका सीट पर अब जमकर होगा खेला, जेएमएम ने उतारा अपना उम्मीदवार





**दुमका, एजेंसी।** झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की कर्मभूमि और उनकी परंपरागत लोकसभा सीट पर अरसे बाद इस बार गुरुजी चुनाव मैदान में नहीं हैं। पाला बदलकर भाजपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ रही उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो को चुनौती दे रही हैं। हालांकि झामुमो ने इस सीट को पारिवारिक प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनने दिया है। यही वजह है कि जेल से ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन को मैदान में उतारा है।

अभी सीता सोरेन शिबू सोरेन या झामुमो के किसी नेता के खिलाफ खुलकर नहीं बोल रही हैं। वहीं, झामुमो के किसी नेता की ओर से भी सीता सोरेन पर हमला नहीं किया जा रहा है।

हालांकि इतना तय है कि इस बार सीता सोरेन और झामुमो के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक रह चुके नलिन सोरेन के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है। दोनों ने एक-दूसरे के प्रति आदर भी व्यक्त किया है।

अब इसे संयोग कह लें या फिर राजनीति का तकाजा की झामुमो से भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को जैसे ही सीता सोरेन ने भाजपा के चुनावी कार्यालय की दहलीज पर कदम रखा वैसे ही रांची में झामुमो की ओर से नलिन सोरेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया।

इधर, भाजपा कार्यालय में जब सीता सोरेन से इस पर पहली प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा कि वह हमारे चाचा हैं और उनसे आशीर्वाद लेकर ही हम दुमका में कमल फूल खिलाएंगे। सीता सोरेन ने कहा कि नलिन सोरेन मेरे अभिभावक हैं। उनसे जीत का आशीर्वाद लूंगी। बाबा (शिबू सोरेन) से आशीर्वाद लेती रहती हूं। वहीं भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने भी सीता सोरेन का गर्मजोशी से स्वागत किया, तो सीता ने कहा कि दुमका में मेरी जीत होगी और यह दुमका संसदीय क्षेत्र की जनता की मेहनत की जीत होगी।

इस सवाल पर कि दुमका सीट से उनके श्वसुर शिबू सोरेन की प्रतिष्ठा जुड़ी है और झामुमो के खिलाफ दंगल में उतर रहीं हैं तो शिबू सोरेन के खिलाफ क्या कहेंगी के जवाब में सीता ने कहा कि बाबा हमेशा मेरे अभिभावक हैं। उनसे हमेशा आशीर्वाद मिलता रहा है। उनके खिलाफ चुनाव में क्या कहेंगे, वह तो हमेशा संघर्ष किए हैं। अलग झारखंड राज्य बनाए हैं। अगर वह ठीक व स्वस्थ रहते तो मैं झामुमो में ही रहती। वहीं झामुमो प्रत्याशी बनने के बाद जब नलिन सोरेन से यह पूछा गया कि क्या वह अपनी भतीजी सीता को विजय भव- का आशीर्वाद देंगे तो उन्होंने छूटते ही कहा कि आशीर्वाद तो जरूर देंगे क्योंकि हमारे रिश्ते पूर्व जैसे ही कायम हैं और आगे भी कायम रहेंगे, लेकिन चुनावी दंगल में तो दुमका में सिर्फ तीर-कमान ही चलेगा।

### धनबाद में भीषण गर्मी, दोपहर में घर से निकलने से बचें; हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी

**धनबाद, एजेंसी।** शुक्रवार का दिन धनमौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, दोपहर में लू चलने की प्रबल संभावना है। बाद के लिए काफी गर्म रहने वाला है। जबकि सुबह की धूप ही लोगों को चूभ रही है। सुबह आठ बजे के आसपास तेज धूप थी और दिन बढ़ने के साथ ही यह और भी गर्म होती जा रही है। सुबह के नौ बजे के आसपास तो धूप को सहन करना मुश्किल हो रहा था, जबकि दस बजे तक तो यह असहयनीय हो चुकी है।

स्थिति यह है कि लोग अपने काम-काज, स्कूल, कॉलेज के लिए सिर पर गमछा रख और मुंह ढ़क कर बाहर निकल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार सुबह नौ बजे तक धनबाद शहर का तापमान जहां 32 डिग्री था, वहीं महज एक घंटे के बाद यानी सुबह के दस बजे तक यह 36 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि दोपहर दो बजे तक इसके 40 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। सुबह सवेरे बरटांड क्षेत्र की बात करें तो यहां की सड़कों के किनारे लगने वाली दुकानें सज चुकी हैं। सभी ने अपने ठेला के ऊपर बड़े आकार का छाता लगाया हुआ है। सब्जी बेचने वाली महिलाएं छाता लेकर या फिर स्कार्फ या गमछा से अपने सिर को ढकी हुई हैं। वहीं राह पर पैदल चल रहे लोग भी गमछे से अपना सिर और मुंह ढ़के हुए हैं। इतना ही नहीं, बाइक या स्कूटी से चलने वाले लोग भी हेलमेट पहनने के बावजूद भी गमछा से अपने चेहरे को ढ़के हुए थे। जिन स्थायी दुकानों के अंदर तक सूर्य की तेज किरण पहुंच रहीं थी, उन्होंने इससे बचने के लिए पर्दा लगा रखा है। सरकारी और निजी कार्यालय खुले हुए हैं। इतनी गर्मी के बावजूद भी लोग अपना काम कर रहे हैं।

## रांची के लैंड रिकॉर्ड रूम में चोरी, घोटालों से जुड़े डॉक्यूमेंट्स गायब, अब तक कोई सुराग नहीं



**रांची, एजेंसी।** रांची में चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कचहरी चौक समाहरणालय स्थित अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में घुसकर चोरों ने जमीन से संबंधित कई दस्तावेज की चोरी कर ली। इस वारदात को चोरों ने बुधवार की देर रात अंजाम दिया। दस्तावेज से छेड़छाड़ की बात भी सामने आई है। हालांकि अबतक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि दस्तावेजों की चोरी हुई है या नहीं।

गुरुवार को कोतवाली पुलिस और रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज ने जांच की। फिलहाल, सभी दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है। रिकॉर्ड रूम की इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के आवेदन पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आवेदन में जमीन के दस्तावेजों में बदलाव की कोशिश और छेड़छाड़ का जिक्र किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को दफ्तर खोलने के समय रिकॉर्ड रूम कार्यालय का ताला तो बंद था, लेकिन जिस रूम में सारे दस्तावेज रखे होते हैं, उसका दरवाजा खुला था। एक खिड़की का ग्रिल भी टूटा मिला। आशंका है कि रिकॉर्ड रूम की इसी खिड़की से चोर अंदर दाखिल हुए। वहां रखे दस्तावेजों की स्थिति देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि रिकॉर्ड रूम में रहकर काफी देर तक जमीन के दस्तावेजों को खंगाला गया। मामले को गंभीर माना जा रहा है क्योंकि कई घपले-घोटाले से संबंधित जमीन के दस्तावेज भी रिकॉर्ड रूम में ही सुरक्षित कर रखे गए थे।

**बुधवार शाम पांच से गुरुवार सुबह 10 बजे तक सीसीटीवी बंद था :** रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के आवेदन पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। अपने आवेदन में उन्होंने जमीन के दस्तावेजों की चोरी को लेकर कोई बात नहीं लिखी है। सिर्फ यह लिखा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने जमीन के दस्तावेज में बदलाव और छेड़छाड़ की है। आवेदन में यह लिखा गया है कि बुधवार को शाम पांच बजे से गुरुवार को सुबह 10 बजे तक रिकॉर्ड रूम का सीसीटीवी बंद था। फिलहाल जमीन के सभी महत्वपूर्ण और अति महत्वपूर्ण दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है, ताकि पता चल सके कि किसी दस्तावेज को गायब तो नहीं किया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि किसी दस्तावेज के पन्ने तो नहीं बदले गए हैं।

**पुलिस ने रिकार्ड रूम की वीडियोग्राफी कराई :** कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान अगर किसी दस्तावेज के गायब होने की जानकारी मिलती है तो उसे अलग से एफआईआर में जोड़ा जाएगा। एहतियातन पूरे रिकॉर्ड रूम की वीडियोग्राफी कराई गई है। बताया जा रहा है कि चोरों ने रिकॉर्ड रूम की खिड़की का ग्रिल तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। जमीन के अधिकांश दस्तावेज को उलटा-पुलटा गया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जान-बूझकर जमीन के दस्तावेजों में बदलाव के लिए वारदात को अंजाम दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में चोरी का मामला संज्ञान में आया है। आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# चार्जशीट में ईडी का बड़ा दावा- करीबी ने किया कबूल, लिया हेमंत सोरेन का नाम

**रांची, एजेंसी।** रांची जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर सबसे बड़ा खुलासा उनके ही प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने किया है। पिंटू के बयान का जिक्र ईडी ने 191 पन्नों की चार्जशीट में किया है। चार्जशीट में जिक्र है कि ईडी ने 18 मार्च को पिंटू का बयान लिया था, जिसमें उसने स्वीकार किया था कि हेमंत सोरेन के कहने पर ही उसने रांची की तीन जमीनों का सर्वे कराया गया था।

इधर, चार्जशीट पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने संज्ञान लिया। मामले के दो आरोपी हेमंत सोरेन एवं बड़गाईं के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद अभी जेल में हैं। अन्य आरोपी हेमंत के करीबी बिनोद सिंह, बरियातू के हिलेरियस कच्छप और कथित जमीन मालिक राजकुमार पाहन के खिलाफ कोर्ट ने समन जारी किया है। तीनों को 18 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया है।

ईडी की चार्जशीट में अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू का जिक्र किया गया है। इसके अनुसार बीते 18 मार्च को ईडी के समक्ष दर्ज कराए अपने बयान में पिंटू ने कहा था कि उदय शंकर सीएमओ में कार्यरत हैं, जिनके जरिए वह अधिकारियों को निर्देश भिजवाते थे। बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन के भौतिक सत्यापन का आदेश तत्कालीन सीएम के कहने पर ही उसने दिया था। ईडी ने चार्जशीट में बताया है कि उदय शंकर व पिंटू के बीच मोबाइल चैट भी मिले जिसमें 12 अक्तूबर 2022 को पिंटू ने दो अन्य जमीनों का भौतिक सत्यापन कराने का आदेश दिया था। ये संपत्तियां भी चार्जशीट में हेमंत सोरेन की बतायी गई हैं।

पिंटू के अलावा बड़गाईं के दो पूर्व सीओ और उदय शंकर ने भी लिया नाम

जमीन घोटाले में जेल में बंद भानु प्रताप ने दो बार बड़गाईं की जमीन का सर्वे किया। पूर्व सीओ शैलेश कुमार और राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के मोबाइल चैट के अनुसार जनवरी 2020 और 21 जनवरी 2023 को इस जमीन का सर्वे किया गया। भानु के मोबाइल से ही तब जमीन का पेपर मिला था। शैलेश कुमार ने बयान में कबूला है कि यह जमीन हेमंत सोरेन की थी। 14 अप्रैल को भानु प्रताप ने अपनी गिरफ्तारी के बाद भी कबूला कि सीओ मनोज कुमार के कहने पर जमीन का सर्वे कराया गया था। सीओ मनोज कुमार ने भी बयान दिया है कि उदय शंकर के कहने पर जमीन का सर्वे हुआ।



### बड़गाईं अंचल में मिली सीएम अर्जेंट- पिंटू लिखी फाइल

ईडी ने चार्जशीट में बताया है कि 6 मार्च 2024 को बड़गाईं अंचल के गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक के कमरे का सर्च किया गया था। तब एक फाइल मिली थीं, जिसमें लाल रंग से मोटे अक्षरों में सीएम अर्जेंट- पिंटू लिखा था। इस फाइल में बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन के ही दस्तावेज थे। ईडी ने बिल्कुल वही दस्तावेज भानु के मोबाइल से मिलने की बात भी चार्जशीट में कही है। चार्जशीट में उस फाइल की तस्वीर भी डाली गई है।

### हेमंत ने पसंद की बीएमडब्ल्यू, कंपनी के नाम पर हुई खरीद

ने चार्जशीट में बताया है कि सीएम रहते हेमंत सोरेन जिस बीएमडब्ल्यू कार से 28 जनवरी की रात दिल्ली से निकले थे, उस कार के बारे में हेमंत सोरेन ने ईडी के समक्ष कबूला की वह उनकी कार है। ईडी ने जांच में पाया है कि कार को बर्ड ऑटोमोटिव शोरूम जाकर हेमंत सोरेन ने खुद पसंद किया था। लेकिन कार की खरीद धीरज साहू से जुड़ी कंपनी के नाम पर की गई थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव ने आबिद राजा का इस्तीफा किया नामंजूर, बोले- पार्टी के पक्ष में प्रचार करें



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक आबिद राजा के मांगपत्र पर उन्हें आश्वासन देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पद से दिया गया इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। अखिलेश ने आबिद राजा से पार्टी के पक्ष में पूरे प्रदेश में प्रचार करने के लिए भी कहा है। मालूम हो कि राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी तय करने में पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आबिद राजा ने पूर्व सांसद सलीम शेरवानी के साथ इस्तीफा दिया था।

### कानपुर रीजन में 21500 करोड़ रुपये जमा हुआ टीडीएस, देश में तीसरा स्थान, 19.18 प्रतिशत की ग्रोथ

**कानपुर , एजेंसी।** आयकर विभाग की ओर से लगातार लाई जा रही पारदर्शिता और सरलीकरण की प्रक्रिया के चलते कानपुर रीजन (पश्चिमी उप्र व उत्तराखंड) ने टीडीएस संग्रह में रिकॉर्ड बनाया है। सीआईटी टीडीएस रीजन में पिछले साल की तुलना में 5111 करोड़ अधिक जमा हुआ है। रीजन में टीडीएस जमा करने की ग्रोथ रेट 19.18 प्रतिशत रही। रीजन को देश में तीसरा स्थान मिला है। पिछले साल पांचवें स्थान पर था। वहीं मुंबई को पहला, हैदराबाद को दूसरा, भुवनेश्वर को चौथा और चेन्नई को पांचवां स्थान मिला है।

सीआईटी टीडीएस (टैक्स डिडेक्टेड ऐट सोर्स) कानपुर रीजन में 2021-22 में 12433 करोड़ आया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19635 करोड़ जमा हुआ था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 16390 करोड़ का लक्ष्य तय था। इसके सापेक्ष 21500 करोड़ टीडीएस जमा हुआ है। कानपुर नगर में भी टीडीएस संग्रह बढ़ा है। पिछले साल 3572 करोड़ रुपये टीडीएस जमा हुआ था। इस बार 4835 करोड़ रुपये आया है।

### द्वितीय चरण की 8 लोकसभा सीटों के लिए 175 नामांकन

**लखनऊ, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में 8 सीटों के लिए कुल 175 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के अंतिम दिन कुल 94 नामांकन दाखिल हुए। इसके पहले 81 नामांकन हुए थे। गाजियाबाद सीट के लिए सर्वाधिक 35 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है जबकि बुलंदशहर में सबसे कम 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसी तरह अमरोहा मे 21, मेरठ में 22 नामांकन, बागपत में 16, गौतमबुद्ध नगर में 34 नामांकन, अलीगढ़ में 21 और मथुरा में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जायेगी। 8 अप्रैल को 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### आग में जिंदा जला डाउन सिंड्रोम से पीड़ित 10 वर्षीय आरुष, लपटों से घिरा रहा न चिल्ला सका और न चल सका

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एयरफोर्स स्टेशन के आवासीय परिसर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से सार्जेंट के बेटे आरुष की दर्दनाक मौत हुई है। डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी के चलते वह न तो बोल सकता था और न ही चल सकता था। जिस हालत में रात को उसे लिटाया गया था, उसी हालत में सुबह उसका जला शव मिला। हर कोई उसकी बेबसी से सिहर उठा कि इतनी असहनीय पीड़ा के बाद भी बेचारा चिल्ला तक न सका। एयरफोर्स में सार्जेंट प्रमोद कुकशाल ने बताया कि उनका बड़ा बेटा आरुष डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी जूझ रहा था। इस कारण वह बोल नहीं सकता था। चलने-फिरने में भी असमर्थ था। उसे बुधवार रात एक कमरे में सुला दिया गया था। दूसरे कमरे में वे छोटे बेटे और पत्नी के साथ सो रहे थे।

# रॉबर्ट वाड्रा के बयान से गर्मायी सियासत

## अमेठी से चुनाव लड़ने की कही बात, इस सीट पर कर चुके हैं प्रचार



**अमेठी , एजेंसी।** सियासी सरगर्मी के बीच अमेठी से कांग्रेस के दावेदारों की रेस में गुरुवार को एक और बड़ा नाम जुड़ गया। पहली बार प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा का बयान वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं अपना पहला राजनीतिक कदम वहीं से रखूं और सांसद बनूं। क्योंकि 1999 के चुनाव में प्रियंका के साथ जब चुनाव प्रचार किया तो वह अमेठी सीट ही थी। उस समय की राजनीति अलग थी। रॉबर्ट वाड्रा के बयान के बाद जिले का सियासी माहौल एक बार फिर गर्मा गया है।

कभी गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले अमेठी में वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को भाजपा की स्मृति जुबिन ईरानी ने 55 हजार 120 मतों के अंतर से हरा दिया था। अब जब 2024 के लिए चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। ऐसे में अभी तक सिर्फ भाजपा ने ही अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए स्मृति जुबिन ईरानी को फिर उतारा है। कांग्रेस या बसपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर हो रही है। दरअसल, स्थानीय कांग्रेसियों की मांग है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बागडोर संभालते ही राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कही थी।

फरवरी में न्याय यात्रा लेकर आए राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा था, लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने जरूर राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। ऐसे में अब रॉबर्ट वाड्रा के बयान के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते हैं।

### 60 लाख की लूट को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े, मुठभेड़ में एक को लगी गोली

**लखनऊ, एजेंसी।** पुलिस ने शुक्रवार की सुबह करनैलगंज के नारायनपुर माझा मोड़ के उसरा घाट मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग के पास मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से 22 लाख रुपये, 220 ग्राम सोना, कार, मोबाइल फोन, बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों के पास से कुल 48 लाख की बरामदगी हुई। पकड़े गए बदमाशों ने करनैलगंज के गाड़ी बाजार में सराफा व्यापारी से 60 लाख रुपये के गहने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। करनैलगंज के गांधीनगर निवासी विश्वनाथ शाह की गाड़ी बाजार स्थित सराफा की दुकान से 4 मार्च की रात तकरीबन 10 बजे हेलमेट लगाकर आए दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर दुकान से 10 किलो चांदी, 600 ग्राम सोना व 1.80 लाख रुपये नगदी लूट ले गए थे।

# अंबेडकरनगर से रहा मायावती का गहरा नाता, सिर्फ जीत की हैट्रिक ही नहीं बनाई, अंतर भी बढ़ाया




**अंबेडकरनगर , एजेंसी।** अंबेडकरनगर जनपद से पूर्व सीएम मायावती का गहरा नाता रहा है। इसकी शुरुआत तब हुई जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद) जनपद को विभक्त कर 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर नाम से नए जिले की घोषणा कर दी। इसके लिए वह स्वयं अकबरपुर आई थीं। शिवबाबा मैदान पर हुई रैली में ही पहले डीएम और एसपी से जनता का परिचय कराया। इसके बाद अपने प्रत्येक कार्यकाल में मुख्यमंत्री के तौर पर जिले को बड़ी-बड़ी विकास परियोजनाएं दीं।

बसपा प्रमुख ने इस जिले को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि भी बनाई। उन्होंने वर्ष 1998 के आम चुनाव में यहां से लड़ने की घोषणा कर हलचल मचा दी थी। हालांकि तब भी ज्यादातर लोगों को लगा कि अंत तक मायावती यहां नहीं आएंगी, पर नामांकन शुरू होने पर मायावती ने यहां पहुंचने के साथ ही अकबरपुर सुरक्षित संसदीय सीट से बतौर प्रत्याशी परचा भी भर दिया।

- भाजपा और सपा ने स्थानीय प्रत्याशियों पर दांव लगाकर पूरी मजबूती से टक्कर दी। नतीजा यह रहा कि बड़ा कद होने के बावजूद मायावती सिर्फ 25,179 मत के अंतर से जीत सकीं। उन्हें 2,63,561 मतदाताओं का साथ मिला।
- केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार विश्वासमत में गिर जाने के बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में भी मायावती ने इसी सीट को चुना। इस बार उन्होंने पिछले चुनाव से शानदार प्रदर्शन किया। 2,59,762 वोट हासिल कर उन्होंने सपा प्रत्याशी राम पियारे सुमन को 53,386 मत के बड़े अंतर से हराया।
- बसपा प्रमुख ने वर्ष 2004 के चुनाव में भी अंबेडकरनगर का रुख किया। इस बार न सिर्फ उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई वरन जीत का अंतर भी बढ़ाने में सफलता हासिल की। उन्हें 3,25,019 वोट मिले। उन्होंने सपा के शंखलाल मांझी को 58,269 वोट से पीछे छोड़ दिया। हैट्रिक की सफलता के साथ मायावती ने अपने वोटों की संख्या तीन लाख के पार पहुंचा दी। हालांकि वोट में ज्यादा बढ़ोत्तरी सपा प्रत्याशी की भी हुई।

# सेंट्रल जेल से आसिफ खान के वीडियो मामले में जांच पूरी, दो जेलर-डिप्टी जेलर और तीनों वार्डर दोषी

**बरेली , एजेंसी।** बरेली सेंट्रल जेल से शूटर आसिफ खान का वीडियो वायरल होने के मामले में डीआईजी जेल ने जांच पूरी कर रिपोर्ट डीजी को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों जेलर, डिप्टी जेलर व तीन वार्डर लापरवाही के दोषी पाए गए हैं। तीनों वार्डर पहले ही निलंबित हो चुके हैं, बाकी पर भी विभागीय कार्रवाई हो सकती है। 12 मार्च को सेंट्रल जेल में बंद मेरठ के शूटर आसिफ खान का इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहे दृश्य जेल के अंदर के थे। उस वक्त जेल प्रशासन ने बयान दिया था कि शाहजहांपुर कोर्ट में पेशी के दौरान वीडियो बनाकर वायरल किया गया था। आसिफ शाहजहांपुर में हुए पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राकेश यादव हत्याकांड का आरोपी है और अक्सर तारीख पर शाहजहांपुर जाता रहता है। तब जेल अधीक्षक का प्रभार देख रहे जेलर

विजय राय की ओर से इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने मामले की जांच शुरू की। उसी वक्त जेल वार्डर रविशंकर द्विवेदी, हंसजीव शर्मा व गोपाल पांडेय को प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया गया था। साथ ही संबंधित बैरक की रखवाली के लिए तकनीकी तौर पर जिम्मेदार डिप्टी जेलर किशन सिंह बल्दिया को लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया था। दोनों जेलर विजय कुमार राय व नीरज कुमार से स्पष्टीकरण तलब किया गया था।

**डीजी जेल लेंगे कार्रवाई पर निर्णय :** इन सभी की भूमिका की जांच अब पूरी हो गई है। बताते हैं कि डीआईजी जेल की जांच में दोनों जेलर, एक डिप्टी जेलर व तीनों वार्डर को लापरवाही बरतने का दोषी माना गया है। विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट डीजी जेल एसएन साबत को भेज दी गई है। कार्रवाई के तरीके को लेकर उन्हीं के स्तर से निर्णय लिया जाएगा। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इज्जतनगर पुलिस ने विस्तृत तकनीकी जांच के लिए साइबर सेल के सहारे मेटा से अनुरोध किया है। प्राथमिक जांच में यह पुष्ट हुआ कि लाइव जेल के अंदर से ही किया गया था।

# मानसून की तैयारी: दो महीने में 410 नालों की होगी सफाई, बारिश से पहले नगर निगम ने बनाया प्लान




**आगरा , एजेंसी।** आगरा में मानसून से पहले 15 जून तक शहर के 410 नालों की सफाई का काम पूरा किया जाएगा। बृहस्पतिवार से इसकी शुरूआत कर दी गई। नगर निगम 26 चेन मशीनों के जरिए चारों जोन के नालों से सिल्ट निकालने का काम कराएगा।

बृहस्पतिवार को अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ नाला सफाई योजना के संबंध में बैठक की। उन्होंने लगभग दो से ढाई महीने तक चलने वाली नाला सफाई में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि छोटे-बड़े 410 नालों को मानसून से पहले ही साफ कर दिया जाए। कार्यकारिणी कक्ष में सेनेटरी इंस्पेक्टरों के साथ हुई बैठक में अपर नगर आयुक्त ने कहा कि कर्मचारियों को पूरे उपकरणों के साथ नाला सफाई में लगाया जाए।

नगर निगम में उपलब्ध 26 चेन मशीनों से चारों जोन के नाले साफ कराए जाएं। मशीन के चालक को प्रतिदिन नाला सफाई का लक्ष्य दिया जाएगा। निश्चित समय सीमा के अंदर मशीन चालक को नाले से सिल्ट बाहर निकालकर सफाई करनी होगी। सेनेटरी इंस्पेक्टर इसकी जांच करके रिपोर्ट देंगे। नालों से निकली सिल्ट के उठान पर भी किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चारों जोन में नाला सफाई के नोडल अधिकारी होंगे, जिनके साथ साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसे हर हाल में 15 जून तक पूरा किया जाएगा।

# गर्मी के तेवर देख ताज पर हेल्प टीम की गई तैयार, पर्यटकों को देगी पानी और इलेक्ट्रॉल पाउडर

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में भीषण गर्मी में दहकते पत्थरों के कारण ताजमहल में बेहोश होने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इस पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने हेल्प टीम तैनात की है। इसके सदस्य पर्यटकों को ठंडा पानी और इलेक्ट्रॉल पाउडर उपलब्ध कराएंगे। जरूरत पर प्राथमिक चिकित्सा के लिए डिस्पेंसरी तक लेकर जाएंगे।



अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि 'मे आई हेल्प यू' लिखी जैकेट पहनकर एएसआई के कर्मचारी जगह-जगह तैनात किए गए हैं। किसी पर्यटक की तबीयत खराब होती है तो टीम के सदस्य मदद के लिए तत्काल पहुंचेंगे। प्राथमिक चिकित्सा दिलाएंगे। सदस्यों को कूल बैग में ठंडे पानी की बोतलें और इलेक्ट्रॉल पाउडर दिए गए हैं।

एएसआई कर्मचारियों की टीम सीआईएसएफ जवानों के साथ संपर्क में रहेगी। किसी भी सूचना पर ताज के अंदर पर्यटकों को तुरंत मदद देगी।

बता दें कि एक सप्ताह में 30 से ज्यादा भारतीय और विदेशी पर्यटक बेहोश होकर गिर पड़े। सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा रहे तापमान में पर्यटकों की तबीयत खराब हुई। इसके बाद एएसआई अधिकारियों ने विशेष टीम बनाई है।

**ताज में दो पर्यटक बेहोश:** बृहस्पतिवार को ताजमहल का दीदार करने आए मध्य प्रदेश के शाजापुर के दीपक पाटीदार और रोहतक की कृष्णा देवी की तबीयत खराब हो गई। गश खाकर गिर गए, जिन्हें डिस्पेंसरी में प्राथमिक चिकित्सा दी गई। ताजमहल में लाल पत्थर और संगमरमर तापमान बढ़ने से दहक रहे हैं। मुख्य गुंबद से रॉयल गेट और फिर बाहर पैदल ज्यादा चलने के कारण पर्यटक बीमार हो रहे हैं।

### यहां सियासत के लिए कोई जगह नहीं दारुल उलूम को हर चुनाव से पहले इसलिए जारी करना पड़ता है बयान

**मेरठ, एजेंसी।** देवबंद स्थित इस्लामिक इदारा दारुल उलूम यूं तो मजहबी तालीम और विश्व में देवबंदी विचारधारा के लिए जाना जाता है, लेकिन सियासत और सियासी लोगों का भी यहां से पुराना नाता रहा है। ऐसा एक या दो बार नहीं, बल्कि कई बार हुआ जब राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े दिग्गजों ने दारुल उलूम पहुंचकर अपनी सियासी जमीन तलाशने की कोशिश की। पर, एक घटनाक्रम ने ऐसा माहौल बना दिया कि दारुल उलूम को हर बार चुनाव से पहले बयान जारी करना पड़ता है कि यहां पर राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। दरअसल, हुआ कुछ ऐसा था कि साल 2009 में एक पार्टी के बड़े नेता यहां पर पहुंचे थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन कुलपति मौलाना मरगूबुर्रहमान का हाथ पकड़कर अपने सिर पर रख लिया था। इसकी फोटो भी खिंचवा ली थी। इसके बाद उस फोटो का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में इस तरीके से किया गया जैसे दारुल उलूम ने उन्हें अपना समर्थन दे दिया हो। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

**इसलिए पहुंचते हैं सियासी दिग्गज:** दारुल उलूम देवबंद की स्थापना 30 मई 1866 को हुई थी। इसकी स्थापना हाजी सैयद मोहम्मद आबिद हुसैन, फजलुर्रहमान उस्मानी और मौलाना क़ासिम नानौतवी ने की थी। इसके पहले उस्ताद (शिक्षक) महमूद देवबंदी और पहले छात्र महमूद हसन देवबंदी थे। इसमें देश के कोने-कोने से करीब साढ़े चार हजार छात्र इस्लामी तालीम हासिल करते हैं। हर मुसलमान दारुल उलूम के साथ भावनात्मक तौर से भी जुड़ा है। दारुल उलूम कोई फतवा जारी करता है तो उसे हर मुस्लिम मानता है।

# उमेश पाल हत्याकांड: इस बार नहीं मार पाए तो मुंह मत दिखाना

## माफिया अतीक के बेटे अली ने शूटरों से कहा था

**प्रयागराज , एजेंसी।** उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या के मामले में दो दिन पहले आरोपी बनाए गए अतीक अहमद के बेटों उमर व अली के खिलाफ विवेचना में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में जेल भेजे गए अभियुक्तों ने बयान में बताया है कि अतीक से फेसटाइम पर होने वाली हर मीटिंग के बाद एक-एक बात की जानकारी जेल जाकर अली को दी जाती थी। पूर्व में दो बार प्लानिंग फेल होने के चलते एक बार गुलाम समेत अन्य शूटरों को उसने यह कहते हुए उकसाया भी था कि इस बार उमेश पाल को नहीं मार पाए तो दोबारा मुंह मत दिखाना।

सूत्रों के मुताबिक, हत्याकांड से पहले शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान ने नैनी जेल में जाकर अली से पांच बार मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ सदाकत भी था। सदाकत ने पूछताछ में पुलिस को जो बयान दिया है, उससे अली की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं। उसने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग करते थे। ऐसी ही एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी हुई थी जिसमें वह शामिल था।

**अली से मिलने के लिए नैनी जेल में गए थे शूटर:** इस मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य शूटर उसे लेकर नैनी जेल में अली से मिलने पहुंचे थे और उसे एक-एक बात की जानकारी दी थी। इसके अलावा शाइस्ता के चकिया कसारी मसारी स्थित कमरे में होने वाली मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य नैनी जेल में अली से मिलने गए थे। हत्याकांड से पहले आखिरी बार जेल में हुई मुलाकात में अली ने गुलाम व अन्य को उकसाया भी था। उसने इस बार कोई चूक होने पर दोबारा शक्ल न दिखाने की बात कही थी। इस बात को लेकर गुलाम बहुत आक्रोशित था और जेल से लौटते वक्त उसने यह भी कहा था कि इस बार किसी भी हालत में वह काम पूरा करके रहेगा।

### जेल में बयान के बाद चार्जशीट

सूत्रों का कहना है कि उमर व अली ने जेल से अपने भाई असद व शूटरों को दिशा-निर्देश भी दिए थे। अभियुक्तों के बयान के साथ ही नैनी व लखनऊ जेल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, जेल मुलाकाती रजिस्टर में की गई प्रविष्टि आदि ऐसे ही साक्ष्य हैं। फिलहाल इस मामले में अगली कार्रवाई दोनों अभियुक्तों का बयान दर्ज किया जाना है। विवेचक इस मामले में कोर्ट से अनुमति लेकर दोनों का बयान दर्ज करने नैनी व लखनऊ जेल में जाएंगे। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा सकता है।

### विवाहिता की गई जान: ससुराल लेकर गया था पति, चार घंटे बाद मिली मौत की सूचना; रोते-रोते मां हुई बेसुध

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के थाना हरीपर्वत क्षेत्र के वजीरपुरा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत हो गई। पति उसे मायके से ससुराल लेकर गया था। चार घंटे बाद ही विवाहिता की मौत की सूचना मिली तो मायके वालों के होश उड़ गए। एसएन अस्पताल पहुंची विवाहिता की मां ने जब बेटी की लाश को देखा तो रोते-रोते बेसुध हो गई। पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**यहां का है मामला:** ये मामला थाना हरीपर्वत क्षेत्र के वजीरपुरा का है। बताया गया है कि यासरीन की शादी वजीरपुरा क्षेत्र में हुई है। वो अपने मायके आई हुई थी। पति बृहस्पतिवार रात 8:00 बजे मायके से लेकर गया था। इसके बाद आज सुबह मायके वालों को खबर मिली कि उसकी मौत हो गई है।

**फंदे पर लटकी मिली लाश:** यासरीन की लाश फंदे पर लटकी मिली। परिवार के लोग उसे एसएन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां यासरीन की मां भी आ गई। बेटी की लाश को जैसे ही देखा तो वो रोते-रोते बेसुध हो गई। परिवार के अन्य लोगों ने उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**हत्या का लगाया आरोप:** मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर मध्य रेलवे के जीएम निरीक्षण करने पहुंचे, लोको पायलेट ने रखी समस्याएं



**कानपुर, एजेंसी।** सर खाना तो ठीक मिलता है। क्वालिटी भी बेहतर रहती है, लेकिन कभी-कभी तकिये और चादर गंदे आ जाते हैं। कई बार इनके पैकेट खुले मिलते हैं। यह समस्याएं लोको पायलट एससोसिएशन के पदाधिकारियों ने उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल के सुविधाओं के संबंध में पूछे गए सवाल पर बताई। महाप्रबंधक शुक्रवार की सुबह सेंट्रल स्टेशन, न्यू लोको पायलट रनिंग रूम, गोविंदपुरी, पनकी धाम का निरीक्षण करने आए हैं।

वह सुबह 9.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 के विशेष कोच से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतरे। उनके साथ प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी और मंडल के अन्य अधिकारी रहे। जीएम सबसे पहले न्यू लोकोपायलट रनिंग रूम देखने गए। वहां के कमरों, हॉल और रसोई घर का निरीक्षण किया। उन्होंने लोको पायलट से बातचीत की, जिस पर एक लोको पायलट ने इटेलियन टॉयलेट होने की वजह से समस्याएं बताई। उन्होंने कहा कि सुबह राजधानी और अन्य ट्रेन आती हैं। इटेलियन टॉयलेट की वजह से लाइन लग जाती है।

लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्यूटी से संबंधित रोस्टर और ड्यूटी चार्ट को लेकर आ रही दिक्कतों को रखा, जिस पर जीएम ने उनकी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। यहां से पहले जीएम ने रनिंग रूम के मेस और किचन का जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ से खाने की क्वालिटी, दही की मात्रा की जानकारी ली। किचन के अंदर बर्तन और अन्य सामान को चेक किया। यहां के बाद जीएम ने गोविंदपुरी स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा। वहां ठेकेदार और इंजीनियर से सवाल किए। कुछ यात्रियों से भी बातचीत की। यहां के बाद महाप्रबंधक पनकी धाम स्टेशन भी गए। वह दोपहर के बाद सेंट्रल स्टेशन में सिटी साइड चल रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सकते हैं। शाम को चौरी चौरा एक्सप्रेस से रवाना होंगे।

# कर्ज है तो किडनी बेच लो ना; 100 से ज्यादा गरीब बांग्लादेशी बने शिकार, बड़े कांड का खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बांग्लादेश के गरीब जरूरतमंदों को गुरुग्राम लाकर अवैध तरीके से जयपुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गुरुवार को एक होटल में छापा मारकर किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीज, डोनर और ट्रांसप्लांट करवाने के लिए आए 9 मरीजों को पकड़ा। रैकेट 100 से अधिक लोगों की किडनी निकालकर बेच चुका था। गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला मोहम्मद मुर्तजा अंसारी है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सरगना बीते कई सालों से यह गोरखधंधा चला रहा है। गिरोह की सक्रियता सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर और बांग्लादेश में है। पुलिस के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फेसबुक पेज और अपने नेटवर्क के जरिये कर्ज में डूबे बांग्लादेश के गरीब लोगों को रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए संपर्क करता था। पुलिस गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए सरगना की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने जगह-जगह अपने एजेंट बनाए हैं। वह किडनी लेने और देने वालों के पास इन एजेंटों को भेजता था। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे में बांग्लादेश का 24 वर्षीय शमीम मेहंदी असन मिला। उसने हिन्दुस्तान को बताया कि दुकान बेच देने के बावजूद उसका कर्ज नहीं उतरा। उसके बाद फेसबुक पर रुपये के बदले किडनी डोनेट के बारे में पता



चला। उसने ब्लड ग्रुप लिखने के साथ ही किडनी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। कुछ दिन बाद एक एजेंट ने उससे संपर्क किया। बांग्लादेश में मिलने के बाद उसने पूरी प्रक्रिया बताई। फिर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने संपर्क किया और चार लाख रुपये उसने देने का वादा किया। गिरोह ही मेडिकल वीजा पर बांग्लादेश से हवाई जहाज से दिल्ली लाया और गुरुग्राम के होटल में उसे रुकवाया गया। फिर उसे जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में लेकर गए और वहां पर कुछ टेस्ट करवाए।

सभी रिपोर्ट ठीक आने पर बीते सप्ताह उनकी किडनी निकालकर बांग्लादेश के 66 वर्षीय इस्लाम नुरुल को ट्रांसप्लांट कर दी गई। गिरोह स्वास्थ्य में सुधार के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बबील पैलेस होटल में मंगलवार को दोनों को वापस ले आया। शमीम ने बताया कि उसे एक किडनी देने के लिए बांग्लादेशी मुद्रा में चार लाख रुपये मिले। दो लाख रुपये पहले और दो लाख रुपये ट्रांसप्लांट होने के बाद मिले। उसने रोते हुए कहा कि सिर्फ कर्ज उतारने के लिए उसने किडनी दी। 17 फरवरी को भारत आए कुछ ऐसी ही बातें बांग्लादेश के रूबियल करीम ने बताई। उन्होंने बताया कि अपने 27 वर्षीय बेटे का किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए उन्होंने किसी के माध्यम से मोहम्मद मुर्तजा अंसारी से संपर्क किया। दस लाख रुपये में डोनर मिलने के बाद 17 फरवरी को भारत आए। गुरुग्राम में उन्हें रुकवाया गया, फिर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। वहां रिपोर्ट ठीक न आने पर उनको गुरुग्राम के होटल में ठहराया गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था। इसके लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख देता था। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराता था

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ब्लड रिलेशन या फिर किसी दूसरे से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए जिला स्तर पर बनी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। कमेटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने के बाद ही प्रकिया होती है, लेकिन बिना अनुमति लिए अवैध तरीके से ट्रांसप्लांट किया जा रहा था।

गिरोह 30 साल से कम उम्र वाले डोनर को ज्यादा तवज्जो देता था। इसकी वजह यह है कि उनका स्वास्थ्य अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठीक होता है। छापेमारी के दौरान होटल में जो डोनर मिले, उनकी उम्र 24-25 साल की है, जबकि जिन्हें किडनी की जरूरत थी, उनकी उम्र 32 से लेकर 66 के बीच में है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को राजस्थान की एसीबी से गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बबील पैलेस होटल में बांग्लादेशी लोगों के रुके होने की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह सात बजे संयुक्त टीम होटल में छापेमारी के लिए पहुंची। राजस्थान एसीबी मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

पुलिस ने होटल में मिले सभी नौ बांग्लादेशियों के मोबाइल फोन, ट्रांसप्लांट के दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त कर ली है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल शो पे चढ़ा क्रिकेट का बुखार, आए रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर बनकर मेहमान

**मुंबई, एजेंसी।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो, जिसका प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, पहले ही पूरी दुनिया में धूम मचा चुका है! इस शो को बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, और यह 14 देशों में ट्रेंड हो रहा है। इस शनिवार को कपिल शर्मा और उनकी पूरी टीम क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर का स्वागत करेंगेद्ध इन दोनों के साथ सेट पर खूब सारी चर्चा और हंसी मजाक देखने को मिलेगा दोनों खिलाड़ियों की घनिष्ठ दोस्ती साफ़ दिखाई दे रही थी, जब वो पूरे एपिसोड में एक दूसरे की खूब 'टांग-खिंचाई' कर रहे थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर के अनेक किस्से सुनाए। रोहित की गुगली से लेकर श्रेयस के सिक्सर तक, इन दोनों की बिंदास बातचीत और पहले कभी ना देखी गई मस्ती देखना ना भूलें। इस बातचीत ने नया मोड़ तब ले लिया, जब सुनील ग्रोवर ने इंजीनियर चुंबक मित्तल के रूप में आकर 'माहौल' को मनोरंजित कर दिया। उन्होंने सीधे-सीधे रोहित से इंडियन क्रिकेट टीम में जगह मांग ली (क्या!), हाँ, इतना जरूर माना की वो ओपनिंग बल्लेबाजी नहीं करना चाहते द्ध इस पर रोहित ने कहा, ओपनिंग तो भूल ही जाओ यार! सुनील फिर भी टीम में शामिल होने पर अड़े रहे और कहा कि वो निचले क्रम में 11वें नंबर पर भी बैटिंग करने को तैयार हैं, क्योंकि उनकी कौन सी बैटिंग आती है, और अगर बैटिंग आ भी गई तो मैं बोल दूंगा कि तुम्हारे दस कुछ नहीं कर पाए तो मैं क्या कर लूंगा। इस पर रोहित ने कहा, ये बात मोहम्मद शमी, बुमराह, ये सब हमको बोलते हैं। हम देखते हैं ना कि 10th या 11th नंबर जब बैटिंग करते हैं, हम बोलते हैं यार 10 रन बना ले भाई, उनकी भी यही थिंकिंग रहती है - तुम तो बना नहीं पाए, पर हमसे एक्सपेक्ट कर रहे हो!

### असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त

**कछार (असम)।** असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन रूं01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। आईजीपी, एसटीएफ ने बताया कि दस दिन पहले उन्हें इनपुट मलिा था कि पड़ोसी राज्य से ड्रग्स का बड़ा कन्साइनमेंट राज्य में आने वाला है, जहां से इसे दो बड़े शहरों में सप्लाई किया जाएगा।

### चुनाव अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की कार

**ऊटी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से सभी पार्टियां लोगों को लुभाने की कोशिश में है। इस बीच चुनाव में पैसे का गलत इस्तेमाल न हो इसके लिए चुनाव आयोग अपनी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में भी यही आलम है, यहां चुनाव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो रखे हैं। इसके चलते तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी की गाड़ी तक को चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने रोक दिया। चुनाव अधिकारियों ने गाड़ी की जांच के लिए कई देर तक इसे रोके रखा। चुनाव अधिकारी हर राज्य में दिखा रहे सख्ती लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग का उड़न दस्ता जगह-जगह जांच अभियान चला रहा है। चुनावों में गलत चीजों के इस्तेमाल को रोकने के लिए यह अभियान चला रहा है।

## दिल्ली की तीन लोकेशन, तीन पॉलिथीन बैग में मिले शव के टुकड़े, पुलिस ने कैसे सुलझाई रशियन शख्स की मर्डर मिस्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस को पॉलिथीन बैग्स मिले जिसके अंदर शरीर के टुकड़े थे, इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया गया है। तीनों स्थानों से मिले शरीर के अंगों का डीएनए टेस्ट कराया गया। जिससे पता चला कि यह एक ही शख्स के हैं। हालांकि मृतक की पहचान के लिए टेस्ट रिपोर्ट काफी नहीं थी। इसी बीच 28 जनवरी को पुलिस ने 41 साल के गौरव किशोर को गिरफ्तार किया जिसकी मदद से पुलिस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाई। माना जा रहा है कि सभी बॉडी पार्ट्स एक रशियन आदमी के हो सकते हैं, जो लापता है।

पिछले साल 21 और 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को राजधानी में तीन लोकेशन से तीन पॉलिथीन बैग जिले। इनमें बिना हाथों वाली बांह, लिंब्स, पुरुष का निचला धड़, और में गर्दन से जुड़ी छाती थी। जनवरी 2024 में डीएनए टेस्ट से पता चला कि ये सभी अंग एक ही व्यक्ति के थे। एक पुलिस अधिकारी ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, आरोपी ने दावा किया कि पिछले साल 20 दिसंबर को उसने एक रशियन आदमी की हत्या कर दी थी, जिसके साथ वह 2014-2023 तक तिहाड़ जेल में बंद था। उसने कहा कि पीड़ित स्पेशल सेल द्वारा दर्ज नशीले पदार्थों के केस के चलते जेल में था और अवैध तौर पर भारत में रह रहा था। किशोर ने कहा कि एक बार जेल से बाहर आने के बाद, रशियन व्यक्ति जबरन बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर में उसके किराए के घर में उसके साथ रहा।

अधिकारी ने कहा कि किशोर ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने रशियन शख्स की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे बहुत परेशान कर रहा था और यह असहनीय था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने एचटी को बताया कि आरोपी ने 2008 में एक इसी तरह हत्या की थी जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया है।

## कहीं झुलसाती धूप, कहीं झमाझम बारिश... 6 राज्यों में लू के थपेड़े कर देंगे जीना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है।

अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। बार-बार आने वाली गर्मी को लेकर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे वह खुद को बढ़ती गर्मी से बचा सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुहावना दिखा। बादलों के साथ तेज हवाओं के कारण सुबह के वक्त खिली हुई धूप नजर नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा अगले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और



त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में तेज झोंकेदार हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक हवा की गति 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यूपी में दिन की शुरुआत ही चिलचिलाती धूप से हो रही है। दिन के चढ़ते ही यहां का पारा भी बढ़ने लगता है। प्रदेश के हर शहर में दोपहर बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। नतीजा, तीक्ष्ण चिलचिलाती धूप ने सड़कों पर भीड़ कुछ देर के लिए कम कर दे रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहने का आसार जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में बारिश हो सकती है। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। केरल में भी हल्की बारिश की संभवाना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।आइएमडी आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट में भरेंगे जजों के खाली पड़े पद, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की पांच नामों की सिफारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से कर्नाटक हाईकोर्ट के पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के तीन अप्रैल के प्रस्ताव के अनुसार, हाईकोर्ट कॉलेजियम ने 20 जनवरी को सर्वसम्मति से सिफारिश की थी कि पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए और अतिरिक्त न्यायाधीश बसवराज का कार्यकाल एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में उल्लेख किया, ''कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उपरोक्त सिफारिश पर अपनी सहमति व्यक्त की है।''

इसने कहा, ''मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने और उपरोक्त प्रस्ताव पर समग्र विचार करने के बाद, कॉलेजियम का विचार है कि जस्टिस चेप्पुडिरा मोनप्पा पूनाचा, जस्टिस अनिल भीमसेन कट्टी, जस्टिस चंद्रशेखर मृत्युंजय जोशी, जस्टिस उमेश मंजूनाथभट अडिगा और जस्टिस तलकाड गिरिगौड़ा शिवशंकर गौड़ा स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए उपयुक्त एवं योग्य हैं।''

प्रस्ताव में कहा गया कि जहां तक जस्टिस बसवराज का संबंध है, तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम, हाईकोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश से पूरी तरह सहमत है और उसका मानना है कि वह एक वर्ष के नए कार्यकाल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के योग्य हैं। इसने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव पर दो सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं क्योंकि जस्टिस गवई यात्रा पर हैं।

## खुली अलमारी में लाश, बिखरा सामान; लिवइन पार्टनर फरार, दिल्ली के डाबड़ी में लड़की का मर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के डाबड़ी इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। लिव इन में रह रहे एक शख्स ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद अलमारी में शव छिपाकर फरार हो गया। युवती की पहचान 26 वर्षीय रुखसार राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 10.40 बजे डाबड़ी थाना पुलिस को गली नंबर-10, राजपुरी में एक युवती की हत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। खुली अलमारी के अंदर शव रखा मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। मेरठ निवासी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी बेटी गुजरात के सूरत में काम करती थी। उसके साथ वहां विपल टेलर नाम का एक शख्स भी काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और करीब डेढ़ माह पहले गुजरात से दिल्ली आकर लिव इन में रहने लगे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रुखसार ने इस बारे में उन्हें फोन पर बताया था।

पिता ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी बेटी ने उन्हें फोन किया था। वह रो रही थी और विपल के साथ रहने के फैसले पर अफसोस जता रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी ने उन्हें विपल द्वारा मारपीट करने की बात बताई थी। बुधवार शाम से ही रुखसार का फोन बंद हो गया था। इसके बाद उन्हें शक होने लगा और वह अपने भाई के साथ दिल्ली आ गए। यहां उन्होंने फ्लैट का गेट तोड़कर अंदर देखा तो उनकी बेटी का शव अलमारी में रखा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच से लग रहा है कि विपल और रुखसार के बीच झगड़ा हुआ था, क्योंकि फ्लैट में सारा सामान बिखरा पड़ा था। रुखसार के शरीर पर 15-16 चोट के निशान मिले हैं। चेहरे पर लगातार वार किए गए हैं। आरोपी ने गला दबाकर वारदात को अंजाम दिया।

## यमुना एक्सप्रेसवे से जल्द जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट, दिल्ली-एनसीआर के पैसेंजर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल से जोड़ने वाली 750 मीटर लंबी सड़क लगभग पूरी होने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंटर से 40 किलोमीटर लंबे सर्विस रोड का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट से सितंबर में उड़ान प्रस्तावित हैं।

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सर्विस रोड का निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। यह सर्विस रोड 40 किलोमीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी है। इसे भविष्य में 100 मीटर तक चौड़ा किए जाने की भी संभावना है। पिछले एक माह में नौ किलोमीटर तक सर्विस मार्ग का निर्माण किया गया। सर्विस मार्ग पर 32 स्थान ऐसे




चिह्नित किए गए थे, जहां टुकड़ों में सड़क का काम अधूरा था। टीम ने 18 स्थानों से अवैध निर्माण हटवाकर वहां सड़क बनवाई। 12 शेष प्वाइंट पर निर्माण कार्य तेजी से होने का दावा है। इस सर्विस रोड के बनने से यमुना एक्सप्रेसवे पर भी यातायात का दबाव कम हो जाएगा। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक मालवाहक वाहनों से ढुलाई के लिए उत्तर पूर्वी दिशा में सड़क बननी है। यमुना एक्सप्रेसवे से कार्गो टर्मिनल तक बनने वाली इस सड़क की कुल लंबाई 10 किलोमीटर होगी। इसके लिए चार गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा और दस्तमपुर की कुल 7.4880 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज और 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण हो रहा है। इसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है। एक्सप्रेसवे पर 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज बन जाने से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आगरा की तरफ से आने वाले यात्री बिना किसी रुकावट के सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट तक बन रही सड़क इंटरचेंज के जरिए यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगी।

### केरल के कन्नूर में ब्लास्ट, दो लोग घायल

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर में पनुर इलाके में शुक्रवार को हुए धमाके में दो युवक घायल हो गए। यह घटना रात 1 बजे के करीब हुई। पनुर थाने के एक अधकिारी ने बताया कि धमाके में दो आदमी घायल हुए है। इस मामले में जांच की जा रही है कि यह कैसे हुआ। वहीं, इस बारे में और जानकारी देने से पुलिस ने मना कर दिया। पुलिस अधकिारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज जारी है।

### चुनाव आयोग का आतिशी को नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेजा है। उन्हें सोमवार तक जवाब देने को कहा गया है। आतिशी ने आरोप लगाया था कि उनके एक नजदीकी के माध्यम से भाजपा में शामिल नहीं होने पर गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई थी। भाजपा नेता ओम पाठक ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी।



## शशांक सिंह ने सुनाई जादुई पारी के पीछे की कहानी

# मैं बॉलर का नाम नहीं देखता...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में 29 गेंदों पर 61 रनों की नॉटआउट पारी खेली। पंजाब किंग्स के इस बैटर ने गुजरात टाइटन्स के जबड़े से जीत छीनी और फिर मैन ऑफ द मैच भी चुने गए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 17वां मैच गुजरात टाइटन्स वर्सेस पंजाब किंग्स था, जहां आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। एक समय ऐसा लग रहा था कि पंजाब किंग्स यह मैच हार जाएगा, लेकिन इसके बाद शशांक और आशुतोष शर्मा ने मिलकर मैच का पूरा सीन ही बदल दिया। दोनों अनकैप्ड खिलाड़ियों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स के अनुभवी गेंदबाजी की क्लास लगाई, वो देखकर हर कोई बस दंग ही रह गया।

शशांक ने मैच के बाद कहा कि वह गेंदबाज का नाम नहीं देखते हैं, बस गेंद देखते हैं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलते हैं। मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद शशांक ने कहा, अभी भी कोशिश कर रहा हूं कि यह अहसास पूरी तरह अंदर समा जाए। मैं इस तरह की चीजों को इमैजिन तो करता हूं लेकिन इस तरह की पारी सच में खेलना बहुत शानदार अनुभव है। मैं क्रिकेटिंग शॉट्स खेलता हूं। मैं नंबर-7 पर बैटिंग करता हूं, लेकिन इस मैच में मैंने नंबर-5 पर बैटिंग की। बाउंस काफी अच्छा था, दोनों टीमों ने 200 तक रन बनाए, तो विकेट तो अच्छा था।

गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज लीजेंड्स हैं, लेकिन मैं गेंदबाज का नाम नहीं देखता हूं। मैं गेंद पर रिऐक्ट करता हूं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलता हूं। इससे पहले पिछ्ले के पिछ्ले साल सनराइजर्स हैदराबाद से ज्यादा मैच नहीं मिल पाए थे, लेकिन यहां कोचिंग स्टाफ और मैनेजमेंट ने मुझे बैक किया और मैं बहुत कॉन्फिडेंट था।

## विल जैक्स को मौका देगी आरसीबी?



**जयपुर,एजेंसी।** खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को आईपीएल 2024 के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका।

### विक जैक्स को मौका देगी आरसीबी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है।

चेस

## फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रगनानंदा, वैशाली के सामने कड़ी चुनौती



**टोरंटो, एजेंसी।** टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रगनानंदा कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ करेंगे। वहीं, ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। गुकेश को शुरुआती हाफ में सफेद मोहरों से खेलते हुए फायदा उठाना होगा। विदित के लिए मोहरों का रंग अधिक मायने नहीं रखता और वह अच्छी स्थिति का फायदा उठाने के लिए जाने जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो कारुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी।

प्रगनानंदा ने कहा, यह रोमांचक होने वाला है। टाइम कंट्रोल का मतलब है कि हमें घड़ी पर भी नजर रखनी होगी क्योंकि शुरुआती 40 चाल तक समय में कोई इजाफा नहीं होगा।

### प्रगनानंदा का पलड़ा भारी

टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। युवा भारतीय खिलाड़ी को उलट मुकाबलों में सफेद मोहरों से खेलने को मिलेगा।

### वैशाली के सामने हंपी की चुनौती

महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी। 21 साल की वैशाली प्रगनानंदा की बड़ी बहन हैं। टूर्नामेंट के 'टाइम कंट्रोल' के अनुसार, दो घंटे में 40 चाल होंगी और बाकी मुकाबले के लिए 30 मिनट का समय होगा जिसमें 41वीं चाल से प्रत्येक चाल के बाद 30 सेकंड जोड़े जाएंगे। रूस की दो खिलाड़ी एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना और कैटरीना लेगनो भी पहले दौर में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

## पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ, एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा। भारत ने आखिरी बाद



2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

## मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे सूर्यकुमार यादव

**मुंबई, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव शुक्रवार शाम तक मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे। वह एड़ी की चोट से उबर रहे थे और फ़िलहाल एनसीए बेंगलुरु में थे। उन्होंने इस साल आईपीएल में अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। हालांकि अभी तक यह



नहीं पता चल पाया है कि वह दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ रविवार को होने वाले मैच के लिए पूरी तरह फ़िट हैं या नहीं। सूर्यकुमार अंतिम बार दिसंबर 2023 में क्रिकेट के मैदान में उतरे थे। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ इस मैच के दौरान उन्हें एड़ी की चोट लगी थी। इसके अलावा हाल ही में उनकी स्पोर्ट्स हार्निया की भी सर्जरी हुई थी। फ़िलहाल शुरुआती तीनों मैच हारकर मुंबई अंक तालिका में सबसे नीचे है।

## बैडमिंटन : अनमोल सहित पांच भारतीय कजाखस्तान चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में, देविका-अनुपमा का शानदार प्रदर्शन



**अस्ताना, एजेंसी।** एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया। सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया।

17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब सहित पांच भारतीय शटलरों ने कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है

। अनमोल के अलावा देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीय तान्या हेमंत और इशारानी बरुआ भी महिला एकल के अंतिम-8 में प्रवेश कर लिया। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया।

सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया। अब उनकी टक्कर हमवतन अनुपमा से होगी जिन्होंने चेक गणराज्य की पांचवीं वरीय टेरेजा को पराजित किया। सातवीं वरीय तान्या ने इस्राइल के सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी। इशरानी ने न्यूजीलैंड के टिफनी हो 21-10, 20-14 से पराजित किया।



## जहां तक रोहित शर्मा को जानता हूं, वो मुंबई इंडियंस को लीड करेंगे लेकिन...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे या फिर मुंबई इंडियंस का साथ ही छोड़ देंगे? इन सवालों के जवाब तो समय आने पर ही मिलेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया और इसके बाद से जो बवाल शुरू हुआ है, वो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में इकलौती ऐसी टीम है, जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। लगातार तीन हार के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर है।

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ जाएंगे, वहीं पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि लगातार तीन हार के बाद हो सकता है कि मुंबई इंडियंस एक बार फिर से रोहित शर्मा को ही कप्तानी सौंप दे। इन सबके बीच पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का सोचना तो सबसे ज्यादा अलग है।



## गुजरात को लगा बड़ा झटका, अगले 2 सप्ताह तक टीम का हिस्सा नहीं होंगे मिलर!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को हार का सामना करना पड़ा. शिखर धवन की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया. वहीं, अब गुजरात टाइटंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. दरअसल, गुजरात टाइटंस के दिग्गज मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज डेविड मिलर तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान से दूर रहेंगे.

इस वक्त डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं. डेविड मिलर का बाहर होना शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन ऐसा माना जा रहा था कि वह अगल मैच तक फिट हो जाएंगे, लेकिन अब गुजरात टाइटंस मैनेजमेंट और फैंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस ने केन विलियमसन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया. केन विलियमसन ने 22 गेंदों पर 26 रनों का योगदान दिया. केन विलियमसन ने मिड इनिंग ब्रेक में बताया कि डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं, वह तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान पर नजर नहीं आएंगे.

**पंजाब किंग्स के खिलाफ हारी गुजरात टाइटंस...**

पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रनों का स्कोर बनाया. गुजरात टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 48 गेंदों पर 89 रन बनाए. वहीं, इसके जवाब में पंजाब किंग्स ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया. पंजाब किंग्स के लिए शशांक सिंह ने सबसे ज्यादा 29 गेंदों पर 61 रन बनाए. जबकि आशुतोष शर्मा ने 17 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया.

## एक नजर

### 27.4 लीटर देसी मसाला शराब बरामद

**जम्होर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड में जम्होर थाना क्षेत्र के मोर डिहरी स्थित चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक निगरानी टीम(एसएसटी) द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान टेम्पु से 200 एमएल का 137 पीस कुल 27.4 लीटर देसी शराब(मसाला) टेट्रा पैक के साथ टेम्पो चालक को गिरफ्तार किया है। मामले में कांड दर्ज पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### सीबीएसई बडिंग ऑथर प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**औरंगाबाद (का.सं.)।** सीबीएसई की ओर से स्कूली बच्चों के बीच किताबें पढ़ने की कौशल को बढ़ाने के साथ ही लिखने में महारत हासिल कराने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का नाम 'सीबीएसई बडिंग ऑथर प्रोग्राम' है। जिसके लिए आज से रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो गई है। बच्चे क्रिएटिव और शॉर्ट कहानियों को जमा करेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की बेस्ट स्टोरीज को स्कूल की ओर से प्रकाशित भी किया जाएगा। हिंदी या अंग्रेजी दोनों में अपनी कहानियां सबमिट कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता तीन कैटेगरी में आयोजित होगी। सीबीएसई अकादमिक वेबसाइट https://cbseacademic.nic.in/ पर प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के समय हर एक छात्र को एक यूनिक लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा। जिसका इस्तेमाल वे सीबीएसई रीडिंग ऐप पर अपनी कहानियां सबमिट करने के लिए करेंगे। सीबीएसई की ओर से हर स्कूल से रजिस्ट्रेशन की संख्या की कोई सीमा नहीं रखी गई है।

### आनंद मोहन बोले- कांग्रेस ने पप्पू यादव का करियर बर्बाद किया

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा 2024 में बिहार के सियासी समर में पूर्णिया सबसे हॉट सीट बनी हुई है। पप्पू यादव ने निर्दलीय इस सीट से कल ही पर्चा भरा है। महागठबंधन की ओर से राजद की बीमा भारती उम्मीदवार हैं। कांग्रेस में अलग-थलग पड़ चुके पप्पू यादव को अब आनंद मोहन का साथ मिला है। दोनों बाहुबली नेता कभी एक-दूसरे के धुर विरोधी माने जाते थे। वहीं अब आनंद मोहन पप्पू यादव के समर्थन में उतर गए हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने पप्पू यादव का करियर बर्बाद कर दिया है। पहले तो पार्टी का विलय करा दिया गया। इसके बाद लालू प्रसाद के सामने घुटने टेक दिए। वहीं लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद सुप्रीमो युवा को आगे नहीं आने देना चाहते हैं। इस वजह से पप्पू यादव को टिकट नहीं दिया गया है। पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर 4 अप्रैल को नामांकन किया। पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर 4 अप्रैल को नामांकन किया। आनंद मोहन ने शिवहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लालू प्रसाद प्रसाद पर हमला बोला है। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि कांग्रेस ने बिहार में खुद को अप्रासंगिक बना लिया है। पप्पू यादव को शामिल किया, उनकी पार्टी का विलय किया अब स्टैंड लेने का हिम्मत क्यों नहीं दिखा रही। लालू यादव नहीं चाहते कि युवा लीडरशिप सामने आए। पप्पू यादव हो, कन्हैया हो या कल को चेतन आनंद हो, लालू नहीं चाहते हैं कि तेजस्वी के सामने कोई लीडरशिप हो।

### सुशील मोदी के स्वास्थ्य के लिए महामृत्युंजय अनुष्ठान



**पटना (नि.सं.)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कंकड़बाग स्थित पंचशिव मंदिर में शुक्रवार से तीन दिवसीय महामृत्युंजय महामंत्र का अनुष्ठान शुरू किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कुम्हरार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। सिन्हा ने बताया कि अनुष्ठान 8 अप्रैल तक चलेगा। इसमें कुम्हरार विधानसभा के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए एवं सुशील मोदी के आरोग्य होने की कामना की। मुख्य रूप से महाराज महतो, मनोरंजन सिंह, अरुण माइकल, दिलीप मिश्रा, सुमित कुमार श्रीवास्तव, हीरा सिंह, संजय ठाकरे, अजय राय आदि शामिल हुए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने जिले के कई पंचायतों का किया निरीक्षण

**लोगों को सुनी समस्याएं मतदान करने के लिए किया जागरुक**

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 में जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसके तहत जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्नाजी मेश्राम के नेतृत्व में पदाधिकारियों की टीम अलग-अलग प्रखंडों में जाकर मतदाताओं से बात कर वोट प्रतिशत बढ़ाने एवं मताधिकार का प्रयोग करने तथा व्याप्त समस्याओं के बारे में भी अवगत हो रहे हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बेरी पंचायत के घोरहट भुइयां टोला तथा गांधीनगर का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीण एवं मतदाताओं से जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए।



इसके पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने खिरियावा पंचायत स्थित मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां पर उपस्थित मतदाताओं ने भी विभिन्न समस्याओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं को प्रजातंत्र में मतदान के महत्व को विस्तृत से बताया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को वोट करने की अपील की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतान कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक 2 मदनपुर अमित कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा मदनपुर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना वाद के पीड़ित को मिला 2.75 लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने शुक्रवार को ओबरा थाना कांड संख्या 126/21 के घायल अरंडा निवासी बबन शर्मा को 2.75 लाख का मुआवजा प्रदान किया। सचिव ने बताया कि 09 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 04/22 का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। उन्होंने बताया कि बबन शर्मा को मोटर साइकिल संख्या बीआर 26 आर 2451 ने धक्का मार दिया था, जिससे वें गभीर रूप से जख्मी हो गये थे। वही चेक प्रदान करते समय जिला जज ने पीड़ित को कहा कि चेक से संबंधित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करें, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



## दर्जनों युवाओं ने ली बीजेपी की सदस्यता

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद व बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के यहां स्थित आवास पर शुक्रवार को उनके समक्ष गया जिले के डुमरिया के कुशहा गांव के दर्जनों युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सभी लोगों को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई देते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभी लोगों ने पार्टी में शामिल होने पर कहा कि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के साथ साथ सांसद सुशील कुमार सिंह को अपार बहुमत से चुनाव जिताने के लिए संकल्पित है। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह, जिला महामंत्री मुकेश सिंह, पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह एवं भाजपा नेता संजीव पाठक आदि उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में योगेन्द्र सिंह, संजय राम, चरित्र राम, शम्भु राम, बिंदेश्वरी राम, सुदय दास, राजू कुमार सहित अन्य शामिल है।



## राजमिस्त्री की हुई मौत ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मो. एनुल शाह (34) की मौत हो गई।जबकि बाइक पर सवार मजदूर रमजान अंसारी, समीद खां घायल हो गए।घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। सभी उदय भानचक गांव के निवासी है।शुक्रवार की दोपहर मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ ग्रामीणों ने सिहाड़ी में मुख्य सड़क को जाम कर दिया।घटनास्थल पर हसपुरा व दाउदनगर के थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंचे और नियम के तहत मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर जाम हटा। बताया जाता है कि मृतक सुबह बाइक से काम करने के लिए औरंगाबाद जा रहे थे। ज्योंही जिनोरिया पहुंचे कि मुख्य पथ पर ही पीछे से एक अज्ञात डम्फर ने धक्का मार दिया। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तबतक चालक डम्फर लेकर फरार हो गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य धनन्जय सिंह, डॉ. देवलाल पासवान, रामजीत राम आदि कई मौजूद थे।

## देव छठ मेला में 400 स्काउट-गाईड्स की विधि व्यवस्था संधारण में हुई प्रतिनियुक्ति



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव में लगने वाले चार दिवसीय चैती छठ मेले में विधि व्यवस्था संधारण में भारत स्काउट एंड गाइड के 400 स्काउट-गाईड्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार ने बताया कि प्रतिनियुक्त स्काउट-गाईड्सचैती छठ मेला में 12 से 15 अप्रैल तक विधि व्यवस्था संधारण में जिला प्रशासन को सहयोग करेंगे। स्काउट-गाइड पूरे छठ मेला क्षेत्र में एक तरफ रास्ता नियंत्रण, सूर्यकुंड, सूर्य मंदिर आदि स्थानों पर छठ व्रत्तियों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन को सहयोग करेंगे। साथ ही नियंत्रण कक्ष एवं भूले भटके को उचित स्थान पर पहुंचाने का भी कार्य करेंगे।

## अंबेडकर जयंती की तैयारी को ले बैठक संपन्न

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने ढोसिला पंचायत के अदलपुर गांव में बैठक की। अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को लेकर रफीगंज के 23 पंचायत के सभी गांव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शांतिपूर्ण तरीके से जयंती मनाई जाएगी। झांकी धूमधाम से निकाली जाएगी। इस अवसर पर अदलपुर के वार्ड सदस्य अरविंद कुमार, सुरेंद्र राम, रामपति राम, लालदेव पासवान, उमेश पासवान, सुनील दीप, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र पासवान, गणेश पासवान, राजेश राजेश दास, प्रमोद ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्थरी के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत पर दर्ज हुई प्राथमिकी

निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज शहरी क्षेत्र में कासमा रोड स्थित अपोलो इमरजेंसी अस्पताल में बिजुलिया गांव की 60 वर्षीय महिला सोनरवा देवी की मौत पर मृतका के पुत्र विनेश प्रजापति ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि मां सोनरवा देवी को पथरी का ऑपरेशन करने के लिए रफीगंज-कासमा रोड स्थित अपोलो इमरजेंसी अस्पताल में डॉ. सुरजीत कुमार चंद्रवंशी के पास भर्ती करवाया। पथरी का ऑपरेशन डॉक्टर सुजीत कुमार ने 3 अप्रैल को किया। ऑपरेशन के बाद मरीज को ऑपरेशन थिएटर से बाहर निकाला गया तो वह बेहोश थी। जब कुछ समय बाद होश आया तो वह काफी घबराहट एवं दर्द में थी। जब हम डॉक्टर से बोले कि हालत खराब होती जा रही है। तो वह बोले कि ऑपरेशन के बाद कुछ देर ऐसा ही होता है। लेकिन हालत में सुधार न होकर और लगातार बिगड़ती जा रही थी।

## डीएम-एसपी ने कम वोटिंग वाले इलाकों का लिया जायजा



निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के डीएम श्रीकांत शास्त्री एवं एसपी स्वपना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को मदनपुर थाना क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लोगों से कम मतदान के कारणों पर विवेचना कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 एवं संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सहयोगी ही निकला गैस वेंडर रंजीत का हत्यारा

**पटना (नि.सं.)।** पटना पुलिस ने गैस वेंडर रंजीत हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। रंजीत के सहयोगी राहुल ने ही 30 हजार रुपए की सुपारी देकर उसकी हत्या कराई थी। पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता राहुल समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान राहुल ने पुलिस को बताया कि वो रंजीत के साथ करीब 3 सालों से काम कर रहा था। रंजीत हमेशा मेरे साथ गाली गलौज करता था। कुछ दिन पहले मेरा पैर टूट गया था, उस दौरान भी रंजीत ने बहुत तंग किया था।

## राजकीय अभियंत्रण में पैरेंट-टीचर्स मीट संपन्न



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शुक्रवार को पैरेंट-टीचर्स मीट आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए मीटिंग के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मीटिंग के माध्यम से छात्रों के परफॉर्मेंस एवं उनकी उपस्थिति में काफी सुधार होगा। इससे छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। महाविद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज प्रो. चंदन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के रिपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, प्लेसमेंट, स्टार्टअप, सोशल क्लब एवं उपलब्धियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राय चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ. सचिन माहेश्वर, प्रो. अविनाश कुमार, प्रो. कृष्णकांत चौबे, प्रो. निर्भय कुमार एवं प्रो. विदिशा शाहू ने भी अभिभावकों के समक्ष पैरेंट टीचर्स मीटिंग की महत्ता को रखा। इसके बाद बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावकों के समक्ष रखा। साथ ही अभिभावकों से फ़ीडबैक फॉर्म भी भरवाया, जिसमे उनसे महाविद्यालय के विकास एवं उत्तम शिक्षण व्यवस्था हेतु राय ली गई। महाविद्यालय में आए अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को काफी सराहा और कहा कि इस तरह के रेगुलर पैरेंट टीचर मीटिंग से बच्चों के परफॉर्मेंस में निश्चित ही सुधार होगा। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर के एसडीओ मनोज कुमार एवं एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने शुक्रवार को रामनवमी के मद्देनजर रामनवमी समिति के सदस्यों के साथ शांति-समिति बैठक एसडीओ कार्यालय में की। साथ ही उन्हें 144 सीआरपीसी के आदेश, एससीसी के नियम के बारे में बताया।

### चारा घोटाला मामले में दो गवाहों का बयान कलमबंद

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मुख्य मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष अदालत में अपने 90वें एवं 91वें गवाह का बयान आज कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 90वें गवाह के रुप में एक बैंककर्मी कृष्ण कुमार सिन्हा को पेश किया था जबकि 91वें गवाह के रूप में बजट शाखा के प्रशाखा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश सहाय को पेश किया गया।

## छेड़छाड़ के मामले में छात्रा ने कराई प्राथमिकी

निज संवादददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सबंध में पीड़ित छात्रा ने गोह थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना में दिए आवेदन में पीड़ित छात्रा ने कहा है कि मैं कोचिंग करने जाती थी तो गोह के विनोबा बिगहा गांव निवासी विनोद सिंह चंद्रवंशी के पुत्र सचिन कुमार लगातार उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करते रहता था।परिजनों व पुलिस से शिकायत करने पर मेरे पूरे परिवार को हत्या करने की धमकी देता है। छात्रा ने यह भी कहा है कि इसकी जानकारी जब मैंने अपने परिजनों को दी तो मेरे उन्होने आरोपी के पिता से शिकायत की।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय




लम्पी त्वचा रोग
(Lumpy Skin Disease)



गोवंशीय पशुओं का लम्पी त्वचा रोग के विरुद्ध घर–घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण अभियान

दिनांक: 30 मार्च, 2024 से टीकाकरण प्रारम्भ

PR No.- 000057 (Animal)D. 2024-25

पशुओं में लम्पी त्वचा रोग से बचाव हेतु गौ–जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव / शहर में निजी टीकाकर्मियों द्वारा घर–घर जाकर किया जा रहा है।

कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने गाय को लम्पी त्वचा रोग से बचाऐं

किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है।
कार्यक्रम की विशेष जानकारी पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2226049 से प्राप्त की जा सकती है।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित